दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025 | शुक्ल पक्ष-द्वदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 15 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

एंटी नक्सल ऑपरेशन : छत्तीसगढ़ और तेलांगना की सीमा पर 72 घंटे से मुठभेड़ जारी, 5 नक्सली ढेर और तीन महिला नक्सलियों के शव बरामद

नम्बी पहाड़ी पर जुटे थे छत्तीसगढ़-तेलंगाना के नक्सली नेता और कमांडर

लाल सलाम पर अंतिम वार

300 नक्सलियों को 5000 जवानों ने घेरा

- पहली बार वायुसेना के हेलिकॉप्टर भी शामिल
- जवानों को गोला बारूद और रसद की आपूर्ति
- डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा, सीआरपीएफ, बस्तर फाइटर, सी60, आंध्र के ग्रेहाउंड्स फोर्स के जवानों के साथ वायु सेना भी शामिल

- नक्सलियों पर जमीन और हवा से एक साथ बड़ा हमला
- चल रहे नक्सल ऑपरेशन से घबराकर आगे की रणनीति बनाने के लिए जुटे थे

कमलेश्वर सिंह पैकरा

बीजापुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का संकल्प है 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश को नक्सल मुक्त कर देंगे। जिसे आत्मसात करते हुए साय सरकार और अर्द्धसैनिकों बलों द्वारा लगातार नक्सल के खिलाफ चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बीजापुर जिले की दुर्गम नम्बी पहाड़ी (कर्र गुट्टा) पिछले तीन दिनों से सुरक्षा बलों से घिरी हुई है। इलाके में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच बीते 72 घंटों से अधिक समय से रुक-रुक कर भीषण गोलीबारी जारी है। मारे गए पांच नक्सलियों में तीन महिला नक्सली के शव बरामद हुए है। इनके पास से भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार भी मिले हैं। हालांकि अभी तक किसी सुरक्षाकर्मी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार पांच माओवादियों के मारे जाने की खबर है। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो नम्बी पहाड़ी, जिसे स्थानीय रूप से कर्र गुट्टा के नाम से जाना जाता है, पड़ोसी राज्य तेलंगाना तक विस्तृत और अत्यधिक दुर्गम भूभाग होने के कारण लंबे समय से नक्सलियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। हाल ही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वायुसेना भी नक्सल ऑपरेशन में हुई शामिल

नक्सल विरोधी इस बड़े ऑपरेशन में सुरक्षा बलों को वायुसेना के हेलीकॉप्टरों से भी मदद मिल रही है। इस कार्रवाई में छत्तीसगढ़ पुलिस के विशेष बल डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के साथ-साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा बटालियन, राज्य पुलिस की एसटीएफ तेलंगाना राज्य के विशेष पुलिस बल ग्रेहाउंड्स और महाराष्ट्र के सी-60 कमांडो शामिल हैं।

खुफिया इनपुट पर जवानों ने घेरा

सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा बलों को इस इलाके में सैकड़ों की संख्या में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा बलों को यहां माओवादियों के कुछ शीर्ष और खूंखार कैडरों, जिनमें हिड़मा, देवा, सहदेव और केशव जैसे बड़े नाम शामिल हैं, के भी मौजूद होने की सूचना मिली है। इस घटनाक्रम पर अभी सुरक्षा बलों की ओर से विस्तृत जानकारी का इंतजार है। इलाके में जारी मुठभेड़ और सुरक्षा बलों की कार्रवाई पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

नक्सलियों की कई कंपनियां मौजूद

इस इलाके में नक्सलियों की बटालियन नंबर 1, 2 समेत अन्य कंपनियां सक्रिय हैं। बड़े नेता हिड़मा, देवा, विकास समेत तेलंगाना-महाराष्ट्र-आंध्र की सेंट्रल कमेटी, दंण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी, डिविजनल कमेटी मेंबर, एरिया कमेटी मेंबर, संगठन सचिव जैसे बड़े कैडर्स ते नक्सली भी यहां मौजूद हैं।

अब लाल आतंक का होगा अंत- बस्तर आईजी सुंदरराज पी

बस्तर आईजी सुंदरराज पी बोले-अब लाल आतंक का अंत होगा। बीजापुर-तेलंगाना सरहदी इलाकों में बड़ा ऑपरेशन जारी है। उन्होंने कहा कि, चाहे नक्सली आकाश में छिपें या पाताल में अब उनका खात्मा होगा। वे किसी भी हाल में नहीं बक्शे जाएंगे।

आज बेबाक

पाकिस्तान ने पहले पुलवामा और पठानकोट और अब पहलगाम में पाप किया है। उसका दुष्परिणाम उसे भुगतना ही पड़ेगा। हर भारतीय खून के बदले खून का ख्वाहिशमंद है और पाकिस्तान को कब्रिस्तान के रूप में तब्दील होता देखना चाहता है। उसके गुनाहों का हिसाब तो जरूर होगा। यही वजह है कि पाकिस्तान घबराया हुआ है और भारत को गीदड़ भभकी दे रहा है। भारत निश्चित रूप से पाकिस्तान के खिलाफ कुछ बड़ा करेगा और ऐसा करेगा की पाकिस्तान की सात पुश्तें याद रखेंगी। फिलहाल पाकिस्तान का हुक्का पानी बंद कर भारत ने ट्रेलर दिखाया है। पूरी पिक्चर अभी बाकी है।

पाक हिरासत में जवान, फोटो की जारी, फ्लैग मीटिंग के बाद भी नहीं किया रिहा

फिरोजपुर (ए.)। पंजाब के फिरोजपुर में बुधवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जीरो लाइन पार कर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान सरहद लांघ कर पाकिस्तान चला गया था। जवान को पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में लिया गया। वहीं आंख पर पट्टी बंध फोटो जारी की है। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी जवान को अभी तक रिहा नहीं किया गया है। बीएसएफ का जवान गलती से सीमा के उस पार चला गया था। जवान को वापस लाने के लिए बीएसएफ के अधिकारी पाकिस्तान रेंजर्स के बात कर रहे हैं। बीएसएफ एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जवान की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए फ्लैग मीटिंग बुलाई गई है। यह बैठक फिरोजपुर बॉर्डर पर होगी।

पाक रेंजर्स के साथ फ्लैग मीटिंग

मधुबनी में दहाड़े पीएम

अब आतंकियों को कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी : मोदी

○ देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है

मधुबनी(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भारत की आत्मा पर हमला बताया और देश की 140 करोड़ आबादी की इच्छाशक्ति के संबल से दहाड़ते हुए आज कहा कि अब आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है और आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी।

मोदी ने गुरुवार को यहां झंझारपुर के लोहना पंचायत में पंचायती राज स्थापना दिवस पर आयोजित सभा में 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा, यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है। देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है उन आतंकियों को और इस हमले की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ लिए निर्णय

भारतीय उड़ानों के लिए वायु सीमा बंद, व्यापार पर रोक

○ सीमा के रास्ते आवागमन, सार्क वीजा और राजनयिक मिशनों के कर्मचारियों में कटौती

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइन्स कंपनियों द्वारा परिचालित विमानों के लिए अपनी वायु सीमा को तत्काल प्रभाव से बंद करने और भारत के साथ सीधे या किसी अन्य देश के रास्ते सभी प्रकार का व्यापार बंद करने की गुरुवार को घोषणा की। पाकिस्तान ने इसके साथ ही भारत के बुधवार के फैसलों के जवाब में उसी तरह सीमा के रास्ते आवागमन, सार्क वीजा और राजनयिक मिशनों के कर्मचारियों की संख्या में कटौती की भी घोषणा की है। पाकिस्तान ने यह निर्णय मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी घटना के बाद अपने खिलाफ भारत द्वारा विभिन्न कदमों के जवाब में किया है।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की यहां हुई बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया कि समिति ने पाकिस्तान ने भारत के साथ लगे वाघा सीमा चौकी के मार्ग को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आतंकियों की कायराना हरकत से प्रदेश ने अपना बेटा खोया : साय

■ परिजनों से मुलाकात कर दिया सरकार की ओर से सहायता का भरोसा

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दिवंगत प्रदेश के कारोबारी दिनेश मिरानिया के अंतिम संस्कार में शामिल होकर पार्थिव शरीर को कंधा दिया। उन्होंने स्वर्गीय दिनेश मिरानिया के पार्थिव देह पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साय ने शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। साय ने कहा कि स्वर्गीय मिरानिया के पावन स्मृतियों को सहेजने और चिर स्थायी बनाने लिए सरकार किसी सड़क या चौक को उनके नाम पर करने की बात कही। श्री साय ने कहा कि आतंकवादियों की इस कायराना हरकत ने देश की आत्मा पर चोट किया है। पूरे प्रदेश के लिए भी यह दुख और पीड़ा का क्षण है।

राष्ट्रपति मुर्मू से मिले अमित शाह और जयशंकर

नई दिल्ली(ए.)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आज केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे, वहीं कांग्रेस पार्टी ने मांग की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बैठक की अध्यक्षता करें। इस बैठक से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की है। सर्वदलीय बैठक से पहले अमित शाह और विदेश मंत्री जयशंकर इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनको पहलगाम आतंकी हमले की जानकारी दी है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने कई अहम फैसले लिए हैं।

मेयर चुनाव का बहिष्कार करेगी आप : ओबेरॉय

नई दिल्ली(वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को होने जा रहे दिल्ली नगर निगम के महापौर और उप महापौर के चुनाव का पूरी तरह से वहिष्कार करने का एलान किया है।'आप' की नेता एवं दिल्ली की पूर्व मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने गुरुवार को कहा, पार्टी इस बार मेयर व डिप्टी मेयर के चुनाव में भाग नहीं लेगी। अब दिल्ली में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार है। केंद्र और राज्य के अलावा अब निगम में भी भाजपा का बहुमत है। अब भाजपा पूरी तरह से दिल्ली को संभाले। हमें उम्मीद है कि भाजपा दिल्ली की जनता से किए अपने सारे वादों को पूरा करेगी और कोई भी बहाना नहीं बनाएगी। आम आदमी पार्टी विपक्ष की भूमिका बड़ी रचनात्मक तरीके से निभाएगी और भाजपा को उसकी जिम्मेदारी याद दिलाएगी।

वायुसेना ने राफेल और सुखोई-30 के साथ किया युद्धाभ्यास

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) केंद्रीय सेक्टर के एक बड़े क्षेत्र में एक युद्धाभ्यास कर रही है। जिसका नाम आक्रमण रखा गया है। वायुसेना के इस युद्धाभ्यास में मुख्य लड़ाकू विमान टुकड़ियां भाग ले रही हैं। इसमें सबसे आगे राफेल लड़ाकू विमान हैं। भारतीय वायुसेना के पास राफेल विमानों की दो स्क्वाड्रन हैं, जो अंबाला (हरियाणा) और हाशिमारा (पश्चिम बंगाल) में तैनात हैं। रक्षा सूत्रों के अनुसार, अत्याधुनिक तकनीक से लैस इन लड़ाकू विमानों द्वारा जमीनी हमले और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध से जुड़े जटिल मिशनों को अंजाम दिया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय वायुसेना के साजो-सामान को पूर्वी दिशा समेत कई एयरबेस से स्थानांतरित किया गया है। यह युद्धाभ्यास ऐसे समय हो रहा है जब भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम हमले के बाद तनाव बढ़ा है। यह युद्धाभ्यास एयर हेडक्वार्टर्स की कड़ी निगरानी में हो रहा है। इसमें वायुसेना के शीर्ष पायलट भाग ले रहे हैं, जिन्हें अनुभवी प्रशिक्षकों की निगरानी में अभ्यास कराया जा रहा है। गौरतलब है कि फरवरी 2019 में पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक में भी भारतीय वायुसेना की अहम भूमिका रही थी।

आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

जम्मू (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उधमपुर के डुडू-बसंतगढ़ इलाके में लट्टी के वन क्षेत्र में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में विशेष सूचना मिलने पर जब तलाशी अभियान शुरू किया गया, तब सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच संक्षिप्त संपर्क स्थापित हुआ। आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसका जवाब दिया गया। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर, गुरुवार को उधमपुर के बसंतगढ़ में पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। सेना के एक सूत्र ने बताया, संपर्क स्थापित किया गया और भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। हमारे एक बहादुर जवान को शुरुआती मुठभेड़ में गंभीर चोटें आईं और बाद में बेहतरीन चिकित्सा प्रयासों के बावजूद उसकी मौत हो गई।

सुनवाई के बिना लंबे समय तक जेल में नहीं रखा जा सकता आरोपी

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अगर किसी व्यक्ति को बिना मुकदमा चले लंबे समय तक जेल में रखा गया है, तो उसे सजा मान लेना सही नहीं है। शीर्ष कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के एक ड्रग्स मामले में गिरफ्तार आरोपी को जमानत दी। जस्टिस बी. आर. गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने देखा कि याचिकाकर्ता पिछले पांच साल दो महीने से जेल में है, जबकि यह मामला 2019 में दर्ज हुआ था और मुकदमा अब तक शुरू नहीं हुआ है। राज्य सरकार के वकील ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि जिस सह-आरोपी को जमानत मिली थी, वह कोर्ट में पेश नहीं हो रहा है। इस पर कोर्ट ने कहा, इस कोर्ट ने कई मामलों में कहा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ठोस कचरा प्रबंधन पर राज्यों को सख्त निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सरकारों को आदेश दिया कि वे ठोस कचरे के 100 प्रतिशत संग्रह और छंटाई (सेग्रिगेशन) की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति करें। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा कि राज्यों को चाहिए कि वे जमीनी हकीकत के आधार पर यह आकलन करें कि कितना कचरा पैदा हो रहा है और यह भी तय करें कि यह लक्ष्य (100 प्रतिशत कचरा प्रबंधन) कब तक पूरा किया जाएगा।

गरमा-गरम

ईडी ने ईसीआईआर दर्ज की | **जांच में कई नेताओं की भूमिका भी सामने आई**

सीजीपीएससी घोटाले पर अब ईडी जाच से हड़कंप

■ हवाला के जरिए पहुंचा पैसा नेताओं और अधिकारियों तक

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाले में अब प्रवर्तन निदेशालय ने भी जांच का जिम्मा संभाल लिया है। इससे पहले मामले की जांच पुलिस, आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो कर रही थी। सीबीआई की रिपोर्ट के आधार पर ईडी ने ईसीआईआर दर्ज की है, क्योंकि प्रारंभिक जांच में मनी लॉन्ड्रिंग के ठोस प्रमाण मिले हैं। मामले में ईडी की एंट्री से हड़कंप मच गया है। जांच में कई नेताओं की भूमिका भी सामने आई है।

घेरे में कई वीआईपी नाम भी शामिल

इस मामले में जिन लोगों के नाम जांच में सामने आए हैं, उनमें कई प्रभावशाली लोगों के रिश्तेदार और परिवारजन शामिल हैं ,टामन सोनवानी के भतीजे नितेश, भाई के बेटे साहिल, बहू निशा कोसले और अन्य रिश्तेदार, तत्कालीन पीएससी सचिव जीवन किशोर का बेटा सुमित ध्रुव। राज्यपाल के पूर्व सचिव अमृत खलखो की बेटी नेहा और बेटा निखिल, डीआईजी ध्रुव की बेटी साक्षी, कांग्रेस नेता की बेटी अनन्या अग्रवालउद्योगपति का बेटा शशांक गोयल,मंत्री के ओएसडी के साढ़ की बेटी खुशबू बिजौरा,कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला की बेटी स्वर्णिम,उप परीक्षा नियंत्रक ललित गनवीर की रिश्तेदार मीनाक्षी गनवीर।

अब तक ये गिरफ्तार हुए हैं प्रमुख आरोपी

सीबीआई ने इस मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है – तत्कालीन सीजीपीएससी चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी, उप परीक्षा नियंत्रक ललित गनवीर, कारोबारी श्रवण गोयल, नितेश सोनवानी, साहिल सोनवानी, शशांक गोयल और भूमिका कटियार गोयल। ये सभी फिलहाल रायपुर जेल में हैं। ईडी अब कोर्ट से अनुमति लेकर इनसे पूछताछ करेगी।

सीबीआई जांच में खुलासा हुआ कि बारनवापारा स्थित एक रिसॉर्ट में चयनित अभ्यर्थियों को पांच दिन तक परीक्षा की आईएएस महिला अधिकारी के पति का बताया जा रहा है। अब इस महिला आईएएस और उनके पति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इस्पात उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभाएगा छत्तीसगढ़ : देवांगन

■ उद्योग मंत्री ने मुंबई में आयोजित इंडिया स्टील 2025 सम्मेलन में भाग लिया

रायपुर/नवप्रदेश। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने मुंबई में आयोजित इंडिया स्टील 2025 सम्मेलन में भाग लिया।

जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2030 तक 300 मिलियन टन इस्पात उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने में छत्तीसगढ़ की केंद्रीय भूमिका पर जोर दिया। छत्तीसगढ़ अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस दौरान उन्होंने राज्य के इस्पात उद्योग के विकास के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की और उद्योगपतियों को राज्य के विकास में सक्रिय भागीदार बनने का आह्वान किया। यह सम्मेलन 24 से 26 अप्रैल 2025 तक बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर मुंबई में आयोजित किया गया है।

भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान की हवा टाइट! मिसाइल परीक्षण की घोषणा, सभी जगह 'हाई अलर्ट'

पाकिस्तान नागरिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने कहा

नई दिल्ली। मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कुछ आतंकवादियों ने हमला कर 27 निर्दोष भारतीय हिंदू नागरिकों की हत्या कर दी। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सख्त कदम उठाए। सिंधु जल संधि निरस्त कर दी गई। पाकिस्तानी नागरिकों को भी 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने को कहा गया। इसके अलावा भारत स्थित पाकिस्तान उच्चायोग को भी बंद कर दिया गया। भारत द्वारा सख्त कार्रवाई किए जाने से पाकिस्तान बौखला गया है और उसने अगले ही दिन मिसाइल परीक्षण की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान ने 24 या 25 अप्रैल को कराची तट के निकट अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र में सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करने की अधिसूचना जारी की है।

मिसाइल परीक्षण कब होगा?

रक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि पाकिस्तान ने जानकारी दी है कि वह 24 और 25 अप्रैल को कराची के तट पर अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र से परीक्षण करेगा। यह सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है। पाकिस्तान ने इस मिसाइल के परीक्षण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसलिए संबंधित भारतीय संस्थाएं इन सभी घटनाक्रमों पर नजर रख रही हैं।

पाकिस्तान की हरकतों पर भारत की कड़ी नजर

पहलगाम हमले के बाद भारत की सख्त कार्रवाई से पाकिस्तान में दहशत का माहौल है। पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा सख्त कार्रवाई किए जाने से पाकिस्तान चिंतित है। ऐसे समय में घबराहट में आए पाकिस्तान ने अगले ही दिन मिसाइल परीक्षण की घोषणा कर दी। पाकिस्तान की घोषणा के बाद भारतीय एजेंसियां इस परीक्षण पर कड़ी नजर रख रही हैं, क्योंकि पाकिस्तान की शरारतें अभी भी कम नहीं हो रही हैं। भारतीय सुरक्षा एजेंसियां अन्य सभी घटनाक्रमों पर भी कड़ी नजर रख रही हैं।

बीटिंग द रिट्रीट समारोह रद्द

पहलगाम आतंकी हमले ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है। हमले के बाद भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिक अपना सामान पैक कर पाकिस्तान जाने के लिए एलओसी पर उमड़ पड़े हैं।

पूरे देश में यह आवाज उठ रही है कि भारतीय बदलाव चाहते हैं। इस बीच बीएसएफ केंद्र से आदेश का इंतजार कर रही है। यह स्पष्ट किया गया है कि यदि आदेश सूर्यास्त से पहले प्राप्त हो जाता है तो दैनिक बीटिंग द रिट्रीट समारोह बंद कर दिया जाएगा।

सिंधु जल संधि रद्द : भारत का पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को सीधा झटका

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान की आर्थिक नाकेबंदी शुरू कर दी

48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने के आदेश

नई दिल्ली/ए.। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ होने का संदेह है। इस हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। पहला झटका तो यह है कि सिंधु जल संधि रद्द कर दी गई है। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच अटारी-वाघा सीमा, जो पाकिस्तान को काफी राजस्व देती है, बंद कर दी गई है। सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने और उन्हें 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने के आदेश भी जारी किए गए हैं। कई शीर्ष सरकारी सूत्रों का कहना है कि भारत अब पाकिस्तान को माल निर्यात बंद करने की तैयारी कर रहा है। 2024 में पाकिस्तान को भारत का निर्यात पांच वर्ष के उच्चतम स्तर 1.21 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया।

भारत पाकिस्तान से क्या लेता है?

पाकिस्तान से भारत आने वाले सामानों में सीमेंट, सेंधा नमक, मुल्तानी मिट्टी, कपास, चमड़ा और कुछ चिकित्सा उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा, पेशावर चप्पल और लाहौरी कुर्ते भी पाकिस्तान से भारत आयात किए जाते हैं।

क्या पाकिस्तान का एकमात्र व्यापार मार्ग बंद हो गया है?

सरकार ने पाकिस्तान और भारत को जोडने़ वाले एकमात्र व्यापार मार्ग को बंद करने का निर्णय लिया है। अमृतसर से सिर्फ 28 किलोमीटर दूर स्थित अटारी भारत का पहला स्थलीय बंदरगाह है। भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार अटारी-वाघा सीमा के माध्यम से होता है, इसलिए 120 एकड़ में फैला और सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग-1 से जुड़ा यह चेक प्वाइंट व्यापार, विशेषकर अफगानिस्तान से आयात में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पिछले कुछ वर्षों में अटारी-वाघा कॉरिडोर पर व्यापार में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। जहां 2017-18 और 2018-19 में व्यापार लगभग 4100-4300 करोड़ रुपये का था। 2019-20 में यह घटकर 2,772 करोड़ रुपये और 2020-21 में 2,639 करोड़ रुपये रह गया। वर्ष 2022-23 में व्यापार में और गिरावट आई और यह मात्र 2257.55 करोड़ रुपये रह गया।

इस बीच, 2023-24 में दोनों देशों के बीच व्यापार में बड़ी उछाल आई और यह बढ़कर 3886 करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 में इस मार्ग पर 6,871 ट्रकों ने यात्रा की तथा 71,563 यात्रियों ने यात्रा की।

भारत-पाकिस्तान को कौन सी वस्तुएं निर्यात करता है?

भारत से पाकिस्तान को कई प्रकार की खाद्य वस्तुएं निर्यात की जाती हैं, जो दैनिक जीवन में उपयोगी होती हैं, जैसे विभिन्न प्रकार के फल और सब्जियां। इसमें आलू, प्याज और लहसुन शामिल हैं। भारत से पाकिस्तान को दालें, चना और बासमती चावल भी भेजे जाते हैं। इसके अलावा पाकिस्तान भारत से आम और केले जैसे कई मौसमी फलों का आयात करता है। भारतीय चाय पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। असम और दार्जिलिंग से सुगंधित चाय की पत्तियां भी पाकिस्तान भेजी जाती हैं। इसके अलावा भारत पाकिस्तान को मिर्च, हल्दी और जीरा जैसे विभिन्न मसाले भेजता है। इसके साथ ही भारत से पाकिस्तान को निर्यात की जाने वाली अन्य वस्तुओं में जैविक रसायन, दवाइयां, चीनी और मिठाइयां शामिल हैं।

आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल का सफल परीक्षण

नौसेना की दुश्मनों को घर में नेस्तानाबूद करने की तैयारी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य की सटीकता से सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल परीक्षण हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। जानकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में मिसाइल का परीक्षण किया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आईएनएस सूरत पर किया गया परीक्षण दुश्मन देशों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है।

आईएनएस सूरत एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जिसे नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया और इसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने तैयार किया। इसे इस साल जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने बैयसरन के घास के मैदान मे छुट्टियां मना रहे लोगों पर अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों और मृतकों के परिजनों ने बताया कि आतंकियों ने सभी से उनके नाम पूछे उसके बाद लोगों को कलमा पढ़ने को कहा। वहीं कलमा पढ़ पाने और हिंदू धर्म से जुड़े पर्यटकों को आतंकियों ने मौके पर गोली मार दी। आतंकियों के हमले में कुल 26 लोगों की मौत हुई है। जबकि 20 से ज्यादा लोग इसमें घायल हैं।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र का एक्शन

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने कई अहम फैसले लिए हैं। इसमें पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। वहीं अटारी बॉर्डर को भी बंद कर दिया गया है। जबकि भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ पाकिस्तान के राजनायिकों को भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही सेना को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है।

ISIS कश्मीर' ने गौतम गंभीर को दी जान से मारने की धमकी

नई दिल्ली/ए.। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और भाजपा के पूर्व सांसद गौतम गंभीर को 'आईएसआईएस कश्मीर' से जान से मारने की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद गंभीर ने बुधवार को दिल्ली पुलिस से संपर्क किया और तत्काल कार्रवाई की मांग की। राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन के एसएचओ और मध्य दिल्ली के डीसीपी के मुताबिक, गंभीर ने औपचारिक रूप से एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया। गंभीर ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से उनके परिवार और करीबी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी आग्रह किया। खतरे की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली पुलिस गहनता से इस मामले की जांच करेगी और गंभीर और उनके प्रियजनों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 22 अप्रैल को गंभीर को दो धमकी भरे ईमेल मिले। एक ईमेल दोपहर में आया और दूसरा शाम को आया। दोनों में 'आई किल यू' (ढ्ढ·द्मद्बद्यद्य) संदेश लिखा था। यह पहली बार नहीं है जब गंभीर को इस तरह की धमकियों का सामना करना पड़ा है। नवंबर 2021 में सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भी उन्हें इसी तरह का एक ईमेल मिला था। गंभीर ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की थी गंभीर ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की।

कीव पर रूसी हमले में नौ की मौत, दौरा बीच में छोड़कर यूक्रेन लौटे जेलेंस्की

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की गुरुवार को अपना दक्षिण अफ्रीकी दौरा बीच में ही छोड़कर स्वदेश लौट आए। रूस द्वारा राजधानी कीव पर किए गए हमले के चलते जेलेंस्की ने दौरे के बीच से ही वापस लौटने का फैसला किया। रूस के राजधानी कीव पर हमले में नौ लोगों की मौत हुई है और 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इससे पहले राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक टेलीग्राम पोस्ट में लिखा था कि राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा से मुलाकात के बाद वे वापस लौट जाएंगे। युद्धविराम के लिए दक्षिण अफ्रीका का समर्थन जुटाने के उद्देश्य से यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यह दौरा किया। रूस का कीव पर यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम समझौता अटक गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की पर क्रीमिया के मुद्दे पर युद्धविराम बातचीत को लंबा खींचने का आरोप लगाया। ट्रंप ने ये भी कहा कि युद्धविराम समझौते को लेकर रूस से बातचीत से ज्यादा जेलेंस्की से बात करना ज्यादा मुश्किल है।

भारत में रिलीज नहीं होगी 'अबीर गुलाल'

मुंबई। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से अपकमिंग फिल्म 'अबीर गुलाल' को लेकर भारत में विरोध प्रदर्शन जारी था। अब तक यह चर्चा थी कि इस फिल्म की रिलीज डेट टाल दी गई है। अब सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सूत्रों की मानें तो इस फिल्म को भारत में रिलीज नहीं करने दिया जाएगा। एक दिन पहले ही अमर उजाला ने अपनी एक्सक्लूसिव खबर के जरिए यह जानकारी दी थी कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान की फिल्म 'अबीर गुलाल' की रिलीज टाल दी जाएगी।

'पाकिस्तान से इस्राइल जैसा बदला ले भारत'

पेंटागन के पूर्व अधिकारी बोले-अब कोई रास्ता नहीं

नई दिल्ली/ए.। वाशिंगटन पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में गुस्सा है। सभी पहलगाम के बायसरन में हुए आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं। इस बीच, पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने इस हमले को लेकर सीधे तौर पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें उन्होंने कहा था 'कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है, यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे। पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि इस हमले के बाद साफ है कि भारत को पाकिस्तान की गर्दन काटने की ज़रूरत है। इसमें कोई शक या संदेह नहीं होना चाहिए।

पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि हम जानते हैं कि पाकिस्तान कई आतंकवादी समूहों का घर है, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा भी शामिल है। दुर्भाग्य से, पाकिस्तानी राजनयिकों द्वारा पश्चिम को मूर्ख बनाने के कारण आतंकवाद विरोधी कार्रवाई की कमी के कारण, अब हमारे पास न केवल पाकिस्तान में बल्कि बांग्लादेश में भी ऐसी ही समस्या का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में खुफिया जानकारी सामने आएगी। मुझे यकीन है कि कुछ संकेत मिलेंगे। वैचारिक दलदल के आधार पर कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की आईएसआई है, तथा वे ही तार्किक और वैचारिक रूप से एकमात्र देश हैं जो इस समय संदिग्ध हैं।

इस्राइल पर सात अक्तूबर के हमले जैसा ही पहलगाम हमला

उन्होंने आगे कहा कि यह वैसा ही है जैस 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इस्राइल पर हमला किया था। वह हमला खास तौर पर यहूदियों के खिलाफ था और सिर्फ यहूदियों के खिलाफ ही नहीं, बल्कि उन सबसे उदार यहूदियों के खिलाफ था जो गाजा पट्टी के साथ शांति और सामान्य स्थिति चाहते थे। अब छुट्टी मनाने वाले रिसॉर्ट पर मध्यम वर्ग के हिंदुओं को निशाना बनाने से साफ है कि पाकिस्तानी अब वही रणनीति अपना रहे हैं। ऐसे में अब भारत का कर्तव्य है कि वह पाकिस्तान और पाकिस्तान की ढ्रस्ढ्ढ के साथ वैसा ही करे जैसा इस्राइल ने हमास के साथ किया था।

तहव्वुर को कोर्ट से झटका, परिवार से बात करने की नहीं मिली इजाजत

नई दिल्ली/ए.। 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा को परिवार से बात करने की इजाज़त नहीं मिली है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट में ये सुनवाई इन-कैमरा यानी बंद कमरे में हुई थी और कोर्ट ने अपना आदेश कल सुरक्षित रख लिया था, जिसे आज सुनाया गया। एनआईए ने तहव्वुर राणा की अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि जांच बेहद संवेदनशील दौर में है और एजेंसी को आशंका है कि तहव्वुर राणा परिवार से संपर्क कर कोई अहम जानकारी लीक कर सकता है। कोर्ट ने एनआईए की दलीलों से सहमति जताते हुए तहव्वुर की अर्जी खारिज कर दी।

दरअसल, एनआईए कोर्ट के विशेष जज चंद्रजीत सिंह की अदालत में तहव्वुर राणा ने एनआईए कस्टडी के दौरान अपने परिवार से फोन पर बात करने की इजाजत दिए जाने की अर्जी दाखिल की थी। फिलहाल तहव्वुर 18 दिनों की एनआईए की कस्टडी में 2 मई तक रहेगा। तहव्वुर राणा ने अपने परिवार से संपर्क किए जाने की इजाज़त मांगी थी। वहीं, राणा के वकील ने दलील दी थी कि वह विदेशी नागरिक है और उसका परिवार उसकी स्थिति को लेकर चिंतित है, लेकिन कोर्ट ने राणा की अर्जी खारिज कर दी। तहव्वुर के वकीलों ने कहा कि वो इस आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। सूत्रों ने बताया था कि तहव्वुर राणा से रोजाना 8-10 घंटे पूछताछ हो रही है। एक सूत्र ने बताया कि 'वह पूछताछ में सहयोग कर रहा है।' पूछताछ की अगुवाई एनआईए की मुख्य जांच अधिकारी जया रॉय कर रही हैं।

चेतावनी | भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान के लिए आई बुरी खबर

वर्ल्ड बैंक ने दी पाकिस्तान को चेतावनी, 1 करोड़ लोग भुखमरी की कगार पर

नई दिल्ली/ए.। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के लिए हर ओर से झटके वाली खबरें ही आ रही हैं। आईएमएफ द्वारा ग्रोथ रेट का अनुमान घटाए जाने के बाद अब विश्व बैंक पाकिस्तान को बड़ी चेतावनी दी है। वर्ल्ड बैंक ने आगाह किया है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान पाकिस्तान के लगभग 10 मिलियन (1 करोड़) लोगों को गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही गरीबी के स्तर में तेज बढ़ोतरी की आशंका है।

पाक को झटके पर झटका

पाकिस्तान में गरीबी बढ़ने की यह चेतावनी देने के साथ ही विश्व बैंक ने इससे पहले अपनी रिपोर्ट में पाकिस्तान के आर्थिक विकास के पूर्वानुमान को भी घटाकर 2।7 फीसदी कर दिया है। इस संशोधन के लिए वैश्विक निकाय ने पाकिस्तान में सख्त आर्थिक नीतियों का हवाला दिया गया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक, विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में ये भी कहा है कि देश की शहबाज शरीफ सरकार अपने वार्षिक बजट घाटे के लक्ष्य को पूरा करने में भी चूक सकती है और पाकिस्तान का ऋष्ठा भारजीडीपी के अनुपात में बढ़ने का अनुमान है।

19 लाख लोग गरीबी में चले जाएंगे

वर्ल्ड बैंक की इस रिपोर्ट में पाकिस्तान के लिए एक और चेतावनी जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि देश में लगभग 2त्न की जनसंख्या वृद्धि के साथ इस वित्तीय वर्ष में लगभग 1।9 मिलियन (19 लाख) और लोगों के गरीबी में चले जाने की उम्मीद है। इतना ही नहीं पाकिस्तान में रोजगार-से-जनसंख्या अनुपात 49।7त्न है, जो विशेष रूप से इस ओर इशारा करता है कि युवाओं और महिलाओं के बीच श्रम बाजार भागीदारी बेहद कम है।

1 करोड़ पाकिस्तानियों पर असर

रिपोर्ट के मुताबिक, विश्व बैंक ने कहा है कि जलवायु परिस्थितियों की वजह से पाकिस्तान में पूरे एग्रीकल्चर प्रोडक्शन पर असर पड़ने की उम्मीद है और इसमें चावल और मक्का जैसी प्रमुख फसलों का उत्पादन बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। वर्ल्ड बैंक ने कहा कि इसकी वजह से पाकिस्तान के लगभग 1 करोड़ लोगों (ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग) वित्त वर्ष-25 में गंभीर खाद्य असुरक्षा के उच्च स्तर का अनुभव कर सकते हैं।

पाक में इन मुद्दों पर चर्चा नहीं

गौरतलब है कि विश्व बैंक की ये ताजा रिपोर्ट उन मुद्दों पर फिर से फोकस करती है, जिन पर आधिकारिक बैठकों में अक्सर चर्चा की ही नहीं जाती। ये मुद्दे खाद्य असुरक्षा, गरीबी, बेरोजगारी और घटती वास्तविक मजदूरी है। इसमें कहा गया है कि वास्तव में गरीबों के लिए प्रमुख सेक्टर कृषि, मैन्युफैक्चरिंग और लो वैल्यू एडेड सर्विसेज निगेटिव ग्रोथ का अनुभव कर रहे हैं, जिसकी वजह से वास्तविक मजदूरी दर भी स्थिर बनी हुई है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद मुसीबतें

खास बात ये है कि पाकिस्तान को एक के बाद एक झटके बीते मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम की बैसारन घाटी में हुए आतंकी हमले के बाद भारत से तनाव के बीच लग रहे हैं। बता दें कि पहलगाम हमले में 28 लोगों की जान चली गई, जिनमें दो विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। इस घटना के बाद पूरे देश में गुस्सा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई ष्टष्टस् की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले लिए गए हैं। इनमें सिंधु जल संधि को स्थगित करना, अटारी बॉर्डर क्लोज करना तक शामिल है।

आओ संवारें कल अपना अभियान को मिल रहा है जबरदस्त प्रतिसाद

बच्चों को मोबाइल व नशे से दूर रखने विकास की ओर है महत्वपूर्ण कदम, बच्चों के खेल व भविष्य निर्माण के लिए प्रेरक प्रयास

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह की पहल पर चलाए जा रहे चेतना अभियान का है पांचवा चरण
- प्रतिदिन सुबह 5.30 से 100 से अधिक बच्चे हो रहे विभिन्न खेलकूद में शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह द्वारा बिलासपुर जिले में संचालित चेतना अभियान के तहत शुरू किया गया आओ संवारें कल अपना कार्यक्रम लगातार सफलता की ओर अग्रसर है। इस अभियान का विधिवत शुभारंभ 21 अप्रैल को ग्राम महमंद, थाना तोरवा क्षेत्र में किया गया था।, जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में भरपूर प्रतिसाद मिल रहा है।

ग्राम महमंद में प्रतिदिन सुबह 5.30 बजेगी बजे से 100 से अधिक बच्चे उत्साहपूर्वक वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, पीटी, रस्सी कूद और फ्रिस्बी जैसे खेलों में भाग ले रहे हैं। यह आयोजन न केवल बच्चों को नशे व मोबाइल की लत से दूर रखने में सहायक बन रहा है, बल्कि उनके भीतर अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक फिटनेस को भी बढ़ावा दे रहा है। स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी और प्रोत्साहन इस पहल को और भी सशक्त बना रही है। चार दिनों से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है और पूरे माह तक यह आयोजन जारी रहेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान को एक सामाजिक आंदोलन का रूप मिल रहा है, जिसमें पुलिस, सामाजिक संगठन, ग्रामीण प्रतिनिधि और स्वयं बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

बच्चों में दिख रहा है आत्मविश्वास और ऊर्जा

खेल गतिविधियों के दौरान बच्चों में अनुशासन, जोश और नेतृत्व कौशल की झलक देखने को मिल रही है। बच्चों ने नशामुक्त जीवन की शपथ लेकर अपने भविष्य को स्वस्थ और उज्ज्वल बनाने का संकल्प लिया है। यह अभियान न केवल खेलों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास कर रहा है, बल्कि समाज में जागरूकता का सशक्त संदेश भी फैला रहा है। ग्राम महमंद के सभी खेल प्रशिक्षकों एवं जीवधारणी फाउंडेशन के विकास वर्मा जी के द्वारा इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

न्यूज गैलरी

चर्च ऑफ खाईष्ट में ग्रीष्मकालीन बाइबल कक्षाएं 28 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन छुट्टी लगते ही मसीहियों द्वारा सभी चर्चों में ग्रीष्मकालीन बाइबिल कक्षाओं का आयोजन किया जाता है। इसमें बच्चों को धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा, ड्राईंग पेंटिंग, शारीरिक व्यायाम, माता-पिता का आज्ञा पालन, आदि शिक्षा के माध्यम से बच्चों का बौद्धिक विकास हो सके, ऐसे प्रयास किए जाते हैं। चर्च ऑफ़ खाईष्ट मिशन इन इंडिया, निर्वाचित प्राचीन समूह सीएमडी चौक स्थित चर्च में पास्टर सुदेशपॉल की अध्यक्षता में 28 अप्रैल सोमवार से 4 मई रविवार तक ग्रीष्मकालीन बाइबल कक्षा का आयोजन किया गया है। संध्या 6 से रात्रि 8 बजे तक बच्चों को शिक्षाएं दी जाएगी। इसमें तीन स्तर की कक्षाएं लगाई जाएगी । प्राइमरी, मिडिल, एवं सीनियर। सभी कक्षाओं में प्रतिदिन अलग-अलग टीचरों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। सीनियर पास्टर सुदेश पॉल ने जानकारी देते हुए बताया। कि ग्रीष्मकाल की छुट्टी लगते ही बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए ऐसी कक्षाओं का आयोजन किया जाता है। इसमें बच्चों को अपने, माता-पिता बड़े बुजुर्गों के प्रति आज्ञाकारिता, अनुशासन, शिष्टाचार, सेवा, अनेकानेक शिक्षाओं के प्रति बच्चों में जागरूकता बढ़ाई

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना: विधायकों ने ट्रेन को दिखाई हरी झण्डी

775 यात्रियों का पहला जत्था रवाना, यात्री पुरी, भुवनेश्वर और कोणार्क का करेंगे दर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर पांच साल के लम्बे अंतराल के बाद मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू हुई है। योजना के तहत आज बिलासपुर जिले के 775 यात्रियों का पहला जत्था पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन के लिए रवाना हुआ। यात्रियों ने योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

बिलासपुर, मुंगेली और जीपीएम जिले के तीर्थ यात्री बिलासपुर स्टेशन पर पहुंचे जहां पर जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया। ट्रेन को बिल्हा विधायक श्री धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यात्रियों को भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा रवाना किया गया। तीर्थ यात्रा की बरसो पुरानी अभिलाषा पूरी होने पर बुजुर्गो के आंखों की चमक देखते बन रही थी। इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार मौजूद थे।

विधायक धरमलाल कौशिक और सुशांत शुक्ला ने तीर्थ यात्रा पर जा रहे बुजुर्गो से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल तीर्थ यात्रा ही नहीं बल्कि नागरिकों को उनकी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना भी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन जैसी कल्याणकारी योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लोगों के बेहतरी के लिए लगातार काम कर रहे हैं वे श्रवण कुमार की भूमिका निभाते हुए लोगों को तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं।

बुजुर्गो की तीर्थ यात्रा की अभिलाषा हुई पूरी

पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन के लिए जा रहे बुजुर्गो की आज बरसो पुरानी तीर्थ यात्रा की अभिलाषा पूरी हुई है। तीर्थ यात्रा को लेकर उनमें खासा उत्साह देखा गया। सभी समय से पहले ही स्टेशन पहुंच चुके थे। स्टेशन पर यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। 65 वर्षीय अम्बे सिंह बिलासपुर से यात्रा पर निकली। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पहले रामलला दर्शन योजना शुरू की गई। उसके बाद मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू कर मुख्यमंत्री ने हम सब बुजुर्गो की सुध ली है। पंडित ईश्वर पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह सराहनीय पहल है।

प्रीमियम वाइन शॉप में सेंधमारी, 98 हजार चोरी

- नकाबपोश छत के रास्ते घुसकर आए थे

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना तारबाहर क्षेत्र स्थित लिंक रोड पर शासकीय विदेशी मदिरा प्रीमियम शॉप में अज्ञात चोर ने सेंध लगाकर लगभग 97,800 रुपये की नकद राशि चुरा ली। मामले की शिकायत दुकान के सुपरवाइजर अर्जुन बंजारे ने की, जो मूलतः ग्राम खुरदुर थाना कोटा के निवासी हैं। मिली जानकारी के अनुसार, घटना 22 अप्रैल की रात की है जब अर्जुन बंजारे ने रोज की तरह शराब का स्टॉक मिलान कर रात 11 बजे दुकान बंद कर घर लौट गए। अगले दिन 23 अप्रैल की सुबह जब दुकान खोली गई, तो छत की टिन शेड और फॉल्स सीलिंग टूटी हुई पाई गई। प्रारंभिक जांच में चोरी का प्रयास स्पष्ट हुआ। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच में सामने आया कि रात्रि 1-32 बजे एक अज्ञात व्यक्ति, जिसने अपने चेहरे को कपड़े से ढक रखा था, छत के रास्ते दुकान में घुसा और दराज को तोड़कर नकदी चुरा ले गया। भौतिक सत्यापन के दौरान दुकान का शराब स्टॉक सुरक्षित पाया गया, लेकिन दराज में रखी 97,800 रुपये की नकद राशि गायब थी। घटना के समय दुकान परिसर में दो सुरक्षा गार्ड मौजूद थे, फिर भी चोरी की वारदात हो गई। इससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए)-बीएनएस और 331(4)- बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर आगे की जांच में जुट गई है।

नई कार्यकारिणी से व्यापारिक हित, समान और सरल नीतिगत दृष्टिकोण की अपेक्षा: कमल सोनी

- छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज चुनाव

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज का हालिया चुनाव प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था। यह केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि व्यापारी समुदाय की आकांक्षाओं, समस्याओं और भविष्य की दिशा को स्वर देने का मंच होना चाहिए था। दुर्भाग्यवश, यह चुनाव व्यक्तिगत स्वार्थ, पद-लोलुपता और सत्ता-संघर्ष में उलझ गया।जो पद लाभ के लिए समझौता वादी नीति के अत्यधिक प्रभाव को उजागर करता है। केवल 27,000 वोटर्स और 50 प्रतिशत जिलों की पूरी तरह से अनदेखी ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि यह चुनाव प्रदेश व्यापारी वर्ग के समग्र प्रतिनिधित्व नहीं करता। अधिकतर व्यापारी 'मूक दर्शक' और 'वोट मशीन' बनकर रह गए। छत्तीसगढ़ चैम्बर का प्रारूप् ऐसा होना चाहिए कि प्रदेश के 33 जिलों में प्रत्येक जिले की इकाई से चुनाव आयोजित होते। इन इकाईयों से कुल 99 पदाधिकारी चुने जाते, जो मिलकर राज्य स्तरीय नेतृत्व का चुनाव करते। इस प्रक्रिया में किसी क्षेत्र विशेष के लिए कोई अनिवार्यता या वर्चस्व न हो, जिससे पूरी प्रणाली लोकतांत्रिक, पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे।जब पूरी व्यवस्था एक ही क्षेत्र रायपुर तक सीमित हो जाए और लगातार वहीं से पदाधिकारियों का चयन हो, तो यह सवाल उठता है क्या यह वास्तव में प्रदेश का चैम्बर है या सिर्फ रायपुर का क्लब व्यापारी वर्ग को न तो योजनाओं में सहभागिता मिली, न ही उन्हें चुनाव की प्रक्रिया या उद्देश्यों की समुचित जानकारी दी गई।

छत्तीसगढ़ के व्यापार के लिए एक ठोस और दूरदर्शी कार्य योजना आवश्यक

यदि छत्तीसगढ़ को एक मजबूत व्यापारिक राज्य के रूप में उभरना है, तो केवल चुनावी प्रक्रिया में सुधार नहीं, बल्कि व्यापार और उद्यमिता की समग्र सोच को विकसित करना भी आवश्यक है। इसके लिए एक ठोस कार्य-योजना में निम्नलिखित उद्देश्य शामिल होने चाहिए -उद्योग एवं व्यापार के क्षेत्र में निःस्वार्थ सेवा भाव को बढ़ावा देना, जिससे पद-सम्मान के लिए समझौता वादी नीति में उलझने की जगह वास्तविक हितों और सेवा भावना पर जोर दिया जाए। युवा उद्यमियों का सृजन एवं प्रोत्साहन, नए-नए सेमिनार, वर्कशॉप और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को व्यापार की दिशा में आकर्षित करना। छत्तीसगढ़ चैम्बर के प्रारूप में सुधार 33 जिलों में से प्रत्येक इकाई द्वारा चुनाव कर 99 सदस्यों के माध्यम से राज्स स्तरीय समिति का गठन, जिससे चुनाव में सभी व्यापारियों का समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके। इस प्रक्रिया में समय एवं धन कम खर्च होंगे और अधिक प्रभावी रहेगा।

विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता रैली आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर कल 25 अप्रैल को जनजागरूकता रैली निकाली जायेगी। रैली जिला कार्यालय से नेहरू चौक तक निकाली जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद तिवारी सवेरे 11 बजे रैली को हरी झण्डी दिखाएंगे। मलेरिया हमारे साथ समाप्त हो जाए पुनः निवेश करें, पुनः कल्पना करें, पुनः प्रज्ज्वलित करें की थीम पर इस बार मलेरिया दिवस मनाया जा रहा है।

अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने कलेक्टर का किया सम्मान

बिलासपुर /नवप्रदेश। अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन जिला शाखा के द्वारा मंथन सभाकक्ष में कलेक्टर अवनीश शरण का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। फेडरेशन के संभाग प्रभारी जी. आर. चंद्रा, जिला संयोजक डॉ. बी. पी. सोनी तथा महासचिव किशोर शर्मा ने बताया कि कलेक्टर द्वारा अपने कार्यकाल में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किया जिसमें प्रत्येक मंगलवार को शाम 4 बजे जनदर्शन कार्यक्रम आरंभ कर अधिकारियों-कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस अभिनव पहल हेतु अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन जिला फेडरेशन के पदाधिकारी के द्वारा उनको स्मृति चिन्ह अभिनंदन पत्र शॉल एवं श्रीफल प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अवनीश शरण ने अपने विचार व्यक्त कर कहा कि उनके सभी सफल कार्यक्रम में आप सभी का पूर्ण सहयोग रहा है। अधिकारियों-कर्मचारियों की सामूहिक योगदान से मैंने अपना कार्य पूर्ण किया इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। स्वागत समारोह में जी. आर. चंद्रा, डॉक्टर बी. पी. सोनी, राजेंद्र दवे, किशोर शर्मा, सुनील यादव, देवेंद्र ठाकुर, विजय तिवारी, चंद्रशेखर पांडे, अश्वनी पांडे, रमेश द्विवेदी, प्रशांत पांडे, हेमंत शर्मा, प्रवीन शर्मा, कुसुम कांता तिर्की, सुधा लता सोनी, अजंता रजक, धना बाई, रेखा अनंद, प्रेमवती माझी, अशोक कुमार ब्रह्मभट्ट, विश्राम केवट, उमेश कश्यप, कैलाश गजभिए, एक. के. भीमते, डॉक्टर लखन प्रसाद मनहर, डॉक्टर ए. एस. रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

अग्निशमन यंत्र प्रयोग करने का दिया गया विशेष प्रशिक्षण

विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र उसलापुर में आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियो की संरक्षित व सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी संदर्भ में रेल कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरण का प्रयोग करने में दक्ष बनाने हेतु नियमित रूप से प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है जिससे कि अग्नि दुर्घटना के दौरान अग्निशमन उपकरण का प्रयोग सभी कर्मचारी प्रभावी रूप से कर सके। इसी क्रम में नागरिक सुरक्षा निरीक्षक व टीम द्वारा कल 23 अप्रैल को विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र उसलापुर में प्रशिक्षु लोको पायलट, सहायक लोको पायलटों को अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान क्लास लेकर सुरक्षा मानकों और अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने की जानकारी दी गई। आगजनी के दौरान अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने का प्रदर्शन कर सभी को बताया गया। साथ ही अभ्यास भी कराया गया। आग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ली जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया गया। आग को नियंत्रण नहीं कर पाने की स्थिति में पास के अग्निशमन केन्द्रों को संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन नं. 112 को मुंह जुबानी याद रखने की भी सलाह दी गई।

डॉक्टर और अपोलो प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर की मांग, कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने फर्जी डॉक्टर और अपोलो प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों ने फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव और अपोलो प्रबंधन के खिलाफ हत्या की धारा के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग। छत्तीसगढ़ सरकार की स्वास्थ्य योजना आयुष्मान कार्ड को अपोलो सहित अन्य निजी अस्पतालों में मान्य करने की मांग। अपोलो अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों की डिग्री को सार्वजनिक करने की मांग। विदेशी मेडिकल डिग्री की वैधता की जांच करने और एफएमजीई परीक्षा को अनिवार्य करने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, प्रदेश संयुक्त महामंत्री देवेंद्र सिंह, राजेंद्र साहू, राकेश शर्मा, ऋषि पांडेय, समीर अहमद, शिबली मेराज, संध्या तिवारी, महेश दुबे, सिद्धांशु मिश्रा, जगदीश कौशिक, शेरू असलम, जावेद मेमन, विनोद साहू, शेख असलम, रामशंकर बघेल, वीरेंद्र सारथी, दिनेश सूर्यवंशी, किशन पटेल, पवन साहू, नीलेश, तरुण यादव शामिल थे।

आयोजन

मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की दक्षिण भारत और खड़कपुर में सोलापुरी माता के रूप में होती है पूजा

राटा पूजा के साथ सोलापुरी माता की पूजा शुरू, आज निकलेगी शोभायात्रा

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरुवार को पारंपरिक राटा पूजा के साथ श्री सोलापुरी माता पूजा का विधिवत शुभारंभ हुआ। विगत 25 वर्षों से बारह खोली, स्टेशन रोड, बिलासपुर में यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के रजत जयंती वर्ष के प्रथम दिन वॉयरलैस कॉलोनी से राटा पूजा शोभा यात्रा निकाली गई।

आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामा राव और सचिव एस सांई भास्कर ने बताया कि मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपो को दक्षिण भारत और खड़कपुर में सोलापुरी माता के रूप में पूजा जाती है। पारंपरिक रूप से प्रथम दिन काष्ठ पूजा के लिए शोभायात्रा निकाली जाती है। गुरुवार सुबह वायरलेस कॉलोनी से यह शोभा यात्रा निकली। इससे पहले पुजारी पार्थ सारथी ने यजमान विजय नायर, माधवी नायर और शुभम नायर के साथ पारंपरिक पूजा अर्चना की, जिसके पश्चात सर पर कलश रखकर महिलाएं शोभा यात्रा में शामिल हुई। शोभा यात्रा की अगवाई पारंपरिक डफली वादकों ने किया। इस अवसर पर काली नृत्य के कलाकारों ने आकर्षक एवं प्रभावपूर्ण नृत्य की प्रस्तुति दी। आतिशबाजी के साथ इस शोभा यात्रा ने रेलवे क्षेत्र का भ्रमण किया। महिलाओं के सर पर मौजूद कलश में जल के साथ हल्दी और नीम की पत्ती मिश्रित थी। शोभायात्रा नगर भ्रमणकर पूजा पंडाल पहुंची, जहां पुजारी ने जामुन, आम, रबर पेड़ की टहनी स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। मान्यता है कि सोलापुरी माता सात बहने हैं , जिनके एकमात्र भाई पोतराजू घुमंतू प्रवृत्ति के हैं। वे ही माताओ के रक्षक भी है, इसलिए काष्ठ पूजा के साथ पूजा पंडाल के समक्ष पोत राजू की भी स्थापना की गई जो आगामी आयोजन तक सम्पूर्ण दिवस मां की प्रतिमा के सम्मुख मौजूद रहेंगे।

खास सजावट

रजत जयंती वर्ष में विशाल पंडाल का निर्माण किया गया है, जिसकी खास सजावट के लिए खड़कपुर से फूल और डेकोरेशन के लिए विशेष प्रकार की लाइट मंगाई गई है। पूरे क्षेत्र को बिजली से जगमग कर दिया गया है। आपको बता दे कि बिलासपुर में श्री सोलापुरी माता पूजा का आरंभ भी इसी स्थान से हुआ था। इस आयोजन में सम्मिलित होने आसपास के अलावा खड़कपुर, आंध्र प्रदेश, दुर्ग भिलाई, रायपुर आदि से भी भक्त पंडाल पहुंचते हैं।

सुविचार

गांधीगिरी बहुत हुई अब हमें भगतसिंह का हिंदुस्तान चाहिए, जान की भीख मांगता घुटनों पर पाकिस्तान चाहिए। - अज्ञात

पाकिस्तान के खिलाफ भारत की बड़ी कार्यवाही

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान का ही हाथ है यह बात अब साबित हो चुकी है। जिन पांच आतंकवादियों ने वहां पर्यटकों को गोलियों का निशाना बनाया है उनमें सिर्फ दो स्थानीय आतंकवादी हैं बाकी तीन पाकिस्तानी आतंकवादी है। यह बात अलग है कि पाकिस्तान इस आतंकी घटना के पीछे अपना हाथ होने से इंकार कर रहा है लेकिन पाकिस्तान खौफजदा भी है क्योंकि वह जानता है कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा। इसके पहले भी पाकिस्तान में पुलवामा और पठानकोट में आतंकी घटना को अंजाम दिया था तो भारत ने तत्काल पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक और ऐयर स्ट्राइक कर उसे मुंहतोड़ जवाब दिया था। इस बार पाकिस्तान के इशारे पर पहलगाम में तो निहत्थे और निर्दोष लोगों को निशाना बनाया गया है जिससे भारत में पाकिस्तान के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन हो रहा है और लोग भारत सरकार से मांग कर रहे हैं कि वह पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी और कड़ी कार्यवाही कर उसे सबक सिखायें। भारत सरकार ने इस दिशा में पहला कदम यह उठाया है कि उसने सीमा पर फोर्स की तैनाती बढ़ा दी है। नतीजतन पाकिस्तान में खौफ फैल गया है। वहां के हुकमरानों की नींद हराम हो चुकी है उन्हें यह आशंका सता रही है कि भारत किसी भी समय पाकिस्तान के खिलाफ कोई बड़ी सैन्य कार्यवाही कर सकता है इसलिए पाकिस्तान ने भी अपनी सीमा पर व्यवस्था कड़ी कर दी है और पाकिस्तानी सैनिकों की छुट्टियां रद्द कर उन्हें सीमा पर तैनात कर दिया है। पाकिस्तान के होश उड़े हुए हैं किन्तु भारत जल्दबाजी में ऐसा कोई कदम उठाने से बच रहा है। भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक से भी बड़ा कदम उठाया है और पाकिस्तान के साथ 1960 में हुई सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। गौरतलब है कि भारत की नदियों से ही पाकिस्तान को पानी मिलता है। यदि भारत इनका पानी रोक लेता है तो पाकिस्तान बूंद बूंद पानी के लिए तरस जाएगा। भारत की नदियों से जाने वाले पानी से ही पाकिस्तान की 80 प्रतिशत भाग में खेतों की सिंचाई होती है और इन नदियों के ऊपर बने बांधों से मिलने वाले पानी की वजह से ही वहां के लोगों की प्यास बुझती है। यही नहीं बल्कि भारत की नदियों के पानी से ही वहां बड़े पैमाने पर विद्युत उत्पादन भी होता है। भारत द्वारा सिन्धु जल संधि स्थगित करने से पाकिस्तान में हाहाकार मचना स्वाभाविक है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पहले से ही पटरी से उतरी हुई है। महंगाई ने वहां के लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। ऐसे में यदि सिन्धु जल संधि के स्थगित होने से वहां पानी की किल्लत मचती है तो जाहिर है वहां के हालात और ज्यादा खराब हो जाएंगे। इसके अलावा भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के रूप में बाघा अटारी बॉर्डर को भी बंद करने का फैसला लिया है। इसके अलावा पाकिस्तानी नागरिकों का विजा रद्द कर उन्हें देश छोड़ने का आदेश दे दिया है। भारत स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग से भी अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या कम की जा रही है। इस तरह भारत ने पांच बड़े फैसले लेकर पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि वह पाकिस्तान की इस हिमाकत को गंभीरता से ले रहा है। और निकट भविष्य में उसके खिलाफ और कड़े कदम उठाएगा। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाने पर विचार शुरू किया है जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ और कड़ी कार्यवाही करेन के मुद्दे पर विचार विमर्श किया जाएगा। गौरतलब है कि पहलगाम हमले के बाद कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट हो गईहैं। और सभी ने एक स्वर में मांग की है कि भारत सरकार पाकिस्तान को सबक सिखाये इसके लिए सभी विपक्षी पार्टियां सरकार के साथ हैं। बहरहाल भारत अब पाकिस्तान के खिलाफ और क्या कड़े कदम उठाता है इसपर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

स्कूलों में समर कैपों के आयोजन पर रोक लगे

छत्तीसगढ़ में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। अप्रैल महीने में ही तापमान 43 डिग्री से ज्यादा हो गया है। आने वाले दिनों में तापमान के और बढ़ने की संभावना है। व्यक्त की जा रही है। इस भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने 25 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है जो मासूम छात्रों के हित में स्वागतेय कदम है किन्तु कुछ निजी स्कूल संचालकों ने 25 अप्रैल के बाद भी समर कैंपों का आयोजन करने की घोषणा कर दी है। यद्यपि स्कूलों में पढ़ाई नहीं होगी लेकिन समर कैंप के नाम पर छात्र छात्राओं को इस भीषण गर्मी में कुछ दिन और स्कूल जाना ही पड़ेगा। राज्य शासन को चाहिए कि वे निजी स्कूलों की इस मनमानी पर रोक लगाने कड़े कदम उठाये। 25 अप्रैल के बाद ऐसी सभी निजी स्कूलों में न सिर्फ शैक्षणिक बल्कि अन्य किसी भी तरह की गतिविधियों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाये। समर कैंप के नाम पर नन्हें मुन्हें छात्र छात्राओं को स्कूल बुलाना उन बच्चों के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ है। इसलिए 25 अप्रैल के बाद सभी सरकारी और नीजि स्कूलों में किसी भी तरह की गतिविधि प्रतिबंधित की जाये अन्यथा सरकारी और निजी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने का कोई औचित्य नहीं रह जाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि स्कूली शिक्षा विभाग निजी स्कूलों पर नकेल कसेगा और समर कैंप के आयोजन पर कड़ाई पूर्वक रोक लगाएगा।

फिर खून से लाल हुई घाटी

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह सामान्य हमला नहीं है। आतंकियों ने भारत को सीधी चुनौती दी है, लिहाजा इसका पलटवार भी ऐसा होना चाहिए, जिससे पाकिस्तान कांप उठे। कश्मीर को सामान्य करने के प्रयास बिल्कुल नहीं थमने चाहिए, लिहाजा प्रधानमंत्री कश्मीरियों को संबोधित करें। पहलगाम से अमरनाथ यात्रा का एक मुख्य मार्ग जाता है। धार्मिक यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण भी शुरू हो चुका है। आतंकियों ने तीर्थयात्रियों के लिए भी खौफ और दहशत के भाव पैदा कर दिए हैं। भारत सरकार ने इस पूरे घटनाक्रम को बहुत गंभीरता से लिया है। प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब की अपनी यात्रा बीच में ही छोड़ दी, गृह मंत्री श्रीनगर पहुंचे, हालात की समीक्षा की और पीड़ितों से मुलाकात की। इससे लोगों में भरोसा जगा है। पाकिस्तान के खिलाफजल्द कोई कार्रवाई हो सकती है। पूरी उम्मीद है कि भारत सरकार आतंकियों की जन्म और षरण स्थली पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाएगा कि जिसकी मिसाल आने वाले समय में दी जाएगी।

कश्मीर में पहलगाम जिले के बैसरन घसियाले मैदान में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हमला किया है। यह हमला ही नहीं, बल्कि दानवी नरसंहार है, जिसमें 27 निहत्थे, निर्दोष, मासूम पर्यटकों को, मात्र 20 मिनट मं ही, लाश बना दिया गया। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। पाबैसरन घाटी पहलगाम से करीब 7 किमी दूर है। एक बेहद खूबसूरत घास का मैदान, जिसे 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहते हैं, लेकिन आतंकियों ने उसे भी खून से लथपथ कर बदनाम कर दिया।

असल में ये आतंकी नहीं, मुस्लिम आतंकी हमला था, क्योंकि इन्होंने धर्म पूछ कर गैर-मुस्लिमों की चुन-चुनकर हत्या की। जो मुस्लिम नहीं था, उन्हें ये गोली मारते गए। इन इस्लामी आतंकियों ने पैंट खोलकर खतना चेक किए। जिन लोगों का खतना नहीं हुआ था, उन्हें गोली मार दी। आतंकियों ने पर्यटकों से कलमा पढ़ने को कहा। जो कलमा नहीं सुना पाए, उन्हें गोली मार दी। हिंदुओं के इस कत्लेआम को लेकर लोगों में काफी गुस्सा हैं। बताया गया है कि 4-5 आतंकी थे। उन्होंने 50-70 राउंड गोलीबारी की और 27 सैलानियों को मौत की नींद सुला दिया। अधिकतर पुरुष पर्यटकों को ही निशाना बनाया गया। कर्नाटक की एक महिला ने पति की मौत के बाद जब कहा कि उसे भी मार दें, तो आतंकियों ने जवाब दिया-'नहीं, तुम्हें नहीं मारेंगे। तुम जाओ, जाकर मोदी को बता दो।' इस जवाब से ही आतंकियों की सोच और मंशा समझी जा सकती है। इतना सब होने के बाद भी कुछ लोगों को लगता है कि ये इस्लामी आतंक नहीं है। आतंकी हमले के तुरंत बाद से देश भर में कथित सेकुलर- लिबरल गैंग एक्टिव हो गया है। देश के कुछ पेड पक्षकार भी ये साबित करने में लग गए हैं कि ये इस्लामी अटैक नहीं था।

पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के यूनिट द रेजिस्टेंस फ्रंट यानी टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इंटेलिजेंस का दावा है कि टीआरएफ आतंकी सैफुल्लाह खालिद पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड है। वह सैफुल्लाह कसूरी के नाम से भी जाना जाता है। सैफुल्लाह लश्कर-ए-तैयबा का डिप्टी चीफ है। उसे लश्कर के

संस्थापक आतंकी हाफिज सईद का बेहद करीबी माना जाता है। सैफुल्लाह पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके के रावलकोट का रहने वाला है। वहीं से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को ऑपरेट कर रहा था। उसने मार्च में एक भाषण दिया था, जिसका वीडियो सामने आया है। इसमें वह सख्त लहजे में पाकिस्तान सरकार से कश्मीर मुद्दा शांत न पड़ने देने की बात कह रहा है। सैफुल्लाह का ये भाषण मार्च 2025 का बताया जा रहा है। हालांकि, इसकी तारीख और लोकेशन का पता नहीं है।

पाकिस्तान को महसूस हो गया था कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या, जो इस साल के अंत तक तीन करोड़ को पार कर सकती थी, उसकी दुष्प्रचार नीति और कश्मीर को लेकर रचाई गई झूठी कहानी को नकार रही है। पाकिस्तान के लिए यह दोहरी पराजय थी– एक तो यह कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के निर्णय को कश्मीरी लोग धीरे-धीरे स्वीकार कर रहे थे, जबकि पाकिस्तान ने यह सपना संजो रखा था कि वे इस फैसले के खिलाफ विद्रोह करेंगे। पाकिस्तान को इस बात से भी गहरी चोट पहुंची कि चीन और तुर्की को छोड़कर कोई भी देश उसके पक्ष में नहीं आया, यहां तक कि इस्लामी देशों ने भी भारत के निर्णय का समर्थन किया। दूसरे, पाकिस्तान को कश्मीर घाटी में हो रहे बुनियादी ढांचे के विकास और देश के साथ बढ़ती एकजुटता से परेशानी थी।

बहरहाल कश्मीर में फरवरी, 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के बाद यह नरसंहार सबसे बड़ा और वीभत्स है। पुलवामा में 40 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को आतंकियों ने 'शहीद' कर दिया था। पहलगाम में धर्म के आधार पर चिह्नित कर पर्यटकों पर पहली बार आतंकी हमला किया गया है। इस नरसंहार ने मार्च, 2000 के चित्तीसिंहपुरा आतंकी हमले की याद ताजा करा दी, जिसमें 35 ग्रामीण सिखों को उनके घरों से निकाल कर मार दिया गया था। तब अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन कश्मीर के प्रवास पर ही थे। इस बार अमरीका के उपराष्ट्रपति वेंस भारत के प्रवास पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी सऊदी अरब गए हुए थे। बहरहाल उन्हें तुरंत लौटना पड़ा। लौटने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह को फोन पर निर्देश दिए कि तुरंत श्रीनगर जाएं और हालात तथा सुरक्षा का जायजा लें। घटना के बाद सरकार और सुरक्षा-तंत्र तुरंत सक्रिय हो गए हैं।

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार कश्मीर में 60-70 आतंकवादी सक्रिय हों या सीमापार से घुसपैठ करके आते हों, लेकिन लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर में कभी भी आतंकी हमला किया जा सकता है। राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक एसपी वैद इसे 'पुलवामा जैसा हमला' ही मानते हैं। उनका मानना है कि आतंकियों ने इलाके के होटलों की रेकी कई बार की होगी और हमले की रणनीति खूब सोच-समझ कर बनाई होगी। तभी वे इतना बड़ा हमला करने में कामयाब रहे और हमारे सुरक्षा तथा खुफिया तंत्र को भनक तक नहीं लगी। आतंकियों के पास अत्याधुनिक, विदेशी हथियार भी हैं। वे उन्हें कैसे मिले?

आतंकी हमले को लेकर मोदी सरकार सख्त और गंभीर है। पहलगाम हमले के दूसरे दिन भारत ने इसके लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार माना है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत ने 5 बड़े फैसले लिए हैं। इसमें 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रोका गया है। अटारी चेक पोस्ट बंद कर दिया गया है। वीजा बंद कर दिया गया और उच्चायुक्तों को हटा दिया है। 24 अप्रैल को बिहार के मधुबनी जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने साफ शब्दों में कहा कि 'मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। सजा मिल करके रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।'

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1809 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और पंजाब के सिख शासक रणजीत सिंह के बीच अमृतसर संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। 1867 में जापान की राजधानी टोक्यो में आज ही के दिन विदेशी व्यापार की अनुमति दी गई थी। 1905 में आज ही के दिन दक्षिण अफ्रीका में श्वेतों को मताधिकार मिला था। 1925 को 25 अप्रैल को ही पॉल वोन हिंडनबर्ग जर्मनी के राष्ट्रपति चुने गए थे। 1957 में आज ही के दिन सोडियम परमाणु रिएक्टर पहली बार संचालित किया गया था। 1975 में सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया था। 1982 में आज ही के दिन दिल्ली में टेलीविजन पर पहली बार रंगीन प्रसारण की शुरुआत हुई थी। 1983 में जर्मन पत्रिका 'स्टर्न' ने हिटलर की विवादास्पद डायरी की पहली किस्त छापी थी। 1989 में इथियोपिया में दिमागी बुखार से 20 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। 2005 में जापान में हुई रेल दुर्घटना में 100 लोगों की जान चली गई थी। 2010 में भारतीय नौसेना ने पुराने हो चुके चेतक हेलीकाप्टरों की जगह लाइट यूटिलिटी हेलीकाप्टर खरीदने की प्रक्रिया शुरू की थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

इस बार मुंह

इस बार मुंह तोड़ जवाब नहीं ... मुंह तोड़ दीजिए मोदी जी क्यों आत्मा ने हमारी चित्कार करना छोड़ दिया हम हिन्दू नहीं या मरने वाले हिंदुओं से नाता तोड लिया क्या कश्मीर पर लगी इस कालिख को आप नहीं मिटाएंगे क्या कल आप या आपके बच्चे कश्मीर नहीं जाएंगे। – **किरन भण्डारी**

पहलगाम में पीठ

पहलगाम में पीठ पर, कायर तेरा वार। आरपार की जंग का, खोल गया है द्वार।। बुजदिल तेरी बुजदिली, मनसूबे सब ख्वाब। पायेंगे अब शीघ्र ही, हमसे कड़ा जवाब।।देगा भारत देश अब, सबक तुझे नापाक। तेरे हर अरमान को, कर ही देगा खाक।। मासूमों का खून ये, लाएगा अब रंग। होगा सारा विश्व भी, देख दृश्य तब दंग।। – **रमेश शर्मा**

खास पाती | एक अर्से बाद मिले हो, आज हम

एक अर्से बाद मिले हो , आज हम तुमसे कुछ नही लेंगे , तुम्हारी रुसवाइयों का जबाब देंगे , तुम्हारे सारे सवालों का जबाब देंगे , तुम्हारा सुकून जो खो गया है उसे वापिश देंगे , आज तुम जो मिले हो बरसों बाद , तुम्हे अपने धडकनों का हिसाब देंगे , जो तुम्हारा ही नाम ले कर धडकता रहा , जो मिल न सका तुम्हे कभी वो पैगाम देंगे।– **नमन कुमार मिश्रा**

अब कहां खिलते चमन में पुष्प सुंदर,

अब कहां खिलते चमन में पुष्प सुंदर, लाख तेरी याद से सिंचित करूं मैं, हृदय मेरा बन गया तपता मरुस्थल, विरह से कैसे इसे वंचित करूं मैं, मखमली स्पर्श हाथों के तुम्हारे, लाज के सब आवरण तुमने उतारे, आत्मा के मधुरतम अंतस भिगोए, मिलन स्वर भी मौन अधरों से उचारे, प्रीत सागर में हिलोरें हैं अनन्तिम, कैसे उदगारों को अब किंचित करूं मैं श्वास के अंतिम सफर तक के प्रणय को,कैसे दे दूं मैं तिलांजलि इत करूं मैं ! – **कुलदीप मिश्रा**

टूटे हुए ख्वाबों को बचाने के लिए आ

टूटे हुए ख्वाबों को बचाने के लिए आ बढ़ती हुई दूरी को मिटाने के लिए आ बिन तेरे जिंदगी में सलीका नहीं रहा बिखरे हुए जीवन को सजाने के लिए आ आंसू गिले शिकवे मिटा देते हैं सुना है लग के गले कुछ आंसू बहाने के लिए आ उजड़े हुए गुलशन को बहारों की तलब है तू फूल फिर चमन में खिलाने के लिए आ गुजरे हुए लम्हों को सवारें भला कैसे बाकी पलों को हंस के बिताने के लिए आ – **शालिनी शर्मा**

श्है तू ही तू इस जहां में या फिर हुं

है तू ही तू इस जहां में या फिर हूं मैं ही मैं -दूसरा नहीं है मैं जिस्म गर रूह तू मिरी -कुछ भी दरम्यान फासला नहीं है हो अक्स अपना या चांद ही का -मैं देखता झील ही में उसको मेरी तो मुश्किल यही कि घर में कोई मेरे आईना नहीं है। – **वंदना मोदी गोयल**

अब समय मिटिंग, बातचीत और डोजियर

अब समय मिटिंग, बातचीत और डोजियर देने का नही है अब तो समय है प्रचंडता का दुनिया के मानचित्र मे परिवर्तन का ,राफेल के आसमान मे गरजने का ,अग्नि के धरती मे कंपन का मनमोहन वाली गलती मत करिये जैसा मुम्बई हमले के समय किया था ।अपने मित्र बेंजामिन नेतयाहू से प्रेरणा लिजिये जो घटना के बाद आज तक शांत नही हुये जो आग उनके सीने मे है वह दुश्मनो के जमीन पर गोला बनकर बरसता है ।दुनियाभर मे कही भी हो उसे खोजकर ठोक डाला । – **ऐडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

धरती उदास है धरती भी फूलती है खुशिय

धरती उदास है धरती भी फूलती है खुशियों से जब फूल कर पकते हैं अनाज खेतों में धरती भी सीझती है जब सिझता है भात धरती भी मुरझा जाती है जब मुरझा जाते हैं अपनों के बीच प्रेम भरे रिश्ते धरती भी हो जाती है ठंडी जब ढंडे हो जाते हैं घरों के चूल्हे धरती भी जलती है जब अंतिम क्रिया में धधकती है आग पर! धरती केपूरे शरीर पर तब उग आते हैं भयंकर फोड़े जब युद्ध की विभीषिका में सुलगने लगता है पूरा संसार क्योंकि धरती सिर्फ धरती नहीं होती वो तो एक घर है जिसमें बसते हैं सभी जीव/ निर्जीव घर चुपचाप है इन दिनों क्योंकि धरती उदास है। – **सत्या शर्मा कीर्ति**

खंड (1) राष्ट्र की बात

वक्त डगर से

विजय कुमार गुप्ता

वतन और व्यक्ति दोनों, बडबोले पन से हारें
सुधार पथ 'जरा-सा', बड़े मन से स्वीकारें
पढ़ें चेहरा भाव सामने, सच्चाई की नजर से
वक्त के वक्तव्य सजते, बस खुद के हुनर से।
देश-भक्ति गीतों का, मिले जज्बा जिगर से।
व्यवहार परिपालन वक्त डगर की कलम से।
मुल्क निर्माण में प्रमुख, मनुज का शिष्टाचार
ऊंच-नीच वक्त तले, समाधान रहता आधार
गलत दशा दिशा सोच, कथन कष्ट कहर से
जीवन राह ही बदले, योग उपयोग असर से
देश-भक्ति गीतों का, मिले जज्बा जिगर से।
व्यवहार परिपालन वक्त डगर की कलम से।
वार्ता निर्णय कर्म सभा, लगा हुआ है कैमरा
पलटू अंदाज मंसूबे, करते रहते सब कचरा

क्रमशः

QUIZ TIME

1) विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पदक तालिका में कौन सा देश शीर्ष पर रहा?

2) जल स्थिरता सम्मेलन 2025 किस शहर में आयोजित किया गया?

3) वह भाषा कौन-सी है जिसे मध्ययुग के दौरान शिविर भाषा कहा जाता था?

4) वह प्रसिद्ध जैन विद्वान कौन था, जिसका अकबर बहुत सम्मान करता था?

5) जलियांवाला बाग हत्याकांड की 106 वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में किस राष्ट्रवादी और न्यायविद को याद किया था?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) भारत (2) नई दिल्ली (3) उर्दू (4) हरिविजय सूरि (5) सर तेज बहादुर सप्रू

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:59, सूर्यास्त : 18:51, चन्द्रोदय : 27:58, चन्द्रास्त : 15:19, अयन उत्तरायण, ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु) विक्रम सम्वत : 2082 (कालयुक्त), युगाब्द (कलि संवत): 5127, मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपद, योग : इन्द्र, प्रथम करण : बालव (14:32 तक), द्वितीय करण : कौलव (25:12+ तक)।

॥गोचर ग्रहाः॥

सूय : मेष, चंद्र : कुम्भ, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व , मार्गी), गुरुः वृषभ (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन,केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:59 से 12:51, अमृत काल : 25:32+ से 27:00+, विजय मुहूर्त : 14:34 से 15:25, गोधूलि मुहूर्त : 18:50 से 19:13, सायाह्न सन्ध्या : 18:51 से 19:58, निशिता मुहूर्त : 24:03+ से 24:47+, ब्रह्म मुहूर्त : 28:30+ से 29:14+, राहुकाल :10:30 से 12:00, गुलिक काल : 09:12 से 10:49, यमगण्ड : 05:59 से 07:35, दुर्मुहूर्त : 10:16 से 11:08, वर्ज्य : 16:42 से 18:11, पञ्चक : अहोरात्रि, होमाहुति : राहु (10:49 से केतु), दिशा शूल : दक्षिण।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए अकस्मात धन लाभ दिलाने वाला रहेगा। आप बिजनेस को लेकर कुछ मीटिंग करेंगे, जिससे आप कहीं बाहर भी जा सकते हैं।

वृषः आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। उनकी बॉस से खूब पटेगी और उनके दिए गए सुझाव पर बॉस के खूब कमाएंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप फलदायक रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से आपके घर पूजा-पाठ का आयोजन हो सकता है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को छोटा नहीं समझना है।

सिंहः आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

कन्याः आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों से भरा रहने वाला है, क्योंकि आप जिस काम में हाथ डालेंगे।

तुलाः आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने काम को लेकर कुछ बड़े लोगों से मिलने का मौका मिलेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आज कुछ करने की सोचेंगे, लेकिन उसमें आपको सफलता नहीं मिलेगी।

मकरः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा।*

कुंभः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। माता-पिता से आप काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

मीनः आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 321 का हल

दा	ढ़ी		की		खा	सो	आ	म
वा		त	म	त्रा			जा	
न	जा	क	त		बा	अ	द	ब
ल		ली		वि	ला	प		हा
	अ	फ	सा	ना		मा	हि	र
दा	ब			श	गु	न		
न		उ	प	का	र		शि	
व		त्स		र		त	क	ला
	सा	व	न		गु	रु	वा	र

सीएम साय ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर किया 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' का वर्चुअल शुभारंभ

■ प्रदेश में मोदी की एक और गारंटी पूरी: डिजिटल सेवाओं की पहुंच अब गांव तक, ग्रामीणों को मिलेगी नकद भुगतान सहित नागरिक सुविधाएं

■ मुख्यमंत्री ने 'मोर गांव-मोर पानी महाअभियान' का शुभारंभ कर जल संरक्षण दिलाई शपथ

रायपुर। त्रि स्तरीय पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की मूल कड़ी हैं। मैं पांच साल पंच रहा और निर्विरोध रूप से सरपंच का दायित्व संभालने का अवसर भी मिला। अपनी ज़िम्मेदारी निभाते हुए यदि आप अच्छा काम करेंगे तो जनता का स्नेह हमेशा मिलेगा और गांव के विकास में आप बड़ी भूमिका निभा पाएंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर से 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' का वर्चुअल शुभारंभ कर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि पंचायती राज दिवस के खास मौके पर शुरू हुई इस योजना से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल क्रांति आएगी और प्रदेश के सरकारी सेवाओं और योजनाओं की पहुंच आम लोगों तक सुगम होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश के 11 हजार 693 ग्राम पंचायतों में मोर गांव मोर पानी महाअभियान का शुभारंभ कर पंचायत प्रतिनिधियों और नागरिकों से जल संरक्षण का आह्वान करते हुए शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग पेंशनधारी, महतारी वंदन योजना से लाभान्वित माताएं बहनें, अन्नदाता किसानों को पीएम किसान निधि समेत डीबीटी से प्राप्त राशि के आहरण की सुविधा अब गांव में ही मिलने लगेगी। श्री साय ने कहा कि ग्रामीणों को अब लंबी दूरी तय कर बैंक नहीं जाना पड़ेगा और समय के साथ-साथ उनके आने-जाने में खर्च होने वाली राशि की भी बचत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र, पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड जैसी सरकारी सेवाएं भी ग्रामीणों के लिए आसान और सुगम हो जाएंगी। श्री साय ने विश्वास जताया कि यह योजना डिजिटल इंडिया मिशन को जमीनी स्तर पर मजबूती देगी और ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शी व उत्तरदायी शासन प्रणाली को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि आज 1460 ग्राम पंचायतों में यह व्यवस्था शुरू हुई है और आने वाले समय में इस योजना को विस्तार दिया जायेगा।

> मुख्यमंत्री श्री साय ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचायतें हमारे लोकतंत्र की जड़ें हैं और इन्हें मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया था कि ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को बैंक शाखाओं तक न जाना पड़े। आज मोदी की इस गारंटी को पूरा करते हुए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

लंका के प्रमुख औद्योगिक समूह ललन ग्रुप ने की सीएम साय से मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुंबई में आज लंका के प्रमुख औद्योगिक समूह ललन ग्रुप के प्रतिनिधि दिलीप पारिक ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाक़ात की। पारिक ने बताया कि ललन ग्रुप, जो लंका के सबसे बड़े विविधीकृत औद्योगिक समूहों में शामिल है, बागान, रबर उत्पाद, निर्माण, लॉजिस्टिक्स, पैकेजिंग इंजीनियरिंग और आतिथ्य सेवाओं के क्षेत्रों में सक्रिय है। समूह की विशेषज्ञता और बहु-क्षेत्रीय क्षमताएं छत्तीसगढ़ के संसाधन-समृद्ध वातावरण और उद्योग-प्रोत्साहक नीतियों से मेल खाती हैं।मुलाक़ात के दौरान पारिक ने छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति की सराहना करते हुए राज्य में धागा और कपड़ा निर्माण इकाई स्थापित करने में रुचि दिखाई। उन्होंने बताया कि राज्य द्वारा श्रमिकों के लिए 24 घंटे की पाली व्यवस्था, ऑनलाइन क्लियरेंस, और समयबद्ध सेवाओं जैसी सुविधाएं निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। मुख्यमंत्री साय ने समूह की पहल का स्वागत किया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया, जिससे छत्तीसगढ़ में टेक्सटाइल सेक्टर को नई ऊर्जा मिलेगी।

रायपुर देवेंद्र नगर में पाक विरोधी प्रदर्शन, कई दुकानें बंद

रायपुर/नवप्रदेश। पहलगाम आतंकी हमले का देश के साथ राजधानी और पूरे प्रदेश में विरोध हो रहा है। हर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आक्रोश भरे मेसेज चल रहे है और लोग भीषण गर्मी की परवाह किए बिना अपने अपने तरीके से विरोध जता रहे हैं। इस घटना में राजधानी के दिनेश मिरयानी की भी मृत्यु हुई है। वे अपनी शादी की वर्षगांठ मनाने परिवार के साथ गए हुए थे । शहर के नागरिक संगठन देवेंद्र नगर स्थित सरदार पटेल प्रतिमा स्थल पर पाक विरोधी प्रदर्शन किया। रात 9 बजे जयस्तंभ चौक में भी श्रध्दांजलि सभा कर आक्रोश जताएंगे। आप पार्टी रायपुर जिला अध्यक्ष पुनारद ने आज संध्या 7 बजे अंबेडकर में चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया है। अधिक से अधिक संख्या में आमंत्रित किया है। संध्या 7 से 8 के बीच जय स्तंभ चौक में रायपुर मुस्लिम समाजनके द्वारा भी कैंडल मार्च में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने कर्मचारियों को बांटा हेलमेट

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अपने कर्मचारियों के लिए हेलमेट वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस पहल का शुभारंभ बैंक के अध्यक्ष द्वारा किया गया, जिन्होंने कॉर्पोरेट कार्यालय नव रायपुर में कार्यरत सेवायुक्तों को स्वयं हेलमेट प्रदान किए। इस अवसर पर अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने तथा इनका अनिवार्य रूप से पालन करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल एक सुरक्षा उपकरण नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का साधन है, और इसका उपयोग प्रत्येक दोपहिया वाहन चालक के लिए अनिवार्य होना चाहिए। बैंक प्रशासन ने जानकारी दी कि शीघ्र ही इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य की सभी शाखाओं और कार्यालयों में कार्यरत प्रत्येक सेवायुक्त को हेलमेट प्रदान किए जाएंगे, ताकि सभी कर्मचारी सुरक्षित रूप से अपने कार्यस्थल तक पहुंच सकें और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए एक उदाहरण प्रस्तुत कर सकें।

सीएम विष्णुदेव साय का मुंबई दौरा रद्द

रायपुर/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय मुंबई का कार्यक्रम रद्द कर रायपुर लौट आए हैं। एयरपोर्ट पर सीएम साय ने पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर कहा, पाकिस्तान ने जो दुस्साहस किया है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। कल सीसीएस की बैठक में जो फैसला किया गया है, वो उनके मुंह पर तमाचा है। पाकिस्तान को हमारा देश सबक सिखाकर रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुंबई दौरे को लेकर कहा, 2 दिन का मुंबई प्रवास था पर जम्मू कश्मीर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में छत्तीसगढ़ के कारोबारी दिनेश दिवंगत हो गए। आज उनकी अंतिम यात्रा है इसलिए दौरा छोड़कर आ गए। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होंगे। उद्योग मंत्री मुंबई में मौजूद है। वे कर्यक्रम खत्म करके लौटेंगे। सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान को लेकर लिए गए 5 बड़े फैसलों को लेकर सीएम ने कहा, पिछले समय में भी पाकिस्तान द्वारा अटैक का करार जवाब दिया गया था, फिर भी पाकिस्तान बाज नहीं आया। जो दुःसाहस किया है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

प्रदेश में मोदी की एक और गारंटी पूरी

पंचायतें लोकतंत्र की जड़ें हैं, इन्हें सशक्त बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

■ डिजिटल सेवाओं की पहुंच अब गांव तक, ग्रामीणों को मिलेगी नकद भुगतान सहित नागरिक सुविधाएं

■ प्रदेश के 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में चलेगा जल संरक्षण अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। त्रि स्तरीय पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की मूल कड़ी हैं। मैं पांच साल पंच रहा और निर्विरोध रूप से सरपंच का दायित्व संभालने का अवसर भी मिला। अपनी ज़िम्मेदारी निभाते हुए यदि आप अच्छा काम करेंगे तो जनता का स्नेह हमेशा मिलेगा और गांव के विकास में आप बड़ी भूमिका निभा पाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर से 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' का वर्चुअल शुभारंभ कर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि पंचायती राज दिवस के खास मौके पर शुरू हुई इस योजना से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल क्रांति आएगी और प्रदेश के सरकारी सेवाओं और योजनाओं की पहुंच आम लोगों तक सुगम होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश के 11 हजार 693 ग्राम पंचायतों में मोर गांव मोर पानी महाअभियान का शुभारंभ कर पंचायत प्रतिनिधियों और नागरिकों से जल संरक्षण का आह्वान करते हुए शपथ दिलाई।

वाटर हार्वेस्टिंग जैसे उपायों की दिशा बढ़ें

प्रदेश में भू जल स्तर में लगातार कमी हो रही है और जल संचयन के उद्देश्य से मोर गांव मोर पानी महाअभियान का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि जल संचयन की दिशा में आप सभी को गंभीरता के साथ कार्य करना है। वर्षा जल संचयन के साथ-साथ वाटर हार्वेस्टिंग जैसे उपायों को भी अपनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। इन प्रयासों के माध्यम से ही हम आने वाले समय में प्रदेश में पानी की कमी को दूर कर पाएंगे। प्रदेश के 51 हजार परिवारों को पीएम आवास की 300 करोड़ से अधिक की राशि जारी।

मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचायतें हमारे लोकतंत्र की जड़ें हैं और इन्हें मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया था कि ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को बैंक शाखाओं तक न जाना पड़े। आज मोदी की इस गारंटी को पूरा करते हुए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया गया है।

सरकारी सेवाएं भी ग्रामीणों के लिए आसान

हमारे बुजुर्ग पेंशनधारी, महतारी वंदन योजना से लाभान्वित माताएं बहनें, अन्नदाता किसानों को पीएम किसान निधि समेत डीबीटी से प्राप्त राशि के आहरण की सुविधा अब गांव में ही मिलने लगेगी। साय ने कहा कि ग्रामीणों को अब लंबी दूरी तय कर बैंक नहीं जाना पड़ेगा और समय के साथ-साथ उनके आने-जाने में खर्च होने वाली राशि की भी बचत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र, पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड जैसी सरकारी सेवाएं भी ग्रामीणों के लिए आसान और सुगम हो जाएंगी। श्री साय ने विश्वास जताया कि यह योजना डिजिटल इंडिया मिशन को जमीनी स्तर पर मजबूती देगी और ग्रामीण क्षेत्रों में

रायपुर में नशे पर करारा प्रहार

पुलिस ने जलाया एक टन गांजा करोड़ों की नशे की खेप राख

रायपु/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विभिन्न प्रकरणों में जब्त किए गए गांजे को नष्ट कर दिया। एसएसपी डॉ। लाल उमेद सिंह की मौजूदगी में सिलतरा स्थित एक फैक्ट्री परिसर में करीब 987 किलोग्राम गांजा जलाकर नष्ट किया गया।

जानकारी के अनुसार, जब्त किए गए इस गांजे की अनुमानित बाजार कीमत करीब एक करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह कार्रवाई नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की सख्ती और प्रतिबद्धता का स्पष्ट संकेत है। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगी।

25 लाख रुपए से अधिक कीमत का गांजा जब्त

वहीं 11 अप्रैल, शुक्रवार को ओडिसा से राजस्थान ले जाए जा रहे गांजे की बड़ी खेप को केशकाल पुलिस ने जब्त करते हुए अंतरराज्यीय तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया था। पुलिस ने एक लग्जरी फार्च्यूनर कार का पीछा कर उसे रोका। तलाशी में कार से कई क्विंटल से अधिक गांजा बरामद हुआ था।

जानकारी के अनुसार, ओडिशा से भारी मात्रा में गांजा तस्करी कर राजस्थान ले जाया जा रहा था। सूचना के आधार पर केशकाल पुलिस ने दौरान कार से पकड़ा था। पुलिस को देखते ही तस्कर कार छोड़कर फरार हो गए थे। कार से बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 25 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही थी।

वक्फ बिल से आदिवासियों की जमीन सुरक्षित रहेगी

नगरी-रायपुर/नवप्रदेश। वक्फ संशोधन अधिनियम पारित होने से छत्तीसगढ़ के पांचवीं व छठी अनुसूचित क्षेत्रों में ये अधिनियम लागू नहीं होगा, इन क्षेत्रों में आदिवासी की जमीन परिवर्तित नहीं होती । इससे स्पष्ट है कि आदिवासियों की भूमि संरक्षित व सुरक्षित रहेगी । भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला धमतरी जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम ने बताया कि मंगलवार को एकात्म परिसर रायपुर में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के तत्वावधान में वक्फ संशोधन अधिनियम पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने वक्फ संशोधन अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने भी संबोधित किया।

छत्तीसगढ़ के 64 पर्यटक सुरक्षित लौट रहे वापस

रायपुर/नवप्रदेश। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद छत्तीसगढ़ के 64 लोग कश्मीर में फंसे हैं। सभी को श्रीनगर के होटल में ठहराया गया था, जो अब बस से अपने गंतव्य की ओर जाने निकल गए हैं। उन्होंने वीडियो शेयर कर कहा, श्रीनगर में अब हालात सामान्य है। पर्यटकों की श्रीनगर से सड़क मार्ग से वापसी जारी है।

नक्सलवाद की तरह आतंकवादियों के खात्मे का भी देना चाहिए टारगेट: टीएस सिंहदेव

रायपुर/नवप्रदेश। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान मीडिया से कहा कि केंद्र सरकार ने जिस तरह छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को समाप्त करने का टारगेट रखा है। सरकार को उसी तरह देश से आंतकवाद को खत्म करने का भी टारगेट देना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि पहलगांव में हुई घटना अत्यंत अमानवीय, वीभत्स और निंदनीय है। आतंकियों द्वारा प्रदेश और देश में अस्थिरता का वातावरण पैदा करने, आपसी भाईचारा को तोड़ने के लिए यह कुत्सित प्रयास किया गया है। इस मौके पर हम सब, पूरा देश सेना और सरकार के साथ खड़ा है। बड़े से बड़ा जवाब दिया जाए और आतंकवाद को समूल जड़ से समाप्त किया जाए।

पूर्वी डिप्टी सीएम सिंहदेव ने आगे कहा कि सीमा पर आतंकवादी संगठन इसी तरह की घटना को अंजाम देते रहे हैं। बीते वर्षों में इसमें कमी देखी गई है। आंकड़ों, घटनाओं में कमी आ रही है, लेकिन सिलसिला थम नहीं रहा है। इसलिए इसे जड़ से खत्म करने की दिशा में सरकार को जल्द निर्णय लेना चाहिए । छत्तीसगढ़ के बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया गया है। बीते 32 घंटो से तीन राज्यों (छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र) के 5 हजार से अधिक सुरक्षा बलों ने टॉप नक्सली लीडर हिड़मा, देवा, विकास समेत बड़े कैडर के नक्सलियों को घेर रखा है। लगातार चल रही पुलिस-नक्सल मुठभेड़ में अब तक 5 नक्सली मारे जा चुके हैं।। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह से करीब 5 हजार से अधिक की संख्या में नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों ने माओवादी संगठन के बटालियन नंबर-1 के नक्सलियों को घेर रखा है। लगातार दोनों ओर से गोलीबारी जारी है। यह मुठभेड़ कर्रेगट्टा, नडपल्ली, पुजारी कांकेर की पहाड़ी पर 30 घंटे से जारी है। इस मुठभेड़में छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र के जवानों ने मोर्चा संभाला है। अब तक 100 से अधिक आईईडी मिलने की बात सामने आई है, जिन्हें जवानों को निशाना बनाने के मकसद से बिछाया गया था।

व्यवसायी नजाकत अली ने पेश की मानवता की मिसाल

■ छत्तीसगढ़ के चिरमिरी के 11 लोगों की जान बचाई

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के चिरमिरी से 4 परिवार के 11 सदस्य जम्मू-कश्मीर घूमने गए हुए थे। इसी बीच मंगलवार को आतंकियों ने वहां मौजूद 27 पर्यटकों पर ताब तो फायरिंग कर दी। इस हमले के दौरान चिरमिरी के चार परिवार भी उसी क्षेत्र में मौजूद था। जिन्हें स्थानीय नागरिक नजाकत अली ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए मदद कर उनकी जान बचाई। यही कारण है कि, सभी पर्यटक सुरक्षित हैं।

अरविंद एस अग्रवाल छत्तीसगढ़ के चिरमिरी से है। वे भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं। जब आतंकवादियों ने पर्यटकों पर हमला किया तब अरविंद परिवार के साथ पहलगाम में ही थे। इस दौरान जब आतंकी हमला हुआ तब जम्मू- कश्मीर के स्थानीय कपड़ा व्यवसायी नजाकत अली ने अपनी जान पर खेलकर अरविंद सहित कुल 11 लोगों की जान बचाई।

भाजपा नेता ने फेसबुक पोस्ट कर नजाकत अली का जताया आभार

भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहने के बावजूद भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंद अग्रवाल ने अपनी फेसबुक वॉल पर नजाकत अली के प्रति आदर प्रकट किया है। आपको बता दे कि, चिरमिरी नगर निगम की भाजपा पार्षद पूर्वा स्थापक भी अपने पति कुलदीप स्थापक के साथ कश्मीर गई थी उनकी भी जान नजाकत अली ने बचाई है।

स्वास्थ्य मंत्री ने सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

■ सीधे मरीजों से बात कर सुविधाओं पर लिया फीडबैक

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सरगुजा जिला के एकदिवसीय प्रवास पर रहे। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने तथा आमजनों को मिलने वाली सुविधाओं को देखने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा का किया निरीक्षण, मरीजों से बात कर मिलने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं पर लिया फीडबैक गया। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने सर्वप्रथम शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां चिकित्सकीय सेवाओं जैसे किमोथेरपी केन्द्र, सिकल सेल केन्द्र, प्रसव केंद्र, टीकाकरण केन्द्र, मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की उपलब्धता, उपकरणों के उपलब्धता एवं दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी ली। वहीं केंद्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ शीला नेताम ने बताया कि यहां प्रतिदिन 300 से अधिक मरीज ओपीडी के लिए आते हैं। केंद्र में 30 बेड की सुविधा है, 2 चिकित्सा अधिकारी सहित 10 नर्सिंग स्टाफ यहां सेवा दे रहे हैं। इसके साथ ही यहां स्पर्श क्लिनिक, सिकलिन क्लीनिक, कीमोथेरेपी, हेल्थ प्रोग्राम आदि की सुविधा मरीजों को दी जा रही है। इस दौरान मंत्री जायसवाल ने उपस्थित मरीजों से बात कर सुविधाओं के सम्बन्ध में फीडबैक लिया। इस दौरान सुविधाओं से संतुष्ट होकर उन्होंने केंद्र की सेवाओं को सराहा। कीमोथेरेपी दीर्घायु वार्ड के निरीक्षण के दौरान मंत्री जायसवाल को कैंसर कीमोथेरेपी इंचार्ज डॉ हिमांशु गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में यहां 50 से अधिक मरीजों को नियमित कीमोथेरेपी दी जा रही है।

शानदार प्रदर्शन | लंबे समय बाद किसी छत्तीसगढ़ी फिल्म की सराहना

अनुज शर्मा की पारिवारिक फिल्म सुहाग ने जीता दर्शकों का दिल

धरसीवां-रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे धरसींवा विधानसभा के विधायक और छत्तीसगढ़ी फिल्मो के सुपर स्टार अनुज शर्मा की हालिया रिलीज फिल्म सुहाग ने पूरे राज्य में धूम मचा दी है।

फिल्म न केवल बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है, बल्कि इसने दर्शकों के दिलों में भी एक खास जगह बना ली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी फिल्म की जमकर सराहना की है, जिससे फिल्म और इसकी टीम का उत्साह दोगुना हो गया है।

संपूर्ण पारिवारिक फिल्म है सुहाग

सुहाग की सबसे खास बात यह है कि, यह लंबे समय बाद छत्तीसगढ़ी सिनेमा में आई एक संपूर्ण पारिवारिक फिल्म है। आज के दौर में जहां एक्शन और कॉमेडी फिल्मों का बोलबाला है। सुहाग ने रिश्तों की मिठास, परिवार के महत्व और सामाजिक मूल्यों को बड़े ही सहज और मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है। यही वजह है कि यह फिल्म हर वर्ग के दर्शकों को अपनी ओर खींचने में कामयाब रही है।

फिल्म सुहाग का ट्रेलर भी सीएम साय के हाथों लांच हुआ था: सुहाग छत्तीसगढ़ी सिनेमा की पहली ऐसी फिल्म है जो एक साथ 70 सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। यह आंकड़ा फिल्म की व्यापक पहुंच और दर्शकों के बीच इसके जबर्दस्त क्रेज को दर्शाता है। छोटे शहरों से लेकर बड़े शहरों तक, हर जगह सुहाग को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

कर्णप्रिय संगीत भी फिल्म का मजबूत पक्ष

फिल्म की सफलता का एक बड़ा कारण इसकी बेहतरीन कहानी और कर्णप्रिय संगीत भी है। सुहाग की कहानी दर्शकों को बांधे रखती है, जिसमें प्रेम, त्याग, और पारिवारिक एकता के भावों को खूबसूरती से पिरोया गया है। फिल्म के गीत न केवल मधुर हैं, बल्कि वे कहानी को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन गीतों की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रिलीज होने के साथ ही ये लोगों की जुबान पर चढ़ गए हैं।

आतंकी हमले को लेकर गुस्से का माहौल गोल्डन चौक में कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

अंतागढ़/नवप्रदेश। । जम्मू - कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले को लेकर गम और गुस्से का माहौल है। इस आतंकी हमले की हर ओर निंदा की जा रही है। हमले में मारे गए सैलानियों को नगर के गोल्डन चौक में भी नगरवासी व जनप्रतिनिधियों द्वारा कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए इस आतंकवादी हमले में पर्यटकों की हत्या से पूरे देश में शोक और आक्रोश का माहौल है। इस कायरतापूर्ण हमले की सभी वर्ग के लोगों ने कड़ी निंदा करते हुए गोल्डन चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। सभा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आम नागरिकों ने भाग लेकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी।

मुस्लिम समुदाय में भी आक्रोश व गुस्सा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर देशभर में गुस्सा देखने को मिल रहा है. इस हमले में नाम पूछकर गोली मारने को लेकर सभी समाज के लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है वहीं नगर के मुस्लिम समुदाय में भी खासा नाराजगी देखने को मिल रही है. समाज द्वारा गोल्डन चौक में कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई . इस दौरान गुस्साए मुस्लिम समाज के लोगों ने आरोपी आतंकवादियों और उनकी मदद करने वालों के लिए कड़ी सजा की मांग की.

इस दौरान सांसद भोजराज नाग, विधायक विक्रम देव उसेंडी, नगरपंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, उपाध्यक्ष अमल सिंह नरवास, जनपद अध्यक्ष मनोरमा मंडावी, लक्ष्मण ठाकुर, घनश्याम रामटेके, माखन सिंह, दीपसिंह सोलंकी, मंडल अध्यक्ष महेश उइके, जितेन्द्र मरकाम, पीलूराम साहू, महावीर ठाकुर, समद खान, सद्दू खान सहित आम लोग उपस्थित रहे।

राशन दुकान की नई शाखा से पेंटा गांव को राहत

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने किया शुभारंभ

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।। ग्राम पंचायत महाराहुरानार के अंतर्गत आने वाले ग्राम पेंटा के ग्रामीणों को अब राशन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। आज ग्राम में राशन दुकान की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, फूड ऑफिसर कौशिक, सरपंच बुधनी बरसा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि अब तक ग्राम पेंटा के ग्रामीणों को राशन लेने के लिए 4 किलोमीटर दूर महाराहुरानार जाना पड़ता था। यह दूरी विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए काफी कठिनाईपूर्ण थी। ग्रामीणों की लगातार मांग के बाद शासन द्वारा इस समस्या का समाधान करते हुए ग्राम पेंटा में राशन दुकान की उपशाखा खोलने की स्वीकृति दी गई।

उद्घाटन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार गरीबों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण का सर्वे 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें सभी पात्र हितग्राही अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे। राशन दुकान की यह नई शाखा ग्रामीणों के लिए एक बड़ी सुविधा होगी।

फूड ऑफिसर कौशिक ने खाद्य विभाग से संबंधित जानकारियां साझा करते हुए ग्रामीणों को राशन कार्ड, वितरण प्रक्रिया और पात्रता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग की कोशिश है कि किसी भी पात्र हितग्राही को खाद्यान्न से वंचित न रहना पड़े।इस अवसर पर सरपंच बुधनी बरसा, फूड इंस्पेक्टर कश्यप, हेमंत कश्यप, चैन सिंह ठाकुर, लच्छू सिन्हा, दिनेश ठाकुर, अनंत ठाकुर, देवेंद्र बरसा, राहुल कश्यप सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल का स्वागत करते हुए जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

ग्रामीणों ने इसे विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और उम्मीद जताई कि इसी तरह अन्य मूलभूत सुविधाएं भी शीघ्र ही उनके गांव तक पहुँचेंगी।

न्यूज गैलरी

शिवसेना ने एसडीएम को सौंपा सीएम के नाम संबोधित ज्ञापन

अंतागढ़। शिवसेना द्वारा अंतागढ़ एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ को ज्ञापन सौंपकर कांकेर जिला के अंतागढ़ ब्लॉक में स्थित रावघाट लोह अयस्क परियोजना द्वारा स्थानीय क्षेत्र के साथ किया जा रहे सौतेला व्यवहार को दूर करने की मांग किया है ।एवं स्थानीय क्षेत्र का रावघाट परियोजना के माध्यम से विकास करने की मांग किया है । शिवसेना द्वारा ज्ञापन में कहा गया है कि रावघाट माइस खुलने के पहले अधिकारियों ने क्षेत्र के आम जनता को बहुत से सपने दिखाए पर रावघाट माइस खुलने के बाद क्षेत्र का कोई विकास नहीं हुआ। शिवसेना सरकार से मांग करती है कि रावघाट परियोजना के माध्यम से अंतागढ़ से नारायणपुर तक का सड़क का निर्माण कराया जाए ।क्षेत्र के आम जनता को उच्च स्तर के स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल प्रारंभ किया जाए ।क्षेत्र में उच्च शिक्षा हेतु सर्व सुविधायुक्त स्कूल कॉलेज एवं अच्छे शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। क्षेत्र के बेरोजगारों को रावघाट माइस में रोजगार उपलब्ध कराया जाए। क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग संस्था प्रारंभ किया जाए।

लू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

रायगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने लू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आम जनता से अपील किया है कि लू के प्रभाव को गंभीरता से लें, इससे बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतने एवं और सुरक्षित रहने के उपाए बताए। क्या करें-घर से बाहर निकलने के पहले पर्याप्त पानी अवश्य पियें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें, टोपी, कपड़ा, छतरी का उपयोग करें। पानी, छाछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे-लस्सी, नींबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। ताजा भोजन करके ही घर से निकलें, धूप में अधिक निकलने से बचें। क्या न करें-धूप में खाली पेट न निकलें। पानी हमेशा साथ में रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। मिर्च मसाले युक्त एवं बासी भोजन न करें। बुखार आने पर ठंडे पानी की पट्टियां रखें। कूलर या एयर कंडीशन से धूप में एकदम न निकलें। साथ ही अनावश्यक धूप में न निकलें।

शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए जॉब फेयर 28 अप्रैल को

रायपुर । जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 28 अप्रैल 2025 को रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रायपुर में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब फेयर के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक मित्रा ग्रुप ऑफकंपनी एवं पीवीआर इनोक्स लिमिटेड रायपुर द्वारा न्यूनतम 12वीं, स्नातक, एम.बी.ए. (ग्रेजुएशन) उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती 8वीं, 12वीं आई.टी.आई. आदि के 283 पदों पर संभावित वेतनमान रू. 22000/- से 20000/- प्रतिमाह की दर पर की जाएगी। उक्त पदों पर नौकरी के इच्छुक एवं योग्य आवेदक निधर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बॉयोडाटा / आधार कार्ड एवं शैक्षणिक तकनीकी योग्यता के प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

आंगनबाड़ी में रिक्त पदों पर 5 मई तक मंगाए गए दावा-आपत्ति

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ (ग्रामीण)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र भुईयापाली डीपापारा ग्राम पंचायत बेहरापाली में आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण कर प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन सूची परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिकाओं को कोई आपत्ति हो तो वे 25 अप्रैल से 5 मई 2025 सायं 5.30 बजे तक परियोजना अधिकारी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ (ग्रामीण) में लिखित में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा।

जिला अस्पताल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण कहा-कोताही बरतने पर होगी कड़ी कार्रवाई

चिकित्सालय के रेनोवेशन संबंधी निर्माण कार्यों को करें समय पर पूरा

मरीजों से चर्चा कर चिकित्सालय के फीडबैक भी जाना

दंतेवाड़ा। आज मुख्यालय के जिला चिकित्सालय में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा प्रथम औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान कलेक्टर ने चिकित्सालय की सभी महत्वपूर्ण विभागों जैसे अस्थि रोग, शिशु रोग नाक कान गला, ब्रेन हेल्थ, स्त्री प्रसूति वार्ड, नवजात शिशु चिकित्सा वार्ड, सोनोग्राफी, ट्रामा, सेंटर, जनरल वार्ड, सीटी स्कैन, हमर लैब, ब्लड यूनिट वार्ड का औचक निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों और उपस्थित चिकित्सा विभाग की कर्मचारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए कलेक्टर ने सर्वप्रथम चिकित्सालय के प्रतिक्षा कक्ष का अवलोकन करते हुए उसे व्यवस्थित करने को कहा तत्पश्चात उन्होंने अभी हाल ही में प्रारम्भ हुआ ब्रेन हेल्थ वार्ड में जाकर वहां उपस्थित चिकित्सक से आने वाले मरीजों की औसत ओपीडी जाननी चाही इसके उत्तर में उपस्थित डाक्टरों ने बताया की औसतन 30 से 35 ओपीडी चिकित्सकी परामर्श के लिए आते हैं इनमें से अधिकतर डिप्रेशन अनिद्रा पार्किसंस सहित अन्य मानसिक बीमारियां से ग्रसित रोगी रहते है जिनकी काउंसलिंग करके उन्हें उपचार संबंधी इलाज किया जाता है इस क्रम में आगे टीकाकरण कक्ष को देखा इस दौरान उपस्थित महिला मरीज ग्राम बिंजाम निवासी ललिता से चर्चा कर उसके टीकारण कार्ड को देखा साथ की स्टाफसे कहा कि उनके पास आने वाली महिलाओं को महतारी वंदन जैसी महिलान्मुख योजनाओं के बारे में अवश्य बताएं।

इस मौके पर कलेक्टर ने सभी वार्डों में उपचारित निशुल्क दवाइयों की उपलब्धता, मरीजों को दिए जा रहे भोजन उसकी गुणवत्ता उनके डाइट और चिकित्सकों के नियमित रूप से मरीजों के देखने के समय के बारे में भी मरीजों और उनके परिजनों से फीडबैक लेते रहे। इस दौरान कलेक्टर ने चिकित्सालय के निर्माणाधीन ''रेनोवेषन'' कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल के वार्डो के प्रसाधन कक्षों में भी नियमित रूप से स्वच्छता को प्राथमिकता देने को कहा। कलेक्टर ने चिकित्सकों से यह भी कहा कि वे चिकित्सालय में मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की नियमित रूप से निगरानी करें। और यदि कोई दिक्कत आ रही है तो उसका तत्काल निराकरण करें। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सीएमएचओ अजय रामटेके, सिविल सर्जन अभय तोमर, सहित चिकित्सकीय अमला उपस्थित था।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया संयुक्त जिला कार्यालय का निरीक्षण

प्रत्येक कर्मचारी की टेबल पर नेमप्लेट तथा कार्य विवरण दीवार पर स्पष्ट रूप से अंकित करने के दिए निर्देश

दंतेवाड़ा। नव नियुक्त कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित कलेक्ट्रेट भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उप पंजीयक, आदिवासी विकास, रोजगार, श्रम, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, पीएचई, राजस्व सहित अन्य विभागों की शाखाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी विभागों में आवक-जावक रजिस्टर का सुव्यवस्थित संधारण, प्रत्येक कर्मचारी की टेबल पर नेम प्लेट तथा कार्य विवरण दीवार पर स्पष्ट रूप से अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि आगंतुकों की सुविधा के लिए भवन में विभागों की दिशा सूचक तीर चिह्न लगाए जाएं, जिससे कोई भ्रम न हो। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पुराने भंडारण सामग्री के निपटान (राइट-अप) की प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण करने का निर्देश दिया। कलेक्टर ने कार्यालय निरीक्षण के दौरान विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे स्वयं समय पर कार्यालय में उपस्थित हों

जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ में मनरेगा मैदानी अमलों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

एमसीबी/ नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत संचालित कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशन में किया गया, जिसमें क्षेत्र में कार्यरत मैदानी अमलों जैसे रोजगार सहायक, बीएफटी एवं मेट्स ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को मनरेगा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें 7-पंजी संधारण, जॉब कार्ड का अद्यतन, मजदूरी भुगतान प्रक्रिया, रोजगार दिवस का निर्धारण, जन-मनरेगा पोर्टल का उपयोग, एनएमएमएस (हरूरू) का क्रियान्वयन, आधार आधारित भुगतान प्रणाली, महिला सहभागिता को बढ़ावा देना, जॉब कार्ड सत्यापन, कार्यों का जियो टैगिंग, प्रधानमंत्री आवास योजना से समन्वय, ई-मस्टर रोल (श्र-स्क्र), जलदूत ऐप का उपयोग, जल संवर्धन एवं संरक्षण तथा अन्य मनरेगा अनुमेय कार्यों की जानकारी शामिल रही। इसके साथ ही कार्यशाला में संगम अभियान कार्यक्रम का भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जो कि ब्लॉक स्तरीय नोडल तकनीकी सहायक के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण सत्र में पीओ-नरेगा, तकनीकी सहायक, सहायक प्रोग्रामर सहित बड़ी संख्या में मैदानी अमलों की सक्रिय भागीदारी रही। कुल 254 मेट्स ने इस कार्यशाला में उपस्थित होकर योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से मैदानी अमलों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायता मिलेगी। कार्यशाला का उद्देश्य न केवल योजना की प्रक्रियाओं को समझाना था, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करना भी रहा।

दिव्यांगजनों को मिली बैटरी चलित ट्रायसायकल एवं व्हीलचेयर

कांकेर/नवप्रदेश। । समाज कल्याण विभाग द्वारा तीन दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्रायसायकल एवं व्हील चेयर प्रदाय की गई। नरहरपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैराडीह के अस्थिबाधित दिव्यांग श्री बिहारी पटेल को बैटरी चलित ट्रायसाइकल, ग्राम धनेलीकन्हार निवासी श्री अंजोरी यादव को व्हील चेयर और उनके भाई सुरीत यादव को समाज कल्याण विभाग द्वारा सीपी चेयर प्रदान किया गया। समाज कल्याण के उप संचालक ने बताया कि आवेदक की मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विभाग द्वारा ट्रायसायकल एवं व्हील चेयर प्रदान किया गया। सहायक उपकरण मिलने पर दिव्यांग श्री बिहारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वह चल-फिर नहीं सकता है, बैटरी चलित ट्रायसायकल मिलने से अपनी दिनचर्या में आने-जाने में परेशानी नहीं होगी।

तेज आंधी-तूफान से नवजात की मौत, जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। जिले के कुआकोंडा और कटेकल्याण ब्लॉक के कई ग्राम पंचायतों में आए तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई। तूफान की चपेट में आने से कई घरों की छतें उड़ गई, बिजली के खंभे और ट्रांसफॉर्मरों पर पेड़ गिर गए, जिससे जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। इस प्राकृतिक आपदा में एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई है। ग्राम पंचायत मोखपाल में एक आठ माह की नवजात बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बच्चे को झूले में सुलाकर मां घरेलू कार्यों में व्यस्त थी, तभी तेज आंधी-तूफान से पूरा घर हिल उठा और छत उड़ गई। झूले में सो रही नवजात को तूफान ने छत सहित उड़ा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए शासन की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। साथ ही, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल राहत पहुंचाने, आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने और मुआवजा प्रकरण बनाकर पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा प्रदान करने के निर्देश दिए। प्राकृतिक आपदाओं की इस मारक त्रासदी ने ग्रामीणों को भयभीत कर दिया है। जिला प्रशासन द्वारा राहत कार्य जारी है।

डीएमएफ जिला होने के बावजूद लगातार हो रहा पलायन: तुलिका कर्मा

पलायन रोकने व मनरेगा मजदूरी दर बढ़ाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सुलोचना व प्रवीण ने भी जताई नाराजगी कहा पलायन रोकने पहल करें प्रशासन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।। जिले में पलायन रोकने व मनरेगा को मजदूरी बढ़ाने आज पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा के नेतृत्व में नवनियुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि जिले के अतिसंवेदनशील ब्लॉक कटेकल्याण व कुआकोंडा में मनरेगा की मजदूरी दर कम होने के कारण लगभग 20 हजार ग्रामीण पलायन कर चुके हैं। इस मामले में जानकारी देते हुए तुलिका कर्मा ने कहा कि हमारा जिला डीएमएफ जिला है और यही के ग्रामीण पलायन कर रहे हैं यह बड़े शर्म की बात है। ग्रामीणों को जिले में मजदूरी इतनी कम दी जाती है, जिससे उनका गुजारा तक नहीं चल पाता जिससे वह ज्यादा मजदूरी की लालच में अन्य राज्य की ओर पलायन करते हैं। वहीं तुलिका ने कहा कि अभी तक हमारे जिले में तेंदूपत्ता की खरीदी शुरू नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान हो रहा है, जिसे जल्द शुरू कराना बेहद आवश्यक है। ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधारने डीएमएफ से विकास कार्यों की शुरुआत होने चाहिए ताकि गांव में ही ग्रामीणों को काम मिले, जिससे वह अपना जीवन यापन करें। इस मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि जिले में पूरी तरह अराजकता का माहौल है। ग्रामीणों को काम मिल रहा है तो समय पर मजदूरी नहीं मिल रही है साथ ही गीदम व दंतेवाड़ा के अंदरूनी इलाकों में ग्रामीणों का जीवन स्तर काफी नीचे गिर चुका है।

प्रथम पेज का शेष

नम्बी पहाड़ी पर जुटे थे...

में सुरक्षा बलों को मिली खुफिया जानकारी में कुछ बड़े नक्सली नेताओं के इस क्षेत्र में जमा होने की पुख्ता सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर तीन राज्यों के नक्सल ऑपरेशन से जुड़े उच्च अधिकारियों की निगरानी में सुरक्षा बलों ने पहाड़ी को चारों ओर से घेर लिया है।

अब आतंकियों को...

साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।

मोदी ने बिहार की धरती से आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पूरी दुनिया को एक सशक्त संदेश दिया और स्पष्ट शब्दों में कहा, भारत हर उस आतंकवादी और उसके संरक्षक को पहचानेगा, ढूंढेगा और सजा देगा, जो देश की शांति और सुरक्षा को चुनौती देता है। भारत आतंकवादियों को धरती के अंतिम कोने तक खदेड़ेगा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी और आतंकियों को उचित दंड मिलेगा। उन्होंने कहा, मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों की जनता और नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं, जो इस मुश्किल घड़ी में हमारे साथ खड़े हैं।

मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन परिवार के लोगों का अभी इलाज चल रहा है वे जल्द स्वस्थ्य हों इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा, इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया और किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। उनमें से कोई बंगला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था और कोई बिहार का लाल था। आज उन सभी की मृत्यु पर करगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है। हमारा आक्रोश एक जैसा है।

भारतीय उड़ानों के ...

तत्काल बंद कर दिया है और भारत के साथ सीमा पार का आवागमन पूरी तरह निलंबित किया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान सार्क वीजा छूट योजना के तहत भारतीय नागरिकों के लिए जारी सभी वीजा निलंबित कर रहा है जिसमें केवल सिख तीर्थयात्रियों को छूट दी जायेगी। इस तरह के वीजा पर पाकिस्तान में रह रहे भारतीयों (सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर) को 48 घंटे के अंदर पाकिस्तान छोड़ना होगा।

बयान के मुताबिक पाकिस्तान में इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग में नियुक्त थल, नव और वायु सेना के सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित करते हुए उन्हें हद से हद 30 अप्रैल तक पाकिस्तान से निकल जाने का समय दिया है और कहा कि इन पदों को समाप्त समझा जायेगा। इन पदों पर नियुक्त अधिकारियों के सहायक कर्मियों को भारत वापस जाने का निर्देश दिया गया है।

बयान में कहा गया है कि 30 अप्रैल तक राजनयिकों और कर्मचारियों की संख्या 30 तक सीमित कर दी जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री शरीफ के अलावा सेना और रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। पाकिस्तान कि एनएससी ने भारत में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति बैठक के बाद कल जारी घोषणाओं को धमकी भरा बताते हुए उसकी निंदा की है। पाकिस्तान ने कहा, ÷सिंधु नदी जल संधि के अनुसार पाकिस्तान के पानी के प्रवाह को रोकने या उसका रास्ता बदलने तथा धारा के निचले क्षेत्र के देश के अधिकारों को हड़पने के किसी भी प्रयास को युद्ध की कार्रवाई माना जायेगा और उसका राष्ट्र के पास सभी उपलब्ध शक्तियों के साथ पूरे बल से उत्तर दिया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि भारत ने कल पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने के विभिन्न निर्णयों के अंतर्गत वाघा बार्डर पोस्ट बंद करने, सार्क वीजा निलंबित करने, राजनयिक मिशनों की संख्या घटाने के साथ-साथ सिंधु जल संधि को भी तब तक निलंबित करने की घोषणा कि है जब तक कि पाकिस्तान अपना रवैया नहीं बदलता।

सुनवाई के बिना...

है कि बिना मुकदमा शुरू हुए किसी को लंबे समय तक जेल में रखना और उसे सजा मान लेना कानून के खिलाफ है। यह सुनवाई आरोपी की उस याचिका पर हो रही थी, जिसमें उसने मार्च 2023 में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा जमानत खारिज करने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जब राज्य की तरफ से यह दलील दी गई कि सह-आरोपी कोर्ट नहीं आ रहा है, तब बेंच ने कहा, राज्य को हमेशा यह अधिकार है कि वह उसकी जमानत रद्द करवाने के लिए कदम उठाए। लेकिन सिर्फ इस वजह से याचिकाकर्ता को सजा नहीं दी जा सकती कि दूसरा आरोपी कोर्ट नहीं आ रहा है। कोर्ट ने आदेश दिया कि ग्रेटर नोएडा में दर्ज इस मामले में याचिकाकर्ता को निचली कोर्ट द्वारा तय शर्तों के आधार पर जमानत दी जाए। आरोपी को जनवरी 2019 में गिरफ्तार किया गया था, यह मामला मादक पदार्थ अधिनियम के तहत दर्ज है।

हाईकोर्ट में आरोपी ने कहा था कि उसे उस जगह से गिरफ्तार नहीं किया गया जहां से 150 किलो गांजा बरामद हुआ था। उसके वकील ने हाईकोर्ट में दलील दी थी कि बाकी सभी सह-आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है, इसलिए उसे भी समानता के आधार पर जमानत मिलनी चाहिए।

न्यूज गैलरी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में पदस्थ स्वच्छक श्याम कुमार को किया निलंबित

एमसीबी/नवप्रदेश । कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेशानुसार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में पदस्थ स्वच्छक श्याम कुमार को मृतक अमृत लाल साहू के पोस्टमार्टम हेतु परिजनों से अनावश्यक राशि मांगने के गंभीर आरोप के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई 19 अप्रैल 2025 को मृतक के परिजनों द्वारा की गई शिकायत और विभिन्न न्यूज चौनलों में प्रसारित समाचारों को संज्ञान में लेते हुए की गई है। साथ ही सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (2) में निहित प्रावधानों के अंतर्गत श्याम कुमार को तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बंजी, जिला एमसीबी में निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वहन हेतु भत्ता प्रदान किया जाएगा।

50 हजार की रिश्वत के साथ आरआई एसीबी के हत्थे चढ़ा

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही/नवप्रदेश । एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रिश्वत के आरोप में फरार चल रहे गौरेला तहसील के राजस्व निरीक्षक घनश्याम भारद्वाज को गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी की टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गौरेला निवासी किसान रंजीत राठौर से कृषि भूमि का सीमांकन कराने के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। मामले मे एसीबी पहले ही राजस्व निरीक्षक संतोष कुमार चंद्रसेन को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। वह इस पूरे मामले में मध्यस्थता कर रहा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि अधिकारी बिना पैसे के काम नहीं कर रहे थे, जिससे उन्हें महीनों चक्कर काटने पड़े। अंततः परेशान होकर उन्होंने एसीबी से शिकायत की। जांच के बाद टीम नले भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए घनश्याम भारद्वाज को न्यायालय में पेश किया।

महिला बाल विकास विभाग मंत्री का विधायक ने किया स्वागत

कांकेर//नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ शासन की महिला बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े का कांकेर आगमन हुआ। माननीय मंत्री के कांकेर आगमन पर कांकेर के लोकप्रिय विधायक आशाराम नेताम कांकेर जिलाध्यक्ष महेश जैन मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा ने सर्किट हाउस पहुंचकर मंत्री का स्वागत किया गया । महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े और विधायक आशा नेताम के बीच विकास को लेकर लंबी चर्चा हुई।

पंचायती राज दिवस पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल संबोधन

कांकेर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्राम पंचायती राज दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मधुबनी बिहार से देश भर के लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पंचायती राज, समूह गतिविधियों और अन्य विषयों पर उद्बोधन दिया। इसी क्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विभिन्न जिलों की ग्राम पंचायतों में महिला हितग्राहियों से चर्चा की तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली, साथ ही उन्होंने ग्राम स्तर पर जल संरक्षण करने की शपथ भी दिलाई। जिला स्तर पर कांकेर विकासखण्ड के ग्राम कन्हारपुरी में ग्राम पंचायती राज का आयोजन किया गया, जिसमें कांकेर विधायक आशाराम नेताम मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत कांकेर की ग्राम पंचायत कन्हारपुरी में प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश सहित देश भर के लोग जुड़े। इस दौरान अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ आज वर्चुअल माध्यम से किया गया। उक्त वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़कर संबोधित किया। संबोधन से पहले प्रधानमंत्री ने मंगलवार 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मृत्यु होने पर श्रद्धांजलि दी तथा आंतकवाद के लिए कड़ी कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने पंचायत सशक्तीकरण पर जोर देते हुए विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री के उद्बोधन पश्चात मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीण विकास और पंचायती राज के सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। उन्होंने विभिन्न जिलों से जुड़ीं समूह की हितग्राही महिलाओं से उनकी गतिविधियों के बारे में फीडबैक लिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने ग्राम स्तर पर जल संरक्षण करने की शपथ भी दिलाई। इसके पहले, प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के विस्तार तथा ग्राम स्तर पर जल संरक्षण करने पर जोर दिया।

नवीन नक्सल पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने कांकेर में विशेष शिविर आयोजित

- मौके पर ही आधार आयुष्मान कार्ड व राशन कार्ड बनाए गए
- कलेक्टर ने शतप्रतिशत सैचुरेशन के दिए निर्देश

कांकेर /नवप्रदेश । राज्य शासन द्वारा लागू की गई नवीन नक्सल पुनर्वास नीति-2025 के तहत जिले में निवासरत माओवादी पीड़ित एवं प्रभावित परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार नगर के न्यू कम्युनिटी हॉल में आज विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभावित परिवारों का मौके पर विभिन्न प्रकार के दस्तावेज तैयार किए गए, साथ ही योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ लेने का अनुरोध किया गया।

नगर पालिका कांकेर के न्यू कम्यूनिटी हॉल में आयोजित प्रथम विशेष शिविर में काफी संख्या में प्रभावित परिवार के लोग पहुंचे, जहां पर विभिन्न विभागों के सहयोग से आवश्यक दस्तावेज तैयार किए गए। इस दौरान खाद्य विभाग, कौशल विकास, श्रम, अग्रणी बैंक, चिप्स, स्वास्थ्य विभाग, कृषि, राजस्व, विद्युत, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, समाज कल्याण, आदिवासी विकास, अंत्यावसायी विकास निगम तथा जिला पंजीयक द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। मौके पर ही 06 लोगों ने आधार कार्ड अपडेट कराया तथा एक का नया आधार हेतु पंजीयन कराया गया। इस तरह श्रम विभाग द्वारा 06 आवेदकों का नया पंजीयन किया गया। इसके अलावा एक बच्ची का आयुष्मान कार्ड मौके पर बनाया गया।

कलेक्टर ने शिविर स्थल का अवलोकन एवं निरीक्षण कर सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुसार पीड़ित एवं प्रभावित परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शत-प्रतिशत सैचुरेट करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न जरूरी दस्तावेजों के अभाव में कई ऐसे परिवार हैं जो शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं, ऐसे में उन्हें लाभान्वित करने प्राथमिकता से दस्तावेज बनाया जाना बेहद आवश्यक होता है, इसीलिए विशेष शिविर आयोजित किया गया है। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की गई। इस दौरान कुल 52 आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार कुर्रे तथा एसडीएम कांकेर श्री अरूण वर्मा ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को शीघ्रता से दस्तावेज तैयार करने के निर्देश दिए।

पीएफऔर पेंशन मामलों के त्वरित निपटान के लिए...

एसईसीएल निदेशक ने सीएमपीएफ एवं सीडेक अधिकारियों के साथ की बैठक

- सी-केयर्स पोर्टल को और अधिक प्रभावी बनाने एवं सीएमपीएफ प्रक्रियाओं में समन्वय बढ़ाने पर दिया गया विशेष बल

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल के निदेशक (एचआर) श्री बिरंची दास ने कंपनी मुख्यालय, बिलासपुर में पीएफ/पेंशन से संबंधित मामलों के शीघ्र एवं सुगम निपटान के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण बैठकें कीं।

प्रथम बैठक में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सीडेक) तथा सीएमपीएएफ्ओ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए श्री दास ने ष्ट-ष्ट्डुह्ह्ह्य पोर्टल के माध्यम से पीएफ/पेंशन मामलों का न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए।

बैठक में ष्ट-ष्ट्डुह्ह्ह्य पोर्टल के तकनीकी एवं प्रायोगिक पहलुओं की समीक्षा की गई तथा उसमें सुधार हेतु आवश्यक सुझाव साझा किए गए। पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया ताकि यह और अधिक सुलभ, भरोसेमंद व परिणामकारी बन सके।

दूसरी बैठक में श्री दास ने सीएमपीएफ्ओ बिलासपुर एवं जबलपुर के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए सीएमपीएफ़ नंबर अलॉटमेंट, पेंशन पेमेंट ऑर्डर (क्क्ष्ह) एवं संशोधित क्क्ष्ह जारी करने की प्रक्रियाओं में बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने विधवा पेंशन, पुराने लंबित पीएफ प्रकरण, संशोधित क्क्ष्ह, तथा ह्ष्ट्ठ्ठ-11 के लागू होने के पश्चात पेंशन पुनरीक्षण से जुड़े मुद्दों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

श्री दास ने कहा कि पेंशन लाभार्थियों को इन प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करना भी उतना ही आवश्यक है, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए समय पर लाभ प्राप्त कर सकें।

बैठक में श्री हरी पचौरी, रीजनल कमिश्नर ड्ड 1, एनईडीपीसी, सीएमपीएफ्ओ हैदराबाद; श्री मोहित वेद, जॉइंट डायरेक्टर, सीडेक बैंगलोर; श्री जेएस राय, रीजनल कमिश्नर ड्ड 1, सीएमपीएफ्ओ बिलासपुर; श्री पीके जैन, रीजनल कमिश्नर ड्ड 2, सीएमपीएफ्ओ जबलपुर सहित एसईसीएल के विभिन्न संचालन क्षेत्रों के एचआर अधिकारियों एवं मुख्यालय के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य मंत्री ने सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

सीधे मरीजों से बात कर सुविधाओं पर लिया फीड बैक

सरगुजा/ नवप्रदेश। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सरगुजा जिला के एकदिवसीय प्रवास पर रहे। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने तथा आमजनों को मिलने वाली सुविधाओं को देखने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा का किया निरीक्षण, मरीजों से बात कर मिलने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं पर लिया फीडबैक :

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने सर्वप्रथम शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां चिकित्सकीय सेवाओं जैसे किमोथेरपी केन्द्र, सिकल सेल केन्द्र, प्रसव केंद्र, टीकाकरण केन्द्र, मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की उपलब्धता, उपकरणों के उपलब्धता एवं दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी ली। वहीं केंद्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ शीला नेताम ने बताया कि यहां प्रतिदिन 300 से अधिक मरीज ओपीडी के लिए आते हैं। केंद्र में 30 बेड की सुविधा है, 2 चिकित्सा अधिकारी सहित 10 नर्सिंग स्टाफ यहां सेवा दे रहे हैं। इसके साथ ही यहां स्पर्श क्लिनिक, सिकलिन क्लीनिक, कीमोथेरेपी, हेल्थ प्रोग्राम आदि की सुविधा मरीजों को दी जा रही है। इस दौरान मंत्री जायसवाल ने उपस्थित मरीजों से बात कर सुविधाओं के सम्बन्ध में फीडबैक लिया। इस दौरान सुविधाओं से संतुष्ट होकर उन्होंने केंद्र की सेवाओं को सराहा। कीमोथेरेपी दीर्घायु वार्ड के निरीक्षण के दौरान मंत्री जायसवाल को कैंसर कीमोथेरेपी इंचार्ज डॉ हिमांशु गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में यहां 50 से अधिक मरीजों को नियमित कीमोथेरेपी दी जा रही है। जिन्हें कार्ड जारी किया गया है।

79 मवेशी के साथ तीन गौ तस्कर पुलिस की गिरफ्त में, पीकअप जब्त

- बजरंग दल की सूचना पर पुलिस ने की कार्यवाही

कांकेर/नवप्रदेश । बीते दिन गौ तस्कर मवेशियों को महाराष्ट्र के बूचड़ खाने ले जाने वाले आरोपियों को बजरंग दल की मदद से पुलिस ने 74 नग मवेशी को जब्त करते हुए मालवाहक वाहन सहित तीन आरोपी को गिरफ़्तार किया है।पुलिस से मिली जानकारी अनुसार उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलेसिला.के आदेशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा के दिशा निर्देशानुसार एवं उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में गौ तस्करी की सूचना पर कार्यवाही करते हुये 74 गौवंश पशुओं को जप्त किया गया। ग्राम सारवंडी में 74 गौवंश पशुओं को भूखे प्यासे मारपीट करते हुये अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा पैदल गौ तस्करी हेतु ले जाने की सूचना प्राप्त होने पर दुधावा पुलिस एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पकड़ा गया। गौ तस्कर 74 गौवंश पशुओं को छोड़कर भाग गये। जिसमें अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध 22अप्रैल 2025 को अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। एक अन्य प्रकरण में दिनांक 22अप्रैल 2025 को पिकप क्रमांक सीजी 04 जेडी 2303 में 05 मवेशी को भूखे प्यासे प्रताड़ित हालत में परिवहन किया जा रहा था। जिसे ग्राम साल्हेटोला में घेराबंदी कर रूकवाकर 05 मवेशी को बरामद किया गया एवं आरोपियों की गिरफ्तारी किया गया। 02 प्रकरण में जप्त कुल 74+05= 79 गौवंश पशुओं को गौ तस्करों से मुक्त कराकर गौशाला भेजा जा रहा है। दुधावा चौकी के सभी स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।गौ तस्कर में शामिल गिरफ्तार आरोपियों का नाम इस प्रकार हेमलाल आड़िल पिता सिताराम उम्र 30 वर्ष साकिन सिदेसर थाना कांकेर .बैदराम मरकाम पिता तुलसी राम मरकाम उम्र 40 वर्ष साकिन दलदली चौकी दुधावा.जोहन सिंह सलाम पिता धनसिंग सलाम उम्र 57 वर्ष साकिन दलदली चौकी दुधावा जिला कांकेर शामिल हैं।

आशीर्वाद लेने जमीन पर लेटकर जाते हैं मेले में, पहुंचे ग्रामीण श्रद्धालु, ऊपर से गुजरती है देवी लच्छन देई की पालकी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बस्तर में मड़ई मेला की अपनी एक अलग ही आस्था हैं। सभी मंडई-मेला में अलग-अलग परंपरा निभाई जाती हैं। दंतेवाड़ा में मंडई-मेला दौर घोटपाल मेले से शुरू होता है। इसके बाद जिले के सभी प्रसिद्ध देवी-देवताओं का मेला होता है। दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा पुजारीपारा में प्रति वर्ष लच्छनदेई माता का मेला लगता है। इस मेले में कुआकोंडा परगना के सभी 84 गांव के लोग शामिल होते हैं। सभी गांवो से अपने-अपने देवताओं का ध्वज लेकर ग्रामीण इस मेले में पहुंचते हैं। कुआकोंडा में देवी लच्छन देई का मेला मंगलवार को लगा। इसमें 84 गांवों के लोग जुटे। माता की पालकी निकली तो उसके रास्ते में लोग 39 डिग्री सेल्सियस की गर्मी में जमीन पर लेट गए। माता की पालकी उनके ऊपर से गुजरी। श्रद्धालु माता का आशीर्वाद लेने के लिए ऐसा करते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को माता लच्छन देई की छोटी बहन गगना देई के मैलावाड़ा मंदिर में मेला लगेगा। इन दोनों देवियों को क्षेत्र के लोग बहन बताते हैं। एक का मंदिर कुआकोंडा के पुजारीपारा में है और दूसरी का 5 किलोमीटर दूर मैलावाड़ा में है। हर साल अप्रैल महीने में मंगलवार को पुजारीपारा और बुधवार को मैलावाड़ा में मेले का आयोजन होता है। इस बार मेले में कुआकोंडा से लेकर बुरगुम, पोटाली, नहाड़ी, रेवाली, निलावाया जैसे 50 किलोमीटर दूर गांव से ग्रामीण पहुंचते हैं। लच्छन देई माता का मंदिर पुजारीपारा में है पर क्षेत्र के मुखिया का घर 4 किलोमीटर दूर मांझीपारा में है। पुजारी और मांझी परिवार के लोग पालकी मांझी के घर से लेकर पहुंचते हैं। मांझीपारा से पालकी निकलते ही मंदिर आने वाले रास्ते में लोग जमीन पर लेट जाते हैं। पालकी इनके ऊपर से ही गुजरती है। यह परंपरा इस साल भी निभाई गई। पुजारी लेटे हुए लोगों पर बड़े से मटके में रखा चावल आशीर्वाद के रूप में डालते गए। लोगों ने बताया देवी की पालकी साल में एक बार ही निकलती है, आशीर्वाद लेने के लिए लेटने की परंपरा बहुत पुरानी है। कुआकोंडा क्षेत्र के 84 गांवों में आज से ग्रामीण माटी तिहार (आमा पंडुम) मनाएंगे। इस दौरान गांवों में सभी काम बंद रहेंगे, साथ ही आज से आम भी खाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। ग्रामीणों को पुजारीपारा और मैलावाड़ा के मेले के बाद आम का अमचूर बनाने और इसके इस्तेमाल की अनुमति दी जाती है। रविवार 27 अप्रेल को ग्रामीणों का आमा पंडुम का त्योहार संपन्न होगा।

घर निर्माण करने 7 से 8 फीट नजूल भूमि पर अवैध अतिक्रमण

- वार्डवासियों के विरोध के बावजूद निर्माण कार्य रुका नहीं
- कलेक्टर को लिखित शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार

कांकेर /नवप्रदेश नगरपालिका परिषद कांकेर के अंतर्गत आने वाले महादेव वार्ड में राकेश साहू द्वारा नजूल जमीन पर अतिक्रमण कर वार्ड के आवागमन के रास्ते को रोका जा रहा है।अवैध रूप से अतिक्रमण करने से राकेश साहू के आसपास रहने वाले वार्डवासियों ने अवैध अतिक्रमण करने वाले राकेश साहू के खिलाफ़ कलेक्टर कांकेर को वार्डवासियों के लिखित हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर अवैध अतिक्रमण तोड़ने की मांग किया गया है।

महादेव वार्ड के वार्डवासियों में बबलू खान नईम खान सद्दाम खान जगदीश पटेल बाबूलाल पटेल कुणाल पटेल सहित वार्ड वासियों ने बताया कि विगत महीने भर पहले से वार्ड के राकेश साहू पिता स्व. दशरू साहू निवासी महादेव वार्ड द्वारा शासकीय भूमि पर 7 से 8 फीट तक अवैध तरीके से मकान बनाया जा रहा जिससे मोहल्ले वासी व अन्य वाहनों को आने जाने में आवागमन बाधित हो रहा है व नगर पालिका का पानी सप्लाई पाईप लाईन को भी अवैध तरीके से मकान के अन्दर दबाया जा रहा है। अतःराकेश साहू के आसपास के समस्त वार्डवासी से कलेक्टर से गुहार लगाई है कि राकेश साहू के द्वारा किये जा रहें अवैध रूप से अतिक्रमण पर जल्द से जल्द कड़ी कार्यवही करने का कष्ट करें।

फिर अवैध अतिक्रमण पैर पसार रहा आखिर कब होगी कार्यवाही ?

बता दें कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले अवैध अतिक्रमण पर कांग्रेस सरकार नकेल कसने में कामयाब हुई थी। लेकिन बड़े दिनों बाद जब भाजपा की सरकार बनते ही अवैध अतिक्रमण करने वाले पैर पसारना शुरू कर चुके हैं। अवैध अतिक्रमण करने वालो के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि तीन दिन पूर्व महादेव वार्ड के दर्जन भर वार्डवासियों के द्वारा दिए गए आवेदन पर अधिकारी सुध लेते नहीं दिख रहे हैं! कलेक्टर कांकेर को वार्डवासियों ने लिखित शिकायत के पहले नगर पालिका अधिकारी को मौखिक शिकायत के बावजूद वार्ड के लोगों को न्याय नही मिलने की बात सामने आई है।

मतीन खान, पार्षद महादेव वार्ड ने बताया कि वार्ड में राकेश साहू द्वारा किए जा रहे निर्माण में ार्डवासियों ने अवैध अतिक्रमण का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत के आधार पर नजूल विभाग जमीन की नाप जोख करके स्पष्ट करे कि राकेश साहू कितना अवैध निर्माण किया जा रहा है। अवैध निर्माण होने पर निश्चित रूप से कार्यवाही होनी चाहिए।

खेल अकादमी हेतु चयन ट्रायल 29 एवं 30 अप्रैल को

बालोद/नवप्रदेश। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी श्री चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एवं राज्य शासन द्वारा संचालित खेल अकादमी हेतु चयन ट्रायल की तिथि घोषित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सत्र 2025-26 अंतर्गत तीरंदाजी, एथेलेटिक्स, हॉकी, कबड्डी में 13 से 17 वर्ष की आयु वाले बालक एवं बालिका का चयन ट्रायल 29 एवं 30 अप्रैल 2025 को स्व. बी आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई जिला बिलासपुर में किया जाएगा।

ग्राम ताराबहरा में जल संरक्षण हेतु ग्रामसभा का ऐतिहासिक संकल्प, प्रत्येक घर में बनेगा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

एमसीबी/ नवप्रदेश। कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत ताराबहरा, जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ में एक विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस ग्रामसभा में जल संरक्षण को लेकर एक ऐतिहासिक और सर्वसम्मत संकल्प पारित किया गया। ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि गांव के प्रत्येक घर में वर्षा जल संचयन (वाटर हार्वेस्टिंग) की संरचना बनाई जाएगी, जिससे बहुमूल्य वर्षा जल व्यर्थ न बहे। साथ ही, जल के महत्व को समझते हुए गांव में जनजागरूकता फैलाने का भी निश्चय किया गया। ग्रामसभा ने यह भी तय किया कि पारंपरिक जल स्त्रोतों जैसे कुएँ, बावड़ी, तालाब आदि की नियमित सफाई एवं संरक्षण को सभी ग्रामवासी अपना नैतिक कर्तव्य समझेंगे। जल संरक्षण से जुड़े हर कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाने और अगली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए निरंतर जागरूकता फैलाने का भी संकल्प लिया गया।

कलेक्टर ने किया संयुक्त जिला कार्यालय का निरीक्षण

विभिन्न शाखाओं में पहुंचकर कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों की ली जानकारी

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती मिश्रा ने कार्यालय में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यो के संबंध में जानकारी ली। श्रीमती मिश्रा ने अधिकारियों को जिला कार्यालय में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा निर्धारित समय अवधि में अपने कार्यो को बेहतर ढंग से संपादित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री चन्द्रकांत कौशिक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय में स्थित जिला नाजिर कक्ष, कलेक्टर न्यायालय, नजूल कक्ष, एनआईसी कक्ष, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कक्ष एवं न्यायालय, राजस्व लेखा शाखा, नजारत कक्ष, आवक-जावक कक्ष, वित्त शाखा, वरिष्ठ लिपिक एवं प्रतिलिपि शाखा, सांख्यिकी एवं प्रोटोकॉल शाखा आदि का निरीक्षण किया और वहाँ कार्यरत कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यो के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कार्यालय में व्यवस्थाएं बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

न्यूज गैलरी

लेखापाल के 01 रिक्त संविदा पद पर भर्ती हेतु 30 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

कोरबा/नवप्रदेश।। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केन्द्र कोरबा में लेखापाल के स्वीकृत 01रिक्त पद की पूर्ति किया जाना है। पंचायत संचालनालय अंतर्गत लेखापाल के 01 रिक्त संविदा पद पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2021 एवं पंचायत संचालनालय छ.ग. विकास भवन अटल नगर रायपुरद्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान हेतु जारी मार्गदर्शिका में विहित प्रावधान अनुसार निर्धारित सेवा शर्तों, अर्हता एवं योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से लेखापाल के 01 रिक्त संविदा पद हेतु 30 अप्रैल 2025 षाम 5बजे तक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा के नाम पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से अथवा ई-मेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश जिले के वेब साइट ूणवतइंण्हवअण्पद तथा जिला पंचायत के सूचना पटल से प्राप्त कर सकते हैं।

जिले में पोषण पखवाड़ा 2025 का हुआ समापन

कोरबा/नवप्रदेश।। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में पोषण पखवड़ा 2025 का समापन समारोह मनाया गया। पोषण पखवाड़ा 2025 मुख्य रूप से 4 थीम पर केन्द्रित रही। जिसमें जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर विषेष ध्यान, पोषण टैऊकर में उपलब्ध बेनिफिशरी मॉडयूल का व्यापक प्रचार-प्रसार, सी-सेम माडयूल का प्रबंधन व बच्चों में मोटापे के समस्या को रोकने के लिए स्वस्थ्य जीवन षैली के संबंध में जागरूकता षामिल है। गौरतलब है कि व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन व पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के उददेष्य से 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कडी में जिला एवं परियोजना स्तर पर पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों की समीक्षा एवं समापन समारोह आयोजित किए गए। ग्राम पंचायत नगर निकाय की बैठकों में भी अपने क्षेत्र की पोषण स्थिति का आंकलन एवं कुपोषण मुक्ति हेतु नियोजन संबंधित चर्चा भी की गई।

35 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

बिलासपुर//नवप्रदेश।। मामले के संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि चेतना विरुद्ध नशा व प्रहार अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध कार्यवाहीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भा.पु.से.) द्वारा निर्देशित किया गया है। दिनांक 23.04.2025 को जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम टेंगनमाडा में अवैध रूप से धनार्जन करने के उद्देश्य से कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहे है रखे हैं, मुखबिर से प्राप्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारिओ को अवगत कराया गया जिनके निर्देशानुसार व मती अर्चना झा (रा. पु.से.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं मती नुपूर उपाध्याय (रा.पु.से.) अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर ग्राम टेंगनमाडा में रेड कार्यवाही करते हुये अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले पर रेड कार्यवाही कर आरोपिया आभा पति बबलू राय उम्र 38 वर्ष निवासी टेंगनमाडा करवा चौकी बेलगहना चौकी बेलगहना जिला बिलासपुर के कब्जे से अलग अलग प्लास्टिक डिब्बा में कुल 35लीटर कच्ची महुआ शराब, कीमती 7000रु के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही करते हुये आरोपिया आभा राय को 23.04.2025 को विधिवत गिरफ्तार क़र न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया.

समाज में शादी की बात नहीं मानने पर गला दबाकर मारा था

प्रिया के हत्यारे को उम्रकैद

कोरबा।नवप्रदेश। प्रेमिका से पीछा छुड़ाने के लिए एक युवक ने अपने भाई के साथ मिलकर उसे मार डाला और फंदे पर लटका दिया। मामले में न्यायालय ने प्रेमी युवक को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है जबकि उसका भाई दोषमुक्त कर दिया गया।न्यायालय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी बोधराम कुर्रे द्वारा कटघोरा थाना के जटगा पुलिस चैकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी कि उसकी 18 वर्षीय लड़की प्रिया कुर्रे 26 जून 2020 को सुबह घर से बिना बताये कहीं चली गई है। आस-पास रिश्तेदारी में पता करने पर कोई पता नहीं चल रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा गुम इंसान कायम कर पता तलाश में लिया गया।

इस बीच ग्राम पंचायत बनखेता के उप सरपंच विपिन जायसवाल द्वारा चैकी जटगा में आकर मर्ग की सूचना दी गई कि रावा रोड जामपानी के जंगल में किसी लड़की का कंकाल सराई पेड़ में लटका है। वह ग्राम बनवार के राहा रोड से दाहिनी ओर जंगल अंदर करीबन 100 मीटर गड्ढे जैसे स्थान में गया जहां सरई पेड़ के शाखा में सफेद चुनरी एवं हरी चुनरी में कंकाल नुमा लड़की लटकी मिली। एक धूप वाला चश्मा तथा एक पैर की सेन्डील वहीं पर पड़ी मिली। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। मृतका की पहचान प्रिया कुर्रे के रूप में होने बाद सम्पूर्ण जांच में पाया गया कि अभियुक्त लखन यादव के द्वारा पीड़िता को घर से भगाकर ले जाकर जामपानी के जंगल रावा में अपने भाई अभियुक्त जगमोहन यादव के साथ मिलकर हत्या की गई। लखन यादव एवं जगमोहन यादव के खिलाफधारा 302, 34 भारतीय दण्ड संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मृतका के अनुसूचित जाति से संबंधित होने के कारण अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचारण निवारण) अधिनियम की धारा 3 (2) (वी) जोडी गई। विवेचना उपरांत पुलिस द्वारा विशेष न्यायालय में अंतिम प्रतिवेदन के साथ विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया।

पुलिस विवेचना में यह बात सामने आई कि आरोपी लखन यादव का गांव में ही किराना दुकान है और गांव की ही 18 वर्षीय प्रिया कुर्रे के साथ जान पहचान होने से प्रेम संबंध स्थापित हो गया था। इस बीच लखन यादव का विवाह सामाजिक में तय होने के कारण उसके द्वारा प्रिया कुर्रे को समझाने की कोशिश की गई कि वह भी अपने समाज में शादी ब्याह कर ले लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी। इसके बाद लखन यादव ने अपने भाई जगमोहन यादव के साथ मिलकर युवती को मोटरसाइकल पर बिठाकर जामपानी के जंगल ले जाकर चुनरी से गला दबाकर मार डाला और उसी चुनरी से पेड़ पर लटका कर वहां से दोनों भाई मोटरसाइकिल से वापस लौट आए। न्यायालय में विचारण के दौरान आरोपी लखन यादव पर दोष सिद्ध हुआ किंतु साक्ष्य के अभाव में जगमोहन यादव दोष मुक्त किया गया। प्रकरण में न्यायालय विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 पीठासीन न्यायाधीश जयदीप गर्ग ने आरोपी लखन यादव पिता छतराम यादव 27 वर्ष निवासी लारीपारा ग्राम पंचायत नवापारा, थाना कटघोरा को धारा 302 में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 25000 रुपये का अर्थदंड भी आरोपित किया गया है जिसका भुगतान न करने पर 6 माह का सश्रम अतिरिक्त कारावास भुगताया जाएगा। प्रकरण में शासन की तरफसे रमेश सिंह यादव विशेष लोक अभियोजक ने पैरवी की।

दर्री में हुई डकैती का हुआ खुलासा, मोटर साइकिल एवं मोबाइल फोन बरामद

कोरबा। प्रार्थी विकास कुमार झा द्वारा 15 अप्रैल को थाना दर्री में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 14 अप्रैल को रात्रि 10.30 बजे जब वे एनटीपीसी प्लांट के मेस से खाना खाकर अपनी मोटरसाइकिल से साडा कॉलोनी जा रहे थे, तभी के.सी. जैन मार्ग, केन्दईखार के पास अज्ञात व्यक्तियों ने डंडे से हमला कर उन्हें घायल कर दिया तथा उनके पास से मोबाइल फोन एवं मोटरसाइकिल को जबरन छीनकर फरार हो गए। उक्त कथन पश्चात प्रकरण में थाना दर्री में अपराध क्रमांक 91ध्2025 धारा 309(6), 310(2) ठछै के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।जांच में पाया गया कि विकास कुमार झा जब साडा कॉलोनी लौट रहे थे, तब दो मोटरसाइकिलों पर सवार एक विधि से संघर्षरत बालक सहित पाँच आरोपियों ने उन्हें रोककर लाठी से प्रहार किया और डरा-धमका कर उनकी मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन जबरन छीन लिए।कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितीश ठाकुर, सायबर सेल प्रभारी रविन्द्र कुमार मीणा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्रीविमल कुमार पाठक के निर्देशन में, थाना प्रभारी दर्री निरीक्षक ललित चंद्रा एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम घटना की पतासाजी मे लग गई। टीम द्वारा की गई पतासाजी एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर प्रगतिनगर दर्री में दबिश दी गई, जिसमें चार कथित आरोपियों सहित एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा गया। पूछताछ में उनके द्वारा अपराध स्वीकार करने पर डकैती में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल तथा डकैती कारित कर लूटी मोटर साइकिल एवं मोबाइल फोन बरामद कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में लिया गया। आगे की जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि इन आरोपियों के खिलाफपूर्व से भी अपराध पंजीबद्ध है।

करंट से हुई थी तेंदुए-वन भैंसे की मौत, दो शिकारी गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में वन्यजीवों के शिकार की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बागबाहरा वनपरिक्षेत्र के खल्लारी सर्किल अंतर्गत संरक्षित वन क्षेत्र में दो दिन पहले करंट प्रवाहित तार में फंसकर तेंदुआ और वन भैंसा की मौत की घटना सामने आई थी। इस मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी अभी फरार है।बता दें कि वन विभाग की जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने इससे पहले एक जंगली सुअर का भी शिकार कर उसे पकाकर खा लिया था। विभाग ने जब छापेमारी की तो आरोपियों के पास से पकाया हुआ सुअर का मांस, बिजली के तार, कांच की शीशी, लोहे की कुल्हाड़ी, लकड़ी की खूंटी, शाही जानवर का पंख, खरगोश और पक्षियों को पकड़ने के फंदे बरामद किए गए।बागबाहरा वन परिक्षेत्र के रेंजर लोकनाथ ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुकेश रावत (33 वर्ष) ग्राम खल्लारी निवासी और मनोहर यादव (50 वर्ष) ग्राम ओंकारबंद निवासी शामिल हैं। तीसरे आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही, इस मामले में वन्यजीव संरक्षण को लेकर स्थानीय लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

वक्फ बिल से आदिवासियों की जमीन सुरक्षित रहेगी

नगरी/नवप्रदेश। वक्फ संशोधन अधिनियम पारित होने से छत्तीसगढ़ के पांचवीं व छठी अनुसूचित क्षेत्रों में ये अधिनियम लागू नहीं होगा, इन क्षेत्रों में आदिवासी की जमीन परिवर्तित नहीं होती । इससे स्पष्ट है कि आदिवासियों की भूमि संरक्षित व सुरक्षित रहेगी । भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला धमतरी जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम ने बताया कि मंगलवार को एकात्म परिसर रायपुर में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के तत्वावधान में वक्फ संशोधन अधिनियम पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने वक्फ संशोधन अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने भी संबोधित किया। धमतरी अजजा मोर्चा से जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम, महामंत्री रामखिलावन कंवर, अजय ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, ईश्वरी नेताम, हीरामन ध्रुव शामिल हुए।

कोरबा पुलिस का कृतज्ञ भाव:

पर्यावरण संरक्षण के साथ राहगीरों के सूखे गले को तर करते हुए किया पौधों का वितरण

कोरबा//नवप्रदेश।। आम जनों के सुरक्षा के साथ कोरबा पुलिस समाज में सोशल पुलिसिंग को लेकर कई तरह के उदाहरणीय कार्य किए हैं जिससे आमजन हमेशा लाभान्वित होते आए है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार कोरबा पुलिस सोशल पुलिसिंग को लेकर हमेशा से तत्पर रहा है इसी तरह जन सेवा के भाव से अग्रसर अपने कर्तव्य के साथ-साथ मानवता को दृष्टिगत रखते हुए कोरबा पुलिस पुनीत कार्य के पथ पर एक और बानगी प्रस्तुत किया है।

कोरबा पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रख ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ के थीम पर आमजन को संदेश देते हुए इस भीषण गर्मी में राहगीरों के सूखे गले को तर करते हुए सर्वमंगला चैक में पौधे का वितरण किया गया।पर्यावरण के प्रति प्रेरणादायक प्रयास के साथ साथ आमजनों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए यातायात नियमों का पालन को लेकर गुलाब के फूल के साथ यातायात नियमों के पालन को लेकर निवेदन किया गया ताकि सड़को पर होने वाले दुर्घटनाओं पर विराम लग सके। सजग और सतर्क को लेकर लोगों को जानकारी देते हुए प्रेरित किया जा रहा है ताकि लोग अपने अधिकारों को समझने साथ-साथ जागरूक भी बने। कोरबा पुलिस के इस प्रयास ने सजाता और सतर्कता दोनों को परिभाषित करते हुए लोगों को जमीनी स्तर पर किसी न किसी माध्यम से प्रेरित करने का बीड़ा उठाया है ताकि समाज की अवस्थाओं को हर हाल में व्यवस्थित किया जा सके। कोरबा पुलिस का यह कार्य निश्चित ही समाज को प्रेरणा देने के साथ-साथ आम जनों के प्रति मानवता के भाव को प्रदर्शित करता है। इस कार्यक्रम में आईपीएस विमल पाठक दर्री व कुसमुंडा थाना के निरीक्षक रूपक शर्मा के साथ पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस पुनीत कार्य के साक्षी बने।

कलेक्टर ने मुख्यालय स्थित दंतेवाड़ा साइंस सेंटर का किया अवलोकन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।। आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा मुख्यालय के सर्किट हाउस स्थित रोड दंतेवाड़ा साइंस सेंटर का अवलोकन किया गया। गौरतलब है कि जिले के युवा और बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने करने और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यहाँ विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई है। यह विज्ञान केंद्र जिले के सुदूर अंचलों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। प्रतिदिन विशेष रूप से संचालित बसों के माध्यम से विद्यार्थी यहाँ पहुँचते हैं ।

कार्यालय नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्र./156/न.प./ लो.नि.वि./2025-26 पाण्डातराई, दिनांक 23.04.2025

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

नगर पंचायत पाण्डातराई में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मो से अधोसंरचना मद/15वें वित्त/ अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों तथा प्लेसमेंट हेतु ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	सिस्टम नम्बर	विवरण	अनुमानित राशि (लाख में)	निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि
1	167369	ओवर हेड टेंक निर्माण कार्य	34.90	13/05/2025
2	167370	सोलर हाई मास्ट लाईट स्थापना (02 नग)	22.47	
3	167372	विभिन्न वार्डो में पाईप लाईन विस्तार कार्य	15.98	
4	167374	विभिन्न कार्यों में कुशल/अर्धकुशल/ अकुशल श्रमिकों की आपूर्ति (प्लेसमेंट)	35.00	
5	167375	वार्ड क्र. 05 स्थित तालाब विकास कार्य	47.58	

शर्तें :- उपरोक्त कार्यों हेतु नियम एवं शर्तें, अमानत राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती है साथ ही उक्त जानकारी विभागीय वेबसाईट http//cgeproc.cgstate.gov.in व www.uad.cg.gov.in से अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाण्डातराई
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालयीन आदेश

आदेश क्रमांक .../व.ले.लि./2025-26 बिलासपुर, दिनांक ....

निविदा सूचना क्र. 20/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 23.12.2024 निविदा सिस्टम क्र. 163236 बिलासपुर जिले के विकासखण्ड कोटा अंतर्गत खारंग जलाशय के स्पील चैनल के शुटफाल, बांयी तट पर प्रोटेक्शन वाल तथा स्पील चैनल के बेड में कांक्रिटिंग कार्य (प्रथम आमंत्रण) राशि रुपये 218.23 लाख को **एकल निविदाकार होने के कारण** निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्र. जी 242504800/दिनांक 26.12.2024

जी-252600460/4

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग,
बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

NIT NO.-03/2025-26 (प्रथम आमंत्रण)

ज्ञा.क्र. 1141/ टेण्डर/ वलेलि/ग्रा.या.सेवा/2025 बिलासपुर, दिनांक 21.04.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में)''द'' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी (सिविल कार्य) दर अनुसूची दिनांक 01.01.2015 तथा विद्युतीकरण हेतु जारी दर अनुसूची दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रीत एवं अद्यतन संशोधित दरों पर आफलाईन (Offline) प्रतिशत दर पर दिनांक 06.05.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्रमांक	कार्य का नाम/स्थान	वि.खं.	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
1	सरस्वती शिशु मंदिर परिसर राजकिशोर नगर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, न.पा.नि. बिलासपुर	बिल्हा	9.18
2	सरस्वती शिशु मंदिर परिसर मंगला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, न.पा.नि. बिलासपुर	बिल्हा	4.66
3	सरस्वती शिशु मंदिर परिसर बिरकोना में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, न.पा.नि. बिलासपुर	बिल्हा	8.91
4	माता शबरी कन्या महाविद्यालय, बिलासपुर में अतिरिक्त कक्ष सह केंटिन हेतु शेड निर्माण, न.पा.नि. बिलासपुर	बिल्हा	9.34
5	सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, पूर्व निर्मित सामुदायिक भवन के पास, ग्राम नगोई	बिल्हा	19.04
6	सामुदायिक भवन निर्माण, ड्रीम सिटी के पास, खमतराई, न.पा.नि. बिलासपुर	बिल्हा	10.53
7	सामुदायिक भवन निर्माण, दीनदयाल कालोनी, मंगला, न.पा.नि. बिलासपुर	बिल्हा	9.53
8	सामुदायिक भवन में बाउण्ड्रीवाल सह शौचालय निर्माण, कोटवार के घर के सामने भाटापारा पटेल मोहल्ला, खमतराई	बिल्हा	10.00
9	सामुदायिक भवन निर्माण, चांटीडीह, न.पा.नि. बिलासपुर	बिल्हा	9.53
10	सामुदायिक भवन निर्माण, बगदाई मंदिर के सामने मुरूमखदान, खमतराई, न.पा.नि. बिलासपुर	बिल्हा	9.53
11	शेड निर्माण कार्य, कपूरतालपारा बिरकोना	बिल्हा	5.00
12	सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य, सेलर	बिल्हा	2.00

Note-
01. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://res.cg.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

जी-252600429/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग बिलासपुर

नागरिक सेवा ... राष्ट्रीय पंचायत दिवस : बैंकिंग लेन देने के लिए ग्राम से शहर जाने के दिक्कत से मुक्ति मिलेगी

ग्राम पंचायत टेकनार में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ

ग्रामीणों को अब घर के समीप ही मिलेगी शासन की समस्त बैंकिंग सेवाएं

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आज राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर के अवसर पर विकासखण्ड दंतेवाड़ा के ग्राम टेकनार में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। राज्य शासन की मंशानुसार अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र में नागरिक सेवाओं को अधिकाधिक जन सुलभ बनाने के लिए पंचायत स्तर पर ही सभी लाभ दिए जाएगें। इसके तहत वित्तीय समावेशन सेवाएं जैसे नगद आहरण, फंड ट्रांसफर, बीमा ऑनलाइन, पैन कार्ड, पीएससी सेवा प्रदाय, विभिन्न सरकारी योजनाओं का पंजीयन, पासपोर्ट, आवेदन बिजली बिल भुगतान, के साथ-साथ जन्म मृत्यु, विवाह पंजीयन आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएं भी पंचायत स्तर पर उपलब्ध होगी।इस मौके पर ग्राम पंचायत भवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का वर्चुअल संबोधन भी ग्रामीणों के मध्य हुआ। मुख्यमंत्री ने इस दौरान ग्रामीणों को पंचायती राज दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज प्रदेश में 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का प्रारंभ किया गया है। इस सुविधा केंद्र के प्रारंभ होने से सभी ग्रामीण हितग्राहियों को शासन की समस्त योजनाओं के पंजीयन से लेकर बैंकिंग लेन देने के लिए ग्राम से शहर जाने के दिक्कत से मुक्ति मिलेगी।

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in
(2nd Call)

NIT No.:06/RMC/ZONE 08/2025 RAIPUR DATED 23.04.2025

Online bids are invited for the following works up to 09.05.2025 at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/description of work	Probable amount of contract (In Lacs)
1	167408	पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड अंतर्गत कबीर नगर स्थित हाउसिंग बोर्ड की पुरानी कालोनियों में पाईप लाईन विस्तार कार्य के शेष कार्य का पूर्ण करने का कार्य	29.16

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **23.04.2025** 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender bidding process you may please visit the above mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE :-

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement Portal.
2. Contractos can contact Help Desk for any Clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID-helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSONER
ZONE 08
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G)

न्यूज गैलरी

आज से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर कुन्दन कुमार ने भीषण गर्मी और लू के मद्देनजर जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त और गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों में 25 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है। गौरतलब है कि सभी स्कूलों में 01 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहता है, लेकिन इस बार भीषण गर्मी और लू के कारण 06 दिन पहले अवकाश घोषित किया गया है। प्रशासन ने यह निर्णय बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लिया गया है। साथ ही, अभिभावकों से बच्चों को धूप और लू से बचाने के लिए आवश्यक सावधानियाँ बरतने की अपील की गई है।

अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर को किया जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार ग्राम सल्फा में रेत के अवैध भंडारण पर बड़ी कार्यवाही की गई है। खनिज अधिकारी ज्योति मिश्रा ने बताया कि सरगांव तहसीलदार अतुल वैष्णव एवं नायब तहसीलदार के संयुक्त दल के द्वारा गंगा बाई चक्रधारी, अश्वनी कौशल, राहुल महिलांगे, सुरेन्द्र साहू, शत्रुघ्न ठाकुर, पप्पू सतनामी, विकास अग्रवाल सहित कुल 07 लोगों के द्वारा डंप किए गए लगभग 01 हजार ट्रैक्टर-ट्राली रेत के अवैध भंडारण पर प्रकरण तैयार कर जब्ती की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही अवैध रेत परिवहन करते 01 ट्रैक्टर को जब्त किया गया।

निःशुल्क नीट प्री मॉक टेस्ट 2 मई को

मुंगेली/नवप्रदेश। नीट यूजी परीक्षा 2025 के फार्म भरने वाले एवं परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ से संबद्ध डॉ. बीआरएएस मास्टर की एकेडमी डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में 2 मई 2025 शुक्रवार को निःशुल्क नीट प्री मॉक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। मॉक टेस्ट में सम्मिलित होने वाले इच्छुक छात्र-छात्रा 25 अप्रैल तक नीट कॉनफर्मेशन पेज की फोटो कापी एवं स्वयं का एक पोस्ट कार्ड साइज फोटो के साथ स्वयं उपस्थित होकर या वाट्सएप नम्बर 9303901651 के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। पंजीकृत छात्रों को 30 अप्रैल को प्रवेश पत्र दी जाएगी। विस्तृत जानकारी के लिए

विकसित ग्राम पंचायतों की परिकल्पना पर एक दिवसीय कार्यशाला

स्व-सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं ग्राम पंचायतों का नेतृत्व

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य पर जिला पंचायत सरगुजा के सभा कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में हाल ही में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में निर्वाचित 133 महिला सरपंच, 65 उपसरपंच, 26 जनपद सदस्य एवं 3 जिला पंचायत सदस्यों के साथ-साथ विभिन्न ग्राम पंचायतों की स्वच्छाग्राही दीदीयों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य नवीन महिला सरपंचों को शासन की योजनाओं जैसे स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (हृत्रस्रू) एवं पंचायत संचालनालय की अन्य योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें सशक्त बनाना था। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि सरगुजा जिले की 439 ग्राम पंचायतों में करीब 1.20 लाख महिलाएं स्व सहायता समूहों से जुड़ी हैं, जो ग्राम विकास की प्रक्रिया में एक मजबूत कड़ी बन चुकी हैं। एनआरएलएम के माध्यम से महिलाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने की क्षमता का विकास किया जा रहा है। कार्यशाला में पूर्व

बिहान से जुड़ी महिला सरपंचों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कुल 103 महिला सरपंचों को कार्यशाला के माध्यम से उन्मुख किया गया। जनपद सदस्य मेनका पावले और असिता कुजूर सहित कई महिला सरपंचों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे अन्य प्रतिनिधियों को प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में ग्राम स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों (स्नस्त्र) के तहत नौ संकल्प लिए गए, जिनके माध्यम से सभी महिला सरपंच अपने-अपने ग्राम पंचायतों को विकसित ग्राम पंचायतों में तब्दील करने हेतु कार्य करेंगी। इस दौरान निर्वाचित महिला सरपंचों ने समग्र ग्रामीण विकास के उद्देश्य से नौ बिन्दुओं के पर ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कर अपने नेतृत्व में ग्राम पंचायतों को विकसित करने के लिए संकल्प लिया जोकि निम्न हैं-1. गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका वाला ग्राम 2. स्वस्थ ग्राम 3. बाल-सुलभ ग्राम 4. जल-पर्याप्त ग्राम 5. स्वच्छ और हरा-भरा ग्राम 6. आत्मनिर्भर बुनियादी ढाँचे वाला ग्राम 7. सामाजिक रूप से सुरक्षित ग्राम 8. सुशासन वाला ग्राम 9. जन-सम्पन्न विकास वाला ग्राम जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल द्वारा महिला सरपंचों को जिला पंचायत एवं कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कराया गया, साथ ही उन्हें विभिन्न कार्यालयों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से बल मिला है। आज इन 103 महिला सरपंचों को एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से सशक्त किया गया, ताकि ये विकसित गाँवों की परिकल्पना को साकार किया जा सके।

स्थानीय समस्याएं, शिकायत व मांगों को लेकर समाधान पेटी रखकर लोगों से आवेदन लिए गए

सुशासन तिहार: प्रथम चरण में चार दिन में 1 लाख 21 हजार 805 आवेदन मिले

मुंगेली/नवप्रदेश। जनता की समस्याओं के निदान के लिए सुशासन तिहार के तहत गांव-गांव, शहर-शहर से प्रथम चरण में चार दिन में कुल 1 लाख 21 हजार 805 आवेदन मिले हैं। इनमें 1 लाख 20 हजार 01 मांगों से संबंधित आवेदन आए हैं, जो कुल आवेदन का 98 प्रतिशत है। वहीं मात्र 1 हजार 804 शिकायतों से संबंधित आवेदन हैं। सबसे अधिक 86 हजार 478 आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए है, जिनमें 85 हजार 977 आवेदन मांग के एवं 501 आवेदन शिकायत के है तथा सबसे कम 01 आवेदन आयुष विभाग को प्राप्त हुए है। सुशासन तिहार में जिला प्रशासन को कुल 1 लाख 21 हजार 805 आवेदन मिले है। इन आवेदनों को मांग और शिकायत के वर्गों में बांटा गया है।

जनता जनार्दन की समस्याओं के निदान और उनसे सीधे मुलाकात के लिए साय सरकार पूरे प्रदेश में

सुशासन तिहार का आयोजन कर रही है। इस आयोजन के जरिए गांवों और शहरी क्षेत्र में स्थानीय समस्याओं, शिकायत व मांगों को लेकर समाधान पेटी रखकर लोगों से आवेदन लिये गये। जनता की समस्याओं के निदान के लिए सुशासन तिहार के तहत गांव-गांव, शहर-शहर आवेदन लिए गए हैं। सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित है। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों में सीधे आवेदन लिए गए। मांग और शिकायत रखने के लिए ऑनलाइन सुविधा भी दी गई है। चार दिन में कुल 1 लाख 21 हजार 805 आवेदन मिले हैं। इनमें 1 लाख 20 हजार 01 मांगों से संबंधित आवेदन आए हैं। जो कुल आवेदन का 98 प्रतिशत है। वहीं मात्र 1 हजार 804 शिकायतों से संबंधित आवेदन हैं। सबसे अधिक 86 हजार 478 आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए है, जिनमें 85 हजार 977 आवेदन मांग के एवं 501 आवेदन शिकायत के है तथा सबसे कम 01 आवेदन आयुष विभाग को प्राप्त हुए है। नगर पालिका मुंगेली में कुल 1 हजार 160 आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें 1 हजार 30 आवेदन मांग एवं 130 आवेदन शिकायत संबंधित है। विकासखण्ड मुंगेली में 30 हजार 597 आवेदन मिले है जिनमें 29 हजार 976 मांग के एवं 621 आवेदन शिकायत के है। सुशासन तिहार के शिविर में आवास, स्वास्थ्य सहायता, मनरेगा जॉब कार्ड, विद्युत, पेयजल, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, साफ सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसे सामान्य आवेदन ही ज्यादा आए। इसके अलावा राजस्व से संबंधित आवेदन भी मिल रहे हैं। सुशासन तिहार का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का प्रभावी एवं त्वरित समाधान, शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है।

जागरूकता रथ कलेक्टोरेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

मुंगेली/नवप्रदेश। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता रथ को कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जागरूकता रथ का उद्देश्य लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करना और इस कुप्रथा को खत्म करना है।

यह रथ यात्रा मुंगेली जिले के विभिन्न गांवों में 30 अप्रैल तक निकाला जाएगा। यात्रा के दौरान लोगों को बाल विवाह से संबंधित कानूनों एवं इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कृषक सहयोग संस्थान के अधिकारी आशु चंद्रवंशी ने बताया कि रथ के माध्यम से कम उम्र में अपने बच्चों की आस-पास शादी न होने देने, बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, बाल विवाह के साथ बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह अधिनियम 2006 और बाल यौन शोषण जैसे मुद्दों की जानकारी दी जाएगी और जागरूक किया जाएगा। शादी के समय लड़के की उम्र 21 एवं लड़की की उम्र 18 साल नहीं होने पर कानूनी 01 लाख रूपए का जुर्माना और 02 साल तक की जेल या फिर दोनों का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह और बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए जमीनी स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। इस दौरान जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क की पार्टनर संस्था कृषक सहयोग संस्थान के जिला समन्वयक ललित सिन्हा, रतन कश्यप सहित संस्था के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उड़द की खेती किसानों के लिए बना वरदान

सक्ती/नवप्रदेश। उड़द की खेती जिले के किसानों के लिए वरदान बन रही है। ग्राम सिरली में किसानों द्वारा धान की फसल में अधिक लागत और पानी की समस्या को देखते हुए उड़द फसल लिया जा रहा है। क्योंकि उड़द की खेती में कम लागत में अधिक आय प्राप्त कर रहे है तथा गर्मी के दिनों में भूमिगत जल स्तर गिरने के कारण सिंचाई के लिए धान की तरह पानी की समस्या नही होती है। इस वर्ष ग्राम सिरली में किसानों के द्वारा लगभग 300 एकड़ में उड़द फसल की खेती की गई है।

ग्राम के किसान श्री रघुनाथ राठौर ने बताया कि तीन वर्ष पहले वे गर्मी में धान की खेती करते थे किन्तु धान की खेती में पानी की समस्या तथा लागत अधिक पडता था। इसलिए वे कृषि विभाग के अधिकारी के सलाह से धान के बदले उड़द की खेती करना शुरू किये तथा विभाग से ही उन्नत किस्म का आधार बीज प्राप्त कर उड़द की खेती किये। जिससे उन्हे कम लागत में ही अधिक आमदनी प्राप्त हुई। गतवर्ष वे 5 एकड़ 50

डिसमिल में उड़द की खेती किये थे। जिससे उन्हें अच्छी आमदनी प्राप्त हुई। आमदनी अधिक पाने के कारण इस वर्ष 9 एकड में उड़द की खेती कर रहे है। ग्राम के किसान श्री मसतराम जायसवाल ने बताया कि पिछले वर्ष वे 5 एकड में उड़द की खेती किए थे तथा कम लागत में अधिक आमदनी प्राप्त हाने के कारण इस वर्ष 9 एकड़ में उड़द की खेती कर रहे हैं। उड़द की पुरानी किस्में में उकठा रोग का अधिक प्रकोप हुआ है किन्तु कृषि विभाग से प्राप्त किस्म इंदिरा उड़द 1 में यह रोग नहीं है। इसी प्रकार कृषक श्री जगतराम श्रीवास द्वारा 15 एकड़ में इंदिरा उड़द 1 की खेती किये है। ग्राम के किसानों ने बताया कि यहां उड़द की फसल को देख कर प्रभावित हुए है और गांव के आसपास के किसान भी धान फसल के बदले उड़द की खेती कर रहे है। उप संचालक कृषि श्री शशांक शिंदे ने बताया कि जिले में गर्मी में भूमिगत जल स्तर गिरने की समस्या को ध्यान में रखकर एवं शासन के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन धान के रकबे को कम करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। किसानों को धान के बदले रागी एवं दलहन तिलहन फसल लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि किसान कम लागत में अधिक आय प्राप्त कर सकें।

विभिन्न पदों पर भर्ती 29 अप्रैल को प्लेसमेंट कैम्प

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। उपसंचालक रोजगार ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र अम्बिकापुर के द्वारा 29 अप्रैल 2025 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी नियोजक महिंद्रा प्राइवेट लिमिटेड संचालक श्री आशीष पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। प्लेसमेंट कैंप के अंतर्गत सेल्स एजीक्यूटिव के 04 पद, ऑफिस असिस्टेंट के 02 पद एवं ट्रेनी इंजीनियर के 04 पदों पर भर्ती की जानी है। इस हेतु शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा/ग्रेजुएट/डिग्री/डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर ज्ञान है। संभावित वेतन 8 हजार से 15 हजार निर्धारित किया गया है।

टूटे-फूटे नहर मेड के बदहाली से सिंचाई विभाग बेखबर

लखनपुर/नवप्रदेश। जिले के मध्यम सिंचाई परियोजना कुंवरपुर जलाशय क्षेत्र में किसानों के लिए कुदरत का वरदान है। लेकिन विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के अनदेखी उपेक्षा का दंश झेल रहा है। बांध से जुड़े नहरों की बात की जाये तो मुख्य नहर में लाइनिंग पक्की करण का काम हो चुका है वहीं लखनपुर के तरफ बने छोटे माईनर में पक्की करण का काम बाकी है। नहर मेड़ों में साफ-सफाई का अभाव साफतौर पर देखा जा सकता है।

झाड़-झंखाड़ो ने अपना बसेरा बना रखा है।नहर के जगह जगह से फूट जाने कारण एरिया के किसानों को खेत तक पानी ले जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। शासन प्रत्येक वर्ष साफ-सफाई एवं मरम्मत के नाम पर राशि तो देती है परन्तु

कराये गये कार्यो का कोई निशान धरातल में नजर नहीं आता। फकत कागजों में ही काम दिखा कर आबंटित राशि का बंदरबांट हो जाता है। यदि सुक्ष्म एवं निष्पक्ष जांच किया जाये सच्चाई खुद सामने आ जायेगी। किसानों का कहना है नहर मेड़ों के बर्बादी को देखने समझने की फुर्सत सिंचाई विभाग को नहीं है। पूर्ववर्ती सरकार के शासन काल में नहर पक्की करण क्रासिंग पुलिया निर्माण कराये जाने की बात उठी थी।

पूरी नहीं हो सकी। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन तो हुआ नहर मेड़ों की सूरत नहीं बदली। किसानों ने नहर मेड मरम्मत,साफ-सफाई लाइनिंग पक्की करण क्रासिंग पुल बनाये जाने की मांग की है।

पहलगाम में हुए पर्यटकों की हत्या पर नगरवासियों में आक्रोश

मुंगेली/नवप्रदेश। पहलगाम मे हुए पर्यटकों की हत्या पर नगरवासियों में भारी आक्रोश है। जम्मू-कश्मीर में दहशत फैला कर देश को अस्थिर कर अशांति फैलाने वाले दुषित मानसिकता के लोगो कि जमकर नागरिको ने निंदा कि है। आतंकवादियों द्वारा कायराना हमले में मृत नागरिकों कि आत्मा कि शांति के लिए नगर के संगठनो के अलावा भाजपा और कांग्रेस पार्टी ने भी जयस्तंभ पर अपनी श्रध्दांजली अर्पित की।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा विधायक पुन्नूलाल मोहले के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय से कैण्डल मार्च करते हुए

जयस्तम्भ पहुंचे, जहां पर हमले में शहीद पर्यटको को श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, शैलेष पाठक, गिरीश शुक्ला, सौरभ बाजपेयी, पवन पाण्डेय, मोहन भोजवानी, दिनेश सोनी, मोहन मल्लाह, शिवकुमार बंजारा, डॉ. आशुतोष पाण्डेय, कोटू दादवानी, किशोरी केशरवानी, समीर आहिर, संजय वर्मा, अमितेश आर्य आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी तरह से पहलगाम में हुए अमानवीय आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली द्वारा कैंडल मार्च का आयोजन किया गया एवं शहीद स्मारक कैंडल जला श्रद्धांजलि दी गईं। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, ग्वालदास अनंत, रोहित शुक्ला, दिलीप बंजारा, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, सागर सोलंकी, अभिलाष सिंह, नवनीत शुक्ला, जितू श्रीवास्तव, अरविन्द वैष्णव, संजय जायसवाल, संजय चंदेल, याकूब अली, आरिफ खोखर, नौसाद, कुलदीप पाटले, मकबूल खान, अजय साहू, सौरिया यादव, उर्मिला रमेश यादव, नूरजहां, मंजू शर्मा, निधि पौराणिक सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रेसवार्ता | कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में प्रेसवार्ता से मीडिया प्रतिनिधियों से कलेक्टर ने की चर्चा

जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था व अधोसंरचना विकास पर रहेगी विशेष प्राथमिकता

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के माध्यम से मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा की। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले के विकास की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। कलेक्टर श्री कुमार ने जिले के विकास के लिए विभिन्न सुझावों को सुना और इस दिशा में आवश्यक पहल करने की बात कही। उन्होंने बताया कि जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था एवं अधोसंरचना विकास पर विशेष प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को जिले में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने तथा आपसी समन्वय एवं सहयोग से काम करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नशे की रोकथाम विशेष रूप से सूखा नशा पर रोक लगाने उचित कार्रवाई तथा महिलाओं के प्रति अपराध को रोकने बेहतर कार्य योजना बनाकर काम करने की बात कही।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप फ्लैगशिप योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ मिले इस दिशा में भी बेहतर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने मुंगेली नगर के लिए मास्टर प्लान तैयार करने, बच्चों की बेहतर शिक्षा तथा

युवाओं व महिलाओं का कौशल उन्नयन कर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने की बात कही। कलेक्टर ने ढांचागत सुविधाओं के अंतर्गत सड़क, नाली, बिजली, पानी इत्यादि आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा इस दिशा में बेहतर कार्य करने की बात कही। जल संकट पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने वाटर रिचार्जिंग रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा जल को बचाने विभिन्न उपायों को अपनाने के साथ ही प्याऊ घर खोलने पर जोर दिया। इस दौरान एडीएम श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव और बड़ी संख्या में विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े पांच लाख की ठगी, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर पद पर नौकरी दिलाने के नाम साढ़े पांच लाख रुपये ठगी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थिया ऊषा दास महंत पति विजय दान महंत 40 वर्ष जाति पनिका साकिन ग्राम कोसगा ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि चेतन पडवार आ० परशुराम एवं ममता दास पति चेतन पडवार निवासी सोनतराई थाना सीतापुर के द्वारा वर्ष 2024 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर प्रार्थिया से 3,50,000/ (साढ़े तीन लाख) रुपये तथा उसके सहेली रुक्मणी सिरदार पिता सुमार साय सिरदार निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना लखनपुर से सेक्टर सुपरवाइजर पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर 2,00000/ दो लाख रुपये इस तरह से कुल राशि 550000 ठगी कर लिया गया है। दोनों शातिर ठगों के द्वारा नौकरी नहीं दिलाया गया अलबत्ता पैसा वापस करने से भी आनाकानी किया जा रहा है।

अक्षय तृतीया में निःशुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन

रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर में लगभग दो सौ जोड़े होंगे शामिल, ट्रस्ट तैयारी में

बिलासपुर/नवप्रदेश। अक्षय तृतीया की तिथि किसी भी शुभ काम के लिए अच्छा माना जाता है। इस बार रोहिणी नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है। इस दिन कोई दूसरा मुहूर्त न देखकर स्वयंसिद्ध शुभ मुहूर्त के कारण अनेक मांगलिक कार्य संपन्न किए जाते हैं।

रतनपुर स्थित सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामाया देवी मंदिर में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए मंदिर प्रबंधन द्वारा जो भी परिवार इस दिन सामूहिक विवाह में अपने परिजनों का विवाह करवाना चाहते हैं उन्हें आवेदन पत्र निःशुल्क वितरित किया जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा पिछले 24 सालों से निरंतर सामूहिक विवाह का आयोजन मंदिर परिसर में किया जा रहा है। यह आयोजन प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में

आयोजित होता है। महामाया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि आवेदन पत्र के साथ विवाह में शामिल होने वाले वर-वधू की नई फोटो, आयु प्रमाण पत्र के लिए स्कूल बोर्ड की अंकसूची अथवा शासन द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। इसके साथ ही वर-वधू को नोटरी युक्त शपथ पत्र भी ट्रस्ट के पास जमा करना होगा। वर-वधू के निवास एवं पते के लिए आधार कार्ड्र, राशन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड की फोटोकापी आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर जमा करना होगा। इसके साथ ही वधू के बैंक खाते की फोटोकापी भी जमा करना अनिवार्य है। श्री ठाकुर ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है।

शासन की गाइडलाइन का पालन

महामाया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि शासन की गाइडलाइन के अनुरुप सभी निर्देशों को पूर्ण करने वाले परिवार ही इस सामूहिक विवाह समारोह में भाग ले सकते हैं। विवाह पूर्व वर-वधूओं को वैवाहिक परिधान ट्रस्ट द्वारा दिया जाता है। आवास एवं भोजन की व्यवस्था भी मंदिर परिसर में रहती है। उपहार स्वरुप आभूषण, मंगलसूत्र, लॉकेट, बर्तन और 5100 रुपए वधू के खाते में ट्रस्ट द्वारा जमा करवाया जाता है। इस बार लगभग दो सौ जोड़ों का विवाह होने की संभावना है। आवेदन अभी भी ट्रस्ट द्वारा लिए जा रहे हैं। वर्तमान में जितने आवेदन प्राप्त हुए हैं उनके अनुसार व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की जा रही है। 24 सालों से यह आयोजन निर्विघ्न हो रहा है। यह माता रानी और सभी जनमानस के सहयोग से ही संभव है।

बन रहा विशेष संयोग

इस बार अक्षय तृतीया के दिन चंद्रमा और गुरु की युति से गजकेशरी राजयोग बनेगा। जबकि शुक्र के अपनी उच्च राशि में प्रवेश करने से मालव्य राजयोग बनेगा। ये तीन संयोग अक्षय तृतीया को और भी शुभ बना रहे हैं। इस दिन किसी भी कार्य की शुरुआत करना मंगलदायक सिद्ध होगा। गृह प्रवेश, विवाह मुहूर्त, नए व्यापार का शुभारंभ, गहनों की खरीदी सहित अन्य सभी काम भी इस दिन लाभकारी होंगे।

न्यूज गैलरी

20 लीटर महुआ शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी को 20 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित तखतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक बाइक,15000 रूपए जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 22 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिलर कि एक व्यक्ति शमशान घाट तखतपुर कुरान कापा रोड में अवैध शराब बिक्री करने हेतु मोटर सायकल मे रखा है जिसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को देकर उनके मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तखतपुर के नेत्तृव मे टीम गठित कर मुखबीर की सूचना तस्दीक एव कार्रवाई के लिए रवाना हुए मौके पर पहुचकर घेराबंदी एक व्यक्ति को पकड़ा जो पूछताछ तलाशी पर अपना नाम विनेश मसीह पिता विघाभूषण मसीह उम्र 20 वर्ष निवासी बंगलापारा ब्लाक रोड तखतपुर का रहने वाला बताया तथा उसके मोटर सायकल मे एक सफेद नीला रंग के प्लास्टिक बोरी के थैला में रखा 10 नग सफेद रंग के पन्नी में भरा प्रत्येक मे 02-02 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल मात्रा 20 लीटर कीमती 4000/ रूपया जुमला किमती 19000 रूपये रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 34 (2) 59 क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

सड़कों पर बिना अनुमति आयोजन के दौरान पंडाल और स्वागत द्वार लगाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर हाईकोर्ट सख्त

सड़कों पर त्योहार के नाम पर पंडाल, मुख्य सचिव और निगम कमिश्नर से जवाब-तलब

बिलासपुर/नवप्रदेश। सड़कों पर त्योहारों के नाम पर खड़े किए गए पंडाल जब एंबुलेंस की रफ्तार रोकते हैं, स्कूली बच्चों को घंटों ट्रैफिक में फंसा देते हैं और दिहाड़ी मजदूर की रोजी पर असर डालते हैं–तो सवाल सिर्फ आस्था का नहीं, आम आदमी की ज़िंदगी की जद्दोजहद का बन जाता है। भीड़, जाम और अव्यवस्था के इसी चक्रव्यूह को चुनौती देने हाईकोर्ट पहुंची एक जनहित याचिका ने सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब कोर्ट ने सीधे मुख्य सचिव और नगर निगम कमिश्नर से जवाब–शपथ पत्र के रूप में मांगा है।

रायपुर की सड़कों पर बिना अनुमति के आयोजनों के दौरान पंडाल और स्वागत द्वार लगाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर अब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट सख्त रूप दिखाई है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की

अनुमति के बिना आयोजन गैरकानूनी

छत्तीसगढ़ गृह विभाग ने 22 अप्रैल 2022 को सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किए थे कि किसी भी प्रकार के धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक आयोजन सार्वजनिक स्थल पर तभी हो सकते हैं जब जिला प्रशासन से पूर्व अनुमति ली गई हो। आदेश में बिना अनुमति आयोजन को अवैध माना गया था और उससे जनजीवन व कानून व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई गई थी।

युगलपीठ ने जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य के मुख्य सचिव और रायपुर नगर निगम आयुक्त से व्यक्तिगत रूप से शपथ पत्र दाखिल करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शासन के आदेशों के बावजूद यदि सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण हुआ है तो उसकी जवाबदेही तय होगी। अगली सुनवाई 16 जून को होगी। राज्य शासन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि ऐसे आयोजनों की अनुमति और निगरानी की जिम्मेदारी नगर निगम की है, और उसी स्तर पर कार्रवाई की जाती है। कोर्ट इस तर्क से असंतुष्ट नजर आया और निर्देश दिया कि मुख्य सचिव और निगम कमिश्नर यह बताएं कि शासन के 2022 के आदेश के बाद भी पंडाल कैसे लगते रहे। याचिकाकर्ता नितिन सिंघवी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 2022 से 2024 तक रायपुर के किसी भी जोन कार्यालय ने सड़क पर पंडाल लगाने की अनुमति नहीं दी, फिर भी हर साल गणेश और दुर्गा उत्सवों में सैकड़ों पंडाल मुख्य सड़कों पर लगा दिए गए। कोर्ट के समक्ष 100 से अधिक तस्वीरें प्रमाण के रूप में पेश की गईं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि बिना अनुमति आयोजन लगातार हो रहे हैं।

---

21 गांवों को मिलेगी पेयजल की समस्या से निजात

- **विधायक लहरिया के प्रयास से मल्टी विलेज जलप्रदाय योजना के लिए 22 करोड़ 36 लाख 55 हजार स्वीकृत**

सीपत/नवप्रदेश। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के अथक प्रयासों से अब विधानसभा क्षेत्र के 21 गांवों के लोगों को जल्द ही पेयजल की समस्या से मुक्ति मिलेगी। क्षेत्रीय विधायक दिलीप लहरिया के प्रयास के सार्थक प्रयास से जल जीवन मिशन के तहत 22 करोड़ 36 लाख 55 हजार रुपए की लागत से मल्टी विलेज जलप्रदाय योजना की स्वीकृति मिली है। इससे लोगों तक शुद्ध पेयजल पहुंचेगा। हरदी भटचौड़ा मल्टी विलेज जलप्रदाय योजना के तहत शिवनाथ नदी, हरदी एनिकट के पास वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और इंटकवेल का निर्माण होगा। जहां से आसपास के 21 गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस

योजना के तहत मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के चिल्हाटी, हरदी, सेमराडीह, जैतपुरी, मनवा, खपरी (बेलपान), रहटाटोड़, पचपेड़ी, गोबरी, रैलहा, मनिकचौरी, भटचौड़ा, आमगांव, आमाकोनी, बहतरा, मचहा, डोमगांव, गिधपुरी, खपरी (ओखर), ओखर, ठाकुरदेवा इन गांवों तक शुद्ध पानी पहुंचेगा। शिवनाथ नदी के पास बनने वाले इस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से नदी के पानी का शुद्धिकरण किया जाएगा। जिसे इंटकवेल तक पहुंचाया जाएगा इसके बाद पाइपलाइन के माध्यम से इन गांवों तक यह पानी पहुंचेगा।

एयू के कुलपति, कुलसचिव के खिलाफ छात्र हितों के लिए राज्यपाल से शिकायत

- **छात्र प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से रखी मांग**

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के बड़े राजकीय विश्वविद्यालय अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में व्याप्त भ्रष्टाचार, अधिकारियों के मनमाने पूर्ण रवैए तथा छात्र विरोधी कार्यों की शिकायत छात्र छात्राओं के प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका से राजभवन रायपुर में मुलाकात कर की। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय में प्रभारी कुलसचिव डॉ शैलेंद्र दुबे के होने तथा कुलपति प्रो एडीएन वाजपेई के मिलीभगत और संरक्षण के चलते विश्वविद्यालय के प्रशासनिक, शैक्षणिक तथा वित्तीय कार्यों में लगातार अनियमितता बरती जा रही है।

छात्रों का आरोप है कि कॉमर्स विभाग में प्रोफ़ेसर के पद पर डॉ अतुल दुबे की नियुक्ति जो कि इसके पूर्व श्रीराम कॉलेज (अशासकीय) जबलपुर में पदस्थ थे, यूजीसी रेगुलेशन के अनुसार उनका सकल मासिक वेतन सातवें वेतनमान की आवश्यक पात्रता की पूर्ति नहीं करता है और कुलपति प्रो वाजपेई के सहयोगी रहे साथ ही विश्वविद्यालय कार्यक्रम में सहभागी है। पूर्व में भी ऐसे व्यक्तियों की नियम विरुद्ध भर्ती की गई है, जैसे कुलपति के निज सहायक के पद पर उपेन चंद्राकर को जिसका ऑफिस मैनेजमेंट का प्रमाण पत्र लगाया गया है जो कि राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षा परिषद तथा यूजीसी से मान्यता प्राप्त नहीं है। जिस संस्थान की ऑफ कैंपस कोर्स के आधार पर जारी प्रमाण पत्र की विधिक मान्यता नहीं है और इस विश्वविद्यालय के विरुद्ध लगे 2 केसेस में एमपी हाइकोर्ट में विवि की हार हुई साथ ही फर्जी करार दिया गया है। इसी प्रकार से लाइब्रेरियन के पद पर पदस्थ की गई डॉ शालिनी शुक्ला भी यूजीसी नॉर्म्स अनुसार आयु संबंधी अहर्यता की पूर्ति नहीं करती तथा संचालक शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद के पद पर नियुक्त डॉ प्रमोद तिवारी भी निजी संस्थान में कार्यरत रहे, साथ ही कुलसचिव दुबे के रिश्तेदार भी है।

त्वरित समाधान के निर्देश

राज्यपाल रमेन डेका ने विद्यार्थियों की सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर त्वरित समाधान किया जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए तथा सही पाये जाने पर सक्त कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया है। साथ ही भारत रत्न अटल बिहारी के नाम से स्थापित वि.वि. में उनके अनुरूप अधिकारी, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों मिल के समग्र शिक्षा के विकास के लिए कार्य करना चाहिए।

वन पट्टा की मांगों पर विचार करने विशेष ग्राम सभा 28 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। वन अधिकार पट्टों की मांगों पर विचार करने के लिए जिले में 28 अप्रैल को विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई है। वन मंडल अधिकारी के प्रस्ताव पर कलेक्टर ने अनुमति देते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत/ उनके आश्रित ग्रामों में 28 अप्रैल को ग्राम सभा की तिथि मुकर्रर की है। गौरतलब है कि सुशासन तिहार में अन्य आवेदनों के साथ बड़ी संख्या में वन अधिकार पट्टों से संबंधित मांगें आई हैं।

आतंकी हमले पर सरकार उठाए निर्णायक कदम

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने एक बार फिर भाजपा सरकार की कार्यशैली पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने राज्य में सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सरगुजा से रामानुजगंज तक की सड़कें जनता की उम्मीदों पर पानी फेर रही हैं। सिंहदेव ने कहा, मैंने पहले सरकार को साढ़े 4 अंक दिए थे, लेकिन अब हालात और भी बदतर हो गए हैं, इसलिए अब सिर्फ 4 अंक देता हूं। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन के पीछे जनता की एकमात्र

उम्मीद थी- विकास, लेकिन एक साल बीत जाने के बावजूद सड़कों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे साफ है कि सरकार जमीनी स्तर पर काम करने में विफल रही है। सिंहदेव ने लोरमी में आदिवासी सभा में शामिल होने के दौरान प्रेस को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। पुलगांव में हुए आतंकी हमले को लेकर भी सिंहदेव ने कड़ा बयान दिया। उन्होंने इसे अमानवीय, वीभत्स और निंदनीय करार दिया और कहा कि यह हमला देश में अस्थिरता फैलाने की साजिश है। उन्होंने कहा, भारत को अब आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की रणनीति अपनानी होगी। यह वक्त केवल बयानबाज़ी का नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक कार्रवाई का है। सिंहदेव ने केंद्र सरकार से मांग की कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ टारगेट तय कर अभियान चलाया गया, उसी तरह आतंकवाद के खिलाफ भी स्पष्ट रणनीति बनानी चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान को चेताते हुए कहा कि अगर उसकी जमीन से आतंकी गतिविधियां चलती रहीं, तो उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देश का हर नागरिक आज सेना और सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है।

लूटपाट व छेड़छाड़ मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। चकरभाठा क्षेत्र में लूटपाट व छेड़छाड़ के प्रकरण में फरार एक अन्य आरोपी दीप सलूजा को चकरभाठा पुलिस गिरफ्तार किया है। आरोपी अक्टूबर 2024 से दोनों घटना को अंजाम देकर लगातार फरार था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आरोपी का लोकेशन लेकर रायपुर से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूर्व में अंकित सिंह ठाकुर पिता अजय सिंह ठाकुर उम्र 23 वर्ष निवासी देविका विहार कालोनी राजकिशोर को गिरफ्तार किया जा चुका है।

चकरभाठा पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा जिला बिलासपुर के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को थानों में लंबित पुराने प्रकरणों के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी कर प्रकरण का निराकरण करने के कडे निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार एवं नगर पुलिस अधीक्षक रश्मित कौर चावला के मार्गदर्शन में थाना चकरभांठा के लूटपाट एवं छेडछाड के प्रकरण के फरार आरोपी दीप सलूजा पिता सुनील सलूजा उम्र 20 वर्ष निवासी क्रांति नगर हनुमान मंदिर के पीछे तारबहार के द्वारा अपने साथियों के साथ 2 अक्टूबर के रात्रि में काली ढाबा के पास पीड़िता को अश्लील गाली व मारपीट करने की धमकी देकर छेड़छाड़ किया था। इसी प्रकार आरोपी दीप सलूजा पिता सुनील सलूजा उम्र 20 वर्ष निवासी क्रांति नगर हनुमान मंदिर के पीछे थाना तारबहार के द्वारा अपने साथियों के साथ 2 अक्टूबर को रामावैली गेट के पास प्रार्थी वेदांत शुक्ला निवासी रामावैली के साथ अश्लील गाली व लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था जिस पर आरोपी के विरूद्व थाना चकरभाठा में अपराध कमांक 449/2024 धारा 309(6) 351(4) 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्व कर लगातार आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी।

ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत

रतनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है वही सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार रतनपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 30 गलहोत ढाबा के पास गुरुवार सुबह 8¬30 बजे के आसपास हाइवे के बीच में लगे पेड़ पौधों में पानी डालने का काम करने वाले ग्राम मेलनाडीह निवासी अनीश ध्रुव पिता स्वः जीवन ध्रुव उम्र 23 वर्ष रोज की भाती आज भी सुबह हाइवे के बीच डिवाइडर में लगे पौधों में पानी डाल रहा था, तभी बिलासपुर तरफ से कोरबा की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएक्स 3120 ने सामने से उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे अनीश की मौके पर ही मौत हो गई। वही आसपास के लोगों ने इसकी सूचना रतनपुर पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज ट्रेलर को घटनास्थल में ही छोड़ मौके से फरार ट्रेलर चालक की पता तलाश में जुट गई है।

श्रद्धांजलि पहलगाम आतंकी हमले में मृतकों को सीयू परिवार ने दी श्रद्धांजलि व घायलों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं जताई

पर्यटकों की हत्या अत्यंत दुःखद, विभत्स व अमानवीयः प्रो. चक्रवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) के प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में 23 अप्रैल को सायं 5 बजे कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले 28 पर्यटकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस जघन्य आंतकी हमले में घायल हुए पर्यटकों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की।

श्रद्धांजलि सभा में आभासी माध्यम से जुड़कर विश्वविद्यालय के कुलपति

प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में आतंकवादियों के द्वारा कई पर्यटकों की हत्या कर दी गई एवं अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जो कि अत्यंत दुःखद, विभत्स एवं अमानवीय घटना है, जिससे पूरा भारत देश एवं हमारा विश्वविद्यालय परिवार स्तब्ध है। गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय इस जघन्य आंतकी हमले में शहीद हुए 28 पर्यटकों एवं अन्य घायल हुए लोगों के परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ा हुआ है। हृदय विदारक घटना पर मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि इस निर्मम हत्याकांड से जहां पूरे देश में आक्रोश है। वहीं केन्द्रीय विश्वविद्यालय में भी इस दर्दनाक घटना के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी कायरना हरकत से झुकने वाला नहीं है बल्कि आंतकी ताकतों और उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि आंतकवादियों का नापाक मंसूबे सफल नहीं होंगे।

पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को एकता मंच ने दी श्रद्धांजलि

भाई चारा एकता मंच द्वारा बुधवार की शाम देवकीनंदन चौक, बिलासपुर में पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कैंडल मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिकों और सामाजिक संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सर्व प्रथम खालिद खान ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया।

न्यूज गैलरी

लाल निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स में 242 अंक की गिरावट

मुंबई। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक पिछड़ गए। इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और टाटा मोटर्स लाभ में रहे। सात दिनों की तेजी और एशियाई बाजारों में नरमी के बाद भारतीय बाजार में मुनाफावसूली दिखी। गुरुवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 242.01 अंक गिरकर 79,874.48 अंक पर आ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 72.3 अंक गिरकर 24,256.65 अंक पर आ गया। पिछले सात कारोबारी दिनों में बीएसई बेंचमार्क सूचकांक 6,269.34 अंक या 8.48 प्रतिशत बढ़ा और निफ्टी 1,929.8 अंक या 8.61 प्रतिशत उछला। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक पिछड़ गए। इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और टाटा मोटर्स लाभ में रहे। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक, शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि टोक्यो का निक्केई 225 सकारात्मक क्षेत्र में कारोबार कर रहा था। बुधवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी देखने को मिली। नैस्डैक कंपोजिट में 2.50 प्रतिशत, एसएंडपी 500 में 1.67 प्रतिशत और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.07 प्रतिशत की तेजी आई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.12 प्रतिशत बढ़कर 66.20 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 3,332.93 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी। बुधवार को बीएसई का सूचकांक 520.90 अंक या 0.65 प्रतिशत उछलकर 80,116.49 अंक पर बंद हुआ। यह 18 दिसंबर के बाद का उच्चतम बंद स्तर है। निफ्टी 161.70 अंक या 0.67 प्रतिशत बढ़कर 24,328.95 अंक पर बंद हुआ।

भारतीय बैंकों पर यूएस टैरिफ का सीमित असर

बिजनेस डेस्क। एक वैश्विक रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि अमेरिकी टैरिफ कदमों का भारतीय बैंकों पर सीमित प्रभाव होगा। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस की तरफ से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के विविधीकृत और कम निर्यात के कारण देश के बैंकों पर अमेरिकी टैरिफ कदमों का सीमित प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी पूंजीगत व्यय, मध्यम आय वर्ग के लिए कर कटौती और उपभोग को बढ़ावा देने के लिए मौद्रिक ढील देना अहम फैसला है। ऐसे कारकों के आधार पर ही भारतीय बैंकिंग प्रणाली पर उसका दृष्टिकोण स्थिर बना हुआ है। श्रीलंका के निर्यात विकास बोर्ड का अनुमान है कि 2025 की पहली तिमाही में श्रीलंका के निर्यात में लगभग 6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की जाएगी। बोर्ड ने बुधवार को जारी बयान में कहा, 2025 की पहली तिमाही के दौरान श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय लचीलापन और वृद्धि दिखी है। देश का कुल निर्यात 4,212.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.87 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। मार्च में वस्तु और सेवा दोनों सहित कुल निर्यात 1,507.90 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। निर्यात विकास बोर्ड ने कहा, वर्तमान में मार्च 2024 की तुलना में साल-दर-साल 6.24 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हो रही है। फरवरी 2025 से महीने-दर-महीने 11.76 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि दर्ज की गई है।

टैरिफ से जुड़ी चिंताएं कम होने के साथ ही सोने के प्रीमियम में कुछ कमी देखी गई

सोना एक लाख से नीचे आया, 2400 रुपये टूटकर 99200 रुपये पर पहुंचा भाव

नई दिल्ली। दिल्ली में बुधवार को सोने का भाव ऐतिहासिक एक लाख रुपये के स्तर से नीचे आ गया। सोने की कीमत 2,400 रुपये घटकर 99,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। कमजोर वैश्विक रुख के बीच बुधवार को दिल्ली में सोने का भाव ऐतिहासिक एक लाख रुपये के स्तर से नीचे आ गया। सोने की कीमत 2,400 रुपये घटकर 99,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। इससे पहले, मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,800 रुपए की तेजी के साथ 1,01,600 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। सर्राफा संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 3,400 रुपये की भारी गिरावट के साथ 98,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर आ गया। एक दिन पहले यह सोना सोना 2,800 रुपए उछलकर 1,02,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया था। अबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ÷रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद सोने की कीमतों में सुधार आया, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस टिप्पणी के बाद सुरक्षित निवेश की मांग में नरमी आई कि व्यापार युद्ध के दौरान चीनी वस्तुओं पर लगाए गए भारी शुल्कों को जल्द ही काफी हद तक कम कर दिया जाएगा। इस बीच, बुधवार को चांदी की कीमत 700 रुपये बढ़कर 99,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में चांदी 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहते हुए बंद हुई थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जून डिलीवरी के लिए सोना वायदा 1,435 रुपये या 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 95,905 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले सत्र में यह 99,358 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू गया था। इसके अलावा, अगस्त अनुबंध की कीमत 1,330 रुपये या 1.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 96,669 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि पिछला बंद भाव 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था, जो एमसीएक्स पर इसका ऐतिहासिक उच्च स्तर है। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, सोने की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई। सोने में 3 अप्रैल के बाद से सबसे बड़ी बिकवाली दिखाी। जिससे कारण सोना पहली बार एक लाख के स्तर पर पहुंचने के बाद नीचे आ गया। टैरिफ जुड़ी चिंताएं कम होने के साथ ही सोने के प्रीमियम में कुछ कमी देखी गई। त्रिवेदी ने कहा कि भविष्य में सोने के 94,000-98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच व्यापक दायरे में कारोबार करने की उम्मीद है। इससे बाजार में अत्यधिक अस्थिरता बनी रहने की आशंका है। वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना रिकॉर्ड स्तर से पीछे हटकर 50.37 डॉलर या 1.49 फीसदी की गिरावट के साथ 3,330.99 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। मंगलवार को हाजिर सोना बढ़कर 3,500.33 डॉलर प्रति औंस के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। एशियाई बाजार में हाजिर चांदी 1.19 प्रतिशत बढ़कर 32.90 डॉलर प्रति औंस हो गई।

सरकार की नीतिगत उपायों से उन्नत तकनीकों को अपनाने को बढ़ावा मिलने की उम्मीद

भूमिगत कोयला खनन में तेजी लाने के लिए सरकार ने उठाया बड़ा कदम

नई दिल्ली। भारत के कोयला क्षेत्र को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए, कोयला मंत्रालय ने भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई परिवर्तनकारी नीतिगत उपाय शुरू किए हैं। भूमिगत कोयला ब्लॉकों के परिचालन में तेजी लाने के लिए सरकार ने गुरुवार को अग्रिम भुगतान माफ करने जैसे नए प्रोत्साहनों की घोषणा की। भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने से जुड़ा यह कदम देश के टिकाऊ कोयला उत्पादन अभियान के तहत उठाया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, ÷भारत के कोयला क्षेत्र को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए, कोयला मंत्रालय ने भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई परिवर्तनकारी नीतिगत उपाय शुरू किए हैं।÷ ये सुधार उच्च पूंजी निवेश और लंबी निर्माण अवधि की चुनौतियों का समाधान करते हैं। बयान में कहा गया है, ÷भूमिगत कोयला खदानों के लिए राजस्व हिस्सेदारी का न्यूनतम प्रतिशत चार प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है। इस लक्षित कटौती से पर्याप्त राजकोषीय राहत मिलेगी और भूमिगत परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता बढ़ेगी। भूमिगत खनन उपक्रमों के लिए अनिवार्य अग्रिम भुगतान की आवश्यकता को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। यह उपाय वित्तीय अवरोध को दूर करता है, निजी क्षेत्र से व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करता है और परियोजना के तेजी से क्रियान्वयन की सुविधा प्रदान करता है। इन प्रोत्साहनों को भूमिगत कोयला ब्लॉकों के लिए प्रदर्शन सुरक्षा पर मौजूदा 50 प्रतिशत छूट द्वारा और अधिक संपूरित किया गया है। इससे सामूहिक रूप से प्रवेश सीमा कम हो गई है और परियोजना का सुचारू कार्यान्वयन संभव हो गया है। भूमिगत कोयला खनन अधिक पर्यावरण अनुकूल है, क्योंकि यह ओपनकास्ट खनन की तुलना में सतह पर काफी कम व्यवधान पैदा करता है। सरकार की नीतिगत उपायों से उन्नत तकनीकों को अपनाने को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। लॉन्गवॉल सिस्टम, रिमोट सेंसिंग उपकरण और एआई-आधारित सुरक्षा तंत्र से उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

एपल-मेटा पर यूरोपीय संघ ने की कार्रवाई 50 और 20 करोड़ यूरो का लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। यूरोपीय संघ ने एपल पर 50 करोड़ यूरो और मेटा पर 20 करोड़ यूरो का जुर्माना लगाया है। यूरोपीय संघ (ईयू) के निगरानीकर्ताओं ने बुधवार को एपल पर 50 करोड़ और मेटा पर 20 करोड़ यूरो का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई डिजिटल कारोबार से जुड़े अलग-अलग मामलों में की गई है। 27 देशों के ब्लॉक के डिजिटल प्रतिस्पर्धा नियमों को लागू करना बढ़ाने के बाद यह कदम उठाया गया है। यह जुर्माना ईयू की कार्यकारी शाखा यूरोपीय आयोग ने लगाया है, ताकि यूजरों की सस्ते विकल्पों तक पहुंच और विज्ञापन देखने के उनके चयन को रोका न जा सके।

यूरोपीय आयोग ने एप निर्माताओं को उपयोगकर्ताओं के लिए अपने एप स्टोर के बाहर सस्ते विकल्पों की ओर इशारा करने से रोकने के लिए एपल पर 50 करोड़ यूरो (57.1 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया। इसके अलावा मेटा प्लेटफॉर्म पर 20 करोड़ यूरो का जुर्माना भी लगाया, क्योंकि उसने फेसबुक और इंस्टाग्राम उपयोगकर्ताओं को विज्ञापन देखने या उनसे बचने के लिए भुगतान करने के बीच चयन करने को मजबूर किया। जुर्माने की यह सजा एंटी-ट्रस्ट मामले में कई अरब-यूरो के जुर्माने से कम है। तकनीकी संप्रभुता के लिए यूरोपीय आयोग के कार्यकारी उपाध्यक्ष हेना विर्ककुनेन ने कहा, डिजिटल बाजार अधिनियम यह सुनिश्चित करना चाहता है कि नागरिकों का उनके डाटा के कब और कैसे ऑनलाइन किया जाए, इस बात पर पूरा नियंत्रण हो। उन्होंने कहा, आज के निर्णयों से पता चलता है कि दोनों ने यूजरों से मुफ्त विकल्प छीन लिया है। उन्हें व्यवहार बदलने की जरूरत है। ईयू के डिजिटल बाजार अधिनियम (डीएमए) ने उपभोक्ताओं-व्यवसायों को अधिक विकल्प देने को लेकर कार्रवाई की। यह एक व्यापक नियम पुस्तिका है, जो बिग टेक दिग्गजों को डिजिटल बाजारों पर कब्जा करने से रोकने के लिए मापदंड तैयार करती है। एपल ने आयोग पर आईफोन निर्माता को गलत तरीके से निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसने इस कानून का पालन करने के लिए सैकड़ों हजारों इंजीनियरिंग घंटे खर्च किए हैं और दर्जनों बदलाव किए हैं। मेटा के अधिकारी जोएल कपलान ने कहा, वह आगे अपील करेंगे।

रेपो रेट में कटौती से निजी खपत बढ़ेगी, एमपीसी के दौरान आरबीआई गवर्नर ने की थी टिप्पणी

नई दिल्ली। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली एमपीसी ने नौ अप्रैल को अल्पकालिक उधारी दर यानी रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे छह प्रतिशत कर दिया था। फरवरी में भी इतनी कटौती की गई थी। इससे जुड़े मिनट्स केंद्रीय बैंक ने जारी कर दिए हैं। नीतिगत दरों में कटौती से निजी खपत को बढ़ावा मिलेगा और निजी कॉरपोरेट निवेश में सुधार होगा। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में यह बात कही। इस दौरान मल्होत्रा और एमपीसी के पांच अन्य सदस्यों ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत कटौती के पक्ष में मतदान किया था। गवर्नर मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली एमपीसी ने नौ अप्रैल को अल्पकालिक उधारी दर यानी रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे छह प्रतिशत कर दिया था। फरवरी में भी इतनी कटौती की गई थी। आरबीआई ने बुधवार को एमपीसी बैठक का ब्योरा जारी किया। इसमें कहा गया है, जब उपभोक्ता कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति निर्णायक रूप से चार प्रतिशत के अपने लक्षित स्तर के आसपास है और वृद्धि अभी भी सामान्य है तथा इसमें सुधार हो रहा है, तो ऐसे में मौद्रिक नीति को वृद्धि की गति तेज करने के लिए घरेलू मांग को समर्थन देना चाहिए। मल्होत्रा ने बैठक में कहा कि इससे निजी खपत बढ़ेगी और निजी कॉरपोरेट निवेश में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि वृद्धि-मुद्रास्फीति के उभरते रुझानों को देखते हुए आगे भी मौद्रिक नीति को उदार होना चाहिए। एमपीसी की अगली बैठक चार-छह जून, 2025 को होनी है।

10 लाख रुपये से अधिक की लग्जरी चीजों पर अब चुकाना होगा 1 प्रतिशत टीसीएस

नई दिल्ली। हैंडबैग, कलाई घड़ी, जूते और खेलकूद के कपड़े जैसे 10 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले लग्जरी सामानों पर अब एक प्रतिशत स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) लगेगा। आयकर विभाग ने 22 अप्रैल, 2025 से विलासितापूर्ण वस्तुओं की बिक्री पर 1 प्रतिशत की दर से टीसीएस लगाने से जुड़ी अधिसूचना जारी की है। लग्जरी गुड्स के तहत कौन-कौन सी चीजें अधिसूचित हैं, हैंडबैग, कलाई घड़ी, जूते और खेलकूद के कपड़े जैसे 10 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले लग्जरी सामानों पर अब एक प्रतिशत स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) लगेगा। आयकर विभाग ने 22 अप्रैल, 2025 से विलासितापूर्ण वस्तुओं की बिक्री पर 1 प्रतिशत की दर से टीसीएस लगाने से जुड़ी अधिसूचना जारी की है। यह उन चीजों पर लागू होगा जहां बिक्री का मूल्य 10 लाख रुपये से अधिक होगा। विलासिता से जुड़ी वस्तुओं पर वित्त अधिनियम, 2024 के तहत टीसीएस लगाने का एलान जुलाई 2024 के बजट में किया गया था। टीसीएस का भुगतान करने की जिम्मेदारी विक्रेता पर होती है, जिसे वह ग्राहकों से ही वसूलते हैं। यह टैक्स अधिसूचित वस्तुओं जैसे कलाई घड़ी, कला वस्तुएं जैसे पेंटिंग, मूर्तियां और प्राचीन चीजें, संग्रहणीय चीजें जैसे सिक्के और टिकट, नौका, हेलीकॉप्टर, लग्जरी हैंडबैग, धूप के चश्मे, जूते, उच्च श्रेणी के खेल परिधान व उपकरण, होम थिएटर सिस्टम और रेसिंग या पोलो के घोड़े आदि पर लागू होगा। नांगिया एंडरसन एलएलपी के टैक्स पार्टनर संदीप झुनझुनवाला के अनुसार यह अधिसूचना उच्च मूल्य वाली चीजों की निगरानी बढ़ाने और लग्जरी सामानों से जुड़े खंड में ऑडिट ट्रेल को मजबूत करने की सरकार की मंशा के तहत जारी की गई है। यह कर आधार का विस्तार करने और अधिक वित्तीय पारदर्शिता को बढ़ावा देने के व्यापक नीतिगत उद्देश्य का परिचायक है। उन्होंने बताया कि विक्रेताओं को अब टीसीएस प्रावधानों का समय पर अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। वहीं, अधिसूचित लग्जरी वस्तुओं के खरीदारों को ऐसी चीजें खरीदते समय और अधिक केवाईसी आवश्यकताओं और दस्तावेजीकरण का सामना करना पड़ेगा। झुनझुनवाला ने कहा, ÷हालांकि इस फैसले से लग्जरी सामानों से जुड़े क्षेत्र को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन इस फैसले से बेहतर नियामकीय निगरानी को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

तीन साल में पहली बार मैड्रिड ओपन में उतरेंगे जोकोविच, 100वें टूर खिताब पर रहेगी नजरें

स्पोर्ट्स डेस्क। जोकोविच मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन रहे हैं। उन्होंने 2011, 2016 और 2019 में यहां खिताब जीते हैं। वह 2022 के सेमीफाइनल में अल्कारेज से हार के बाद यहां पहली बार खेलेंगे। पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच तीन साल में पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में उतरेंगे। उनकी निगाह अपने 100वें टूर खिताब पर होगी। जोकोविच को चौथी वरीयता दी गई है और वह उसी हाफ में हैं जिसमें दूसरी वरीयता प्राप्त स्थानीय दर्शकों के चहेते कार्लोस अल्कारेज होंगे। जोकोविच का मैड्रिड ओपन में जीत हार का रिकॉर्ड 30-9 का है। 37 वर्षीय जोकोविच मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन रहे हैं। उन्होंने 2011, 2016 और 2019 में यहां खिताब जीते हैं। वह 2022 के सेमीफाइनल में अल्कारेज से हार के बाद यहां पहली बार खेलेंगे। हाल में म्यूनिख में खिताब जीतने वाले दुनिया के दूसरे नंबर के अलेक्जेंडर ज्वेरेव यहां शीर्ष वरीय होंगे, जबकि तीसरी वरीयता टेलर फ्रिट्ज को दी गई है। बार्सिलोना ओपन के दौरान अल्कारेज अपने दाएं पांव का इलाज करना पड़ा। अल्कारेज को उम्मीद है कि चोट उन्हें मैड्रिड में परेशान नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसा होता है कि जब आप बहुत ज्यादा मैच खेलो और आपको आराम करने के लिए कम दिन मिले।

पदक से चूकीं ओलंपिक पदक विजेता भाकर

स्पोर्ट्स डेस्क। भारत की 20 वर्षीय सिमरप्रीत ने 10 रेपिड फायर सीरीज में 33 हिट लगाए और वह चीन की सुन युजी से सिर्फ एक शॉट पीछे रहीं जिन्होंने इस स्पर्धा में अपना लगातार दूसरा विश्व कप स्वर्ण जीता। भारतीय निशानेबाज सिमरनप्रीत कौर बरार ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक के साथ अपना पहला सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदक जीता, जबकि पेरिस ओलंपिक की दोहरी पदक विजेता मनु भाकर पेरू के लीमा में जारी आईएसएसएफ विश्व कप में सोमवार को चौथे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं। भारत की 20 वर्षीय सिमरनप्रीत ने 10 रेपिड फायर सीरीज में 33 हिट लगाए और वह चीन की सुन युजी से सिर्फ एक शॉट पीछे रहीं जिन्होंने इस स्पर्धा में अपना लगातार दूसरा विश्व कप स्वर्ण जीता।

केएल राहुल ने वॉर्नर-कोहली का रिकॉर्ड तोड़कर रचा इतिहास

लखनऊ। केएल राहुल ने मंगलवार को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में एलएसजी और डीसी के बीच खेले गए मैच में रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया. 42 गेंदों पर नाबाद 57 रनों की मैच जिताऊ पारी खेलने के अलावा राहुल ने मैच में एक अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

वह आईपीएल में सबसे तेज 5000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए. राहुल ने 130 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की और डेविड वार्नर के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 135 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। इसके बाद विराट कोहली (157), एबी डिविलियर्स (161) और शिखर धवन (168) पारियों में आईपीएल में सबसे तेज 5000 रन पूरे करने वाले पांच बल्लेबाजों की सूची में शामिल हैं. उन्होंने प्रिंस यादव की गेंद पर एक रन लेकर यह उपलब्धि हासिल की. केएल राहुल के अर्धशतक ने डीसी को एलएसजी के खिलाफ मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई। आईपीएल में केएल राहुल का प्रदर्शन शानदार रहा है, उन्होंने 130 पारियों में कुल 5006 रन बनाए हैं जिसमें 40 फिफ्टी और 4 सेंचुरी शामिल हैं. आईपीएल 2025 में भी राहुल अच्छा खेल रहे हैं और वो अब तक सात पारियों में 15(5), 77(51), 93*(53), 15(13), 38(32), 28(14) और 57*(42) रन बना चुके हैं. बता दें कि केएल राहुल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी और फिर वो सनराइजर्स हैदराबाद, किंग्स इलेवन पंजाब (पंजाब किंग्स) और लखनऊ के लिए खेल चुके हैं. इस सीजन वो दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं. दिल्ली कैपिटल्स ने 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए करुण नायर को छोड़कर उनके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने टीम की जीत में योगदान देने के लिए बड़ी पारियां खेलीं. अभिषेक पोरेल ने 36 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 51 रन बनाए. और राहुल 42 गेंदों पर नाबाद 57 रन जबकि अक्षर पटेल ने 20 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाए. दोनों बल्लेबाजों के अर्धशतक की बदौलत डीसी ने आठ विकेट से मुकाबला जीत लिया।

रिटायरमेंट से पहले सहायक आयुक्त ने की गड़बड़ी, कर दिए 58 लाख पार

■ आदिवासी बच्चों के हित में जारी पैसों का किया दुरुपयोग

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले में सहायक आयुक्त कल्याण सिंह मसराम ने रिटायरमेंट से ठीक पहले आदिवासी बच्चों के लिए राज्य से प्राप्त बजट में बड़ी सेंध लगाई है। शासन से मिले 58 लाख रूपयों का नियम विरूद्ध चहेते ठेकेदारों को भुगतान कर दिया। इस राशि से ठेकदारों को लाभ पहुंचाने की इतनी जल्दबाजी थी कि एसी मसराम ने राशि के उपयोग के लिए कलेक्टर से भी अनुमोदन नहीं लिया, जबकि नियमतः कलेक्टर से प्रशासकीय स्वीकृति लेनी आवश्यक थी। मार्च महीने और अपने रिटायरमेंट को ध्यान में रखते हुए कल्याण सिंह ने चहेते ठेकेदारों से साठ-गांठ कर इन पैसों का बंदरबाट कर लिया।

बजट के पैसों का बंदरबांट : वित्त वर्ष 2024-25 में जनवरी 2025 को यह राशि शासन से कोषालय भेजी गई थी। इस बंदरबाट में कोषालय अधिकारी की भूमिका भी संदिग्ध है। बताया जा रहा कि, जोशी ने

ये पैसे सीधे सहायक आयुक्त के विभागीय खाते में ट्रांसफर कर दी। इन पैसों के उपयोग के बाद बिल विभाग के जरिये कोषालय में जाते, जिसके बाद उनका भुगतान संबंधित फर्म्स को किया जाता। लेकिन ऐसा न कर सारी राशि आदिवासी विकास शाखा के विभागीय खाते में दे दी गई।

यहां खर्च होनी थी राशि

इस राशि से जिले के आश्रम छात्रावासों में अतिआवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति की जानी थी, जिनमें भंडार, कच्चे माल, गैर कार्यालयीन फर्नीचर, कपड़े और बिस्तर जैसी चीजें शामिल हैं। 58 लाख रूपयों में से एक भी रूपये इन सामानों के लिए खर्च नहीं किया गया। बल्कि चहेते ठेकेदारों द्वारा पहले कराए गए कार्यों का भुगतान कर दिया गया। जो सीधे तौर पर इस राशि का दुरुपयोग है। प्राप्त बजट की नियम के विरूद्ध जमकर बंदरबाट की गई।

ऐसे खर्च किया गया 58 लाख रूपये: सहायक आयुक्त मसराम ने इस राशि का इस्तेमाल पुराने निर्माण कार्यों के भुगतान के लिए कर डाला। दंतेवाड़ा से राजधानी तक के ठेकेदार इस खेल में शामिल हैं। चहेते फर्म को बड़ी राशि कार्य के एवज में भुगतान कर डाला। जबकि इस राशि के व्यय संबंधी निर्देशों में स्पष्ट उल्लेख है कि, अतिआवश्यक सामग्रियों के लिये व्यय किया जाए। विभागीय सूत्रों का दावा है कि, खरीदी के फर्जी बिल लगाकर इस राशि का आहरण किया गया है।

मामले की जांच की जायेगी : कुणाल

इस संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत का कहना है कि, मामले की जानकारी आपके माध्यम से मिल रही है। राशि बच्चों के इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों के लिये थी और यदि इसका व्यय किसी अन्य कार्य में किया गया है तो ये गलत है। सारे मामले की जांच की जाएगी और जांच में जो तथ्य आएंगे उस आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर से नहीं लिया अनुमोदन : इस बजट के इस्तेमाल के लिये कलेक्टर से अनुमोदन लेना अनिवार्य होता है, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

संक्षिप्त खबरें

फरार राजस्व निरीक्षक को एसीबी ने किया गिरफ्तार

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वत मामले में फरार चल रहे गौरेला तहसील के फरार राजस्व निरीक्षक घनश्याम भारद्वाज को गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी की टीम ने रिश्वतखोर आरोपी घनश्याम भारद्वाज को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। गौरेला निवासी शिकायतकर्ता रंजीत राठौर से कृषि भूमि का सीमांकन करने के लिए 50 हजार रुपए की मांग की गई थी। मामले में एसीबी की टीम ने मध्यस्थता कर रहे राजस्व निरीक्षक संतोष कुमार चंद्रसेन को 50 हजार रिश्वत लेते पकड़ा था। दरअसल, राजस्व निरीक्षक के बिना पैसे के काम नहीं करने की वजह से किसान को कई महीने से घूमा रहे थे। थक-हारकर शिकायतकर्ता ने एसीबी से शिकायत की थी। एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी राजस्व निरीक्षक को न्यायालय में पेश किया।

भीषण गर्मी के चलते ट्रांसफार्मर हुआ ब्लास्ट

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अब बढ़ते तापमान के चलते ट्रांसफार्मरों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। शहरों में गर्मी से बचाव के लिए बिजली की खपत बढ़ी है, जिसके चलते विद्युत उपरकरणों में आग लग रहे हैं। दुर्ग में भी ऋषभ अपार्टमेंट में लगा ट्रांसफार्मर ज्यादा लोड बढ़ने से ब्लास्ट हो गया और आग करीब स्थित एक घर तक पहुंच गई। घर में रखी सूखी लकड़ियां जलकर खाक हो गईं। घटना के बाद लोगो में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगड को सूचना दी, जिसके बाद विभागीय टीम वहां पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीमों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आवासीय घरों की तरफ बढ़ रहे आग को भी बढ़ने से पहले बुझा लिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। बीते दिन राजधानी रायपुर के देवेन्द्र नगर में भी ट्रांसफार्मर ब्लास्ट होने से आग भभक उठी थी। हर साल गर्मी का दौर शुरू होते ही ऐसी घटनाओं में वृद्धी देखी जाती है।

दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, जवान की मौत

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले के मुलमुला क्षेत्र में दो बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे सीएएफ जवान सूरज पटेल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चचेरा भाई विक्रम पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया है, इलाज के दौरान उन्हें बिलासपुर रेफर किया गया है। हादसा इतना दर्दनाक था कि छ्रस्न जवान सूरज पटेल के सिर पर गंभीर चोटें और उनकी मौके पर ही घटनास्थल पर मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार, ग्राम पनगांव निवासी छ्रस्न जवान सूरज पटेल छुट्टी पर घर आया हुआ था, तभी मंगलवार 22 अप्रैल को वह अपने चचेरे भाई के साथ ग्राम सिल्ली किसी काम से जा रहा था। दोनों ग्राम मुड़पार के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी बाइक जा भिड़ी।

सास की हत्या करने वाली बहू को आजीवन कारावास

खैरागढ़/नवप्रदेश। सास की हत्या करने वाली बहू को पांच साल बाद अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 24 वर्षीय रूपा साहू ने घरेलू विवाद के चलते अपनी सास बिंदा साहू की लोहे की फूंकनी से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। यह वारदात जुलाई 2020 में हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अदालत में चालान पेश किया था। करीब 5 साल तक चले मुकदमे के बाद अब अदालत ने बहू को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 1000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला खैराग? थाना क्षेत्र के भीमपुरी गांव का है।

खाना बनाने को लेकर हुआ था विवाद

पुलिस जांच में सामने आया कि 16 जुलाई 2020 की रात घर में खाना बनाने को लेकर रूपा और उसकी सास बिंदा के बीच कहासुनी हुई थी। बहस इतनी बढ़ गई कि गुस्से में रूपा ने पास में रखी लोहे की फूंकनी उठाकर सास के सिर पर कई बार वार कर दिया। बिंदा को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खैरागढ़ थाना पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर आरोपी बहू रूपा साहू को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया था।

सीएसपीडीसीएल ने नियामक आयोग में लगाई याचिका

उपभोक्ताओं को लगेगा स्मार्ट मीटर का झटका, सरचार्ज के जरिए होगी वसूली!

■ स्मार्ट मीटर सरचार्ज के नाम पर 367 करोड़ रुपए की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। सुविधा के नाम पर घरों-दफ्तरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर अब ग्राहक पर भारी पड़ने वाले हैं। दरअसल, पावर वितरण कंपनी ने हाल ही में स्मार्ट मीटर सरचार्ज के नाम पर 367 करोड़ रुपए की मांग करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका लगाई है। इस याचिका पर आयोग नए टैरिफ के निर्धारण के दौरान निर्णय लेगा।

11 लाख से अधिक घरेलू कनेक्शन लग चुके

प्रदेश में घरेलू कनेक्शनों में पुराने इलेक्ट्रॉनिक मीटर के बदले स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। अब तक साढ़े 11 लाख से अधिक घरेलू कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। वर्तमान में स्मार्ट मीटर लगाने पर उपभोक्ताओं से किसी भी प्रकार का चार्ज नहीं लिया जा रहा है। बताया गया कि यह निःशुल्क लगेगा, परंतु पिछले दरवाजे से उपभोक्ताओं पर स्मार्ट मीटर लगाने का सरचार्ज वसूलने की तैयारी हो रही है।

367 करोड़ रुपए की मांग

हाल ही में वितरण कंपनी प्रबंधन की ओर से विद्युत नियामक आयोग में रिवाइज पिटिशन दाखिल किया गया है। इसमें स्मार्ट मीटर के नाम पर 367 करोड़ रुपए की मांग करते हुए नए टैरिफ में जोड़ने की बात कही गई है। प्रबंधन ने पूर्व में 4559 करोड़ रुपए का घाटा बताते हुए उसकी भरपाई टैरिफ से करने का आग्रह आयोग से किया था। अब 367 करोड़ रुपए जोड़ने के बाद 4926 करोड़ रुपए का अंतर आ गया है। इसकी भरवाई के लिए बिजली दर बढ़ाने पर सीधा भार उपभोक्ताओं पर आएगा।

स्मार्ट मीटर के प्री पैड होने में कुछ माह और

वर्तमान में जिन उपभोक्ताओं के घरों अथवा दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, उसकी रीडिंग और बिलिंग वर्तमान व्यवस्था के तहत ही हो रही है। प्री पैड व्यवस्था के लिए कुछ माह और इंतजार करना होगा। प्री पैड सिस्टम प्रारंभ करने का निर्णय पावर वितरण कंपनी प्रबंधन को लेना होगा। स्मार्ट मीटर में मोबाइल की तरह उपभोक्ता बैलेंस डालकर बिजली का उपयोग कर सकेंगे। मोर बिजली एप के जरिए रोजाना खपत की जानकारी उपलब्ध रहती है।

याचिका का परीक्षण कर निर्णय : चेयरमैन

विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन हेमन्त वर्मा ने कहा कि वितरण कंपनी द्वारा पिछले दिनों रिवाइज पिटिशन दाखिल की गई है। इसमें स्मार्ट मीटर के सरचार्ज के लिए 367 करोड़ रुपए की मांग की गई है। याचिका का परीक्षण करने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। अभी याचिकाओं पर जनसुनवाई भी होनी है।

सरचार्ज के नाम से यह वसूली

जानकार बताते हैं कि वितरण कंपनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग सीधे स्मार्ट मीटर के नाम से उपभोक्ताओं से भले ही सीधा पैसा नहीं ले, लेकिन सरचार्ज के नाम से यह वसूली हो सकती है। याने सांप भी मर जाएगा, और लाठी भी नहीं टूटेगी। हालांकि, अभी नए टैरिफ के लागू होने में समय है। आयोग में रिक्त दो सदस्यों के पदों पर नियुक्ति के बाद नए टैरिफ को लेकर जनसुनवाई और फिर टैरिफ की घोषणा जून तक होने की संभावना है।

रायपुर में गर्मी ने 10 साल का तोड़ा रिकॉर्ड

भीषण गर्मी का कहर, लू की चेतावनी जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ रही है, जिससे लोगों का दिनचर्या प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों तक राहत मिलने की संभावना न के बराबर जताई है। मंगलवार को रायपुर का तापमान 44।4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो पिछले 10 सालों का सबसे अधिक तापमान रिकॉर्ड किया गया है। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में तेज धूप के कारण लोग घरों में कैद होकर रहने को मजबूर हैं।

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे के लिए प्रदेश के कई जिलों में ग्रीष्म लहर (हीट वेव) चलने की संभावना जताई है। खासकर गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बिलासपुर, रायगढ़, सारंगढ़ बिलाईगढ़, सक्ती, कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायपुर, बलौदा बाज़ार, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव और मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिलों में एक या दो स्थानों पर लू की स्थिति बन सकती है।

छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, रायगढ़, सारंगढ़ बिलाईगढ़, सक्ती, कोरबा, जांजगीर चांपा, रायपुर, बलौदा बाजार, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों के एक दो हिस्सों में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है।

रायपुर का तापमान सबसे अधिक: मौसम विभाग के अनुसार, रायपुर में तापमान 44।4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि पिछले 10 वर्षों में सबसे अधिक है। बिलासपुर, दुर्ग और अन्य प्रमुख शहरों में भी तापमान 43 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है।

मीरा चौक तोड़फोड़ पर गरमाई सियासत

कांग्रेस का चरणबद्ध आंदोलन प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ नगर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान माने जाने वाले मीरा चौक में बिना किसी प्रस्ताव और जनप्रतिनिधियों की जानकारी के नगर पालिका द्वारा की गई तोड़फोड़ अब बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुकी है। मीरा बाई की प्रतिमा को हटाए जाने और चौक के स्वरूप से छेड़छाड़ किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है।

पिछले सप्ताह हुए इस घटनाक्रम के बाद कांग्रेस की ओर से विधायक यशोदा वर्मा के नेतृत्व में तीखा विरोध दर्ज कराया गया। इसके तहत कांग्रेस पार्षदों के साथ विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने एक प्रेस वार्ता कर नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर नियम विरुद्ध कार्य और मीरा बाई जैसी संत कवियित्री का अपमान करने का आरोप लगाया।

प्रेस के माध्यम से दस्तावेज जारी कर यह बताया गया कि, बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के चौक की संरचना बदली गई जो कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके साथ ही प्रशासन की चुप्पी को लेकर भी गहरा असंतोष जताया गया और चरणबद्ध जन आंदोलन की घोषणा की गई।

गूंगी-बहरी बन गई है सरकार - मनराखन देवांगन

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने आरोप लगाया कि, नगर प्रशासन और सत्ताधारी भाजपा की सरकार इस विषय पर गूंगी और बहरी बनी हुई है। जनता की भावनाओं से जुड़े इस मामले में ना तो कोई जांच बैठाई गई और ना ही दोषियों पर कार्रवाई हुई जिससे लोगों में आक्रोश है। मनराखन देवांगन ने स्पष्ट किया है कि, यह सिर्फ राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि जनभावनाओं का अपमान और सांस्कृतिक धरोहर के साथ छेड़छाड़ का मामला है। नगर चौक की सौंदर्यता को वर्षों से संजोए खड़े पेड़ों को हाल ही में नगर प्रशासन द्वारा उखाड़ दिया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। ये पेड़ न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण थे, बल्कि चौक की पहचान का भी हिस्सा थे।

राजधानी एक्सप्रेस से रायपुर लौटेंगे छत्तीसगढ़ के पर्यटक

रायपुर/नवप्रदेश। पहलगाम आतंकी हमले के बाद छत्तीसगढ़ के 64 पर्यटक फंसे थे। सभी को श्रीनगर के होटल में ठहराया गया था। इन पर्यटकों की सुरक्षित वापसी को लेकर राज्य सरकार की ओर से सतत प्रयास किया जा रहा। रायपुर लौटने वाले पर्यटकों की सूची है, जो श्रीनगर से दिल्ली पहुंचेंगे। फिर दिल्ली से सभी राजधानी एक्सप्रेस से रायपुर लौटेंगे। पर्यटकों ने बताया, मंगलवार को पहलगाम जा रहे थे कि इसी बीच आतंकी हमले की जानकारी आई और उन्हें बीच में ही रोक लिया गया और कहा गया कि वहां मत जाइए। हम सभी को वापस श्रीनगर भेजा गया। अब सभी वापस छत्तीसगढ़ लौट रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले के वक्त छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार रामअवतार श्रीनगर में मौजूद थे। उन्होंने बताया कि श्रीनगर में अब हालात सामान्य है। पर्यटकों की श्रीनगर से सड़क मार्ग से वापसी जारी है। सीएम विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के लोगों से बातचीत की है।

सुरक्षा बल के घेरे में हिड़मा समेत कई नक्सली लीडर

मुठभेड़, ऑपरेशन जारी है, बड़ी सफलता मिलेगी : सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया गया है. बीते 32 घंटो से तीन राज्यों (छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र) के 5 हजार से अधिक सुरक्षा बलों ने टॉप नक्सली लीडर हिड़मा, देवा, विकास समेत बड़े कैडर के नक्सलियों को घेर रखा है। लगातार चल रही पुलिस-नक्सल मुठभेड़ में अब तक 5 नक्सली मारे जा चुके हैं।

तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर पर बड़ा

इस मुठभेड़ को लेकर सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि पिछले 15 महीनों से लगातार हमारे सुरक्षा बल के जवान मजबूती के साथ नक्सलवाद से लड़ रहे हैं। अभी तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर पर बड़ा ऑपरेशन चल रहा है। उन्होंने बड़े नक्सली लीडरों के खात्मे को लेकर कहा कि अभी ऑपरेशन जारी है, थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा, बड़ी सफलता मिलेगी। इस कार्रवाई में अब तक 5 नक्सली मारे जा चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक, 5 नक्सलियों का शव और हथियार बरामद कर लिया गया है। मुठभेड़ अभी भी जारी है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह संख्या बढ़ने की पूरी संभावना है ।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह से करीब 5 हजार से अधिक की संख्या में नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों ने माओवादी संगठन के बटालियन नंबर-1 के नक्सलियों को घेर रखा है। लगातार दोनों ओर से गोलीबारी जारी है। यह मुठभेड़ करेंगट्टा, नडपल्ली, पुजारी कांकेर की पहाड़ी पर 30 घंटे से जारी है। इस मुठभेड़ में छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र के जवानों ने मोर्चा संभाला है. अब तक 100 से अधिक आईईडी मिलने की बात सामने आई है, जिन्हें जवानों को निशाना बनाने के मकसद से बिछाया गया था।

जवानों के घेरे में कई बड़े नक्सली लीडर

इस इलाके में नक्सलियों की बटालियन नंबर 1, 2, समेत अन्य कंपनियां सक्रिय हैं. बताया जा रहा है कि मौके पर 100 से अधिक संख्या में नक्सली मौजूद हैं. टॉप नक्सली लीडर हिड़मा, देवा, विकास समेत आंध्र-तेलंगाना-महाराष्ट्र के सेंट्रल कमेटी,दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी डिविजनल कमेटी मेंबर एरिया कमेटी मेंबर, संगठन सचिव जैसे बड़े कैडर्स के नक्सली भी यहां मौजूद हैं ।

अवैध प्लाटिंग पर लगाम | **प्लाटिंग एरिया में पहले से सड़क की लंबाई-चौड़ाई भी तय की जाएगी**

निर्माण की देनी होगी पूरी जानकारी, बाउंड्रीवाल के साथ बोर्ड लगाना अनिवार्य

रायपुर/नवप्रदेश। अवैध प्लॉटिंग को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार नए और सख्त नियम बनाने जा रही है। प्रस्ताव के अनुसार, अब बिल्डर या कॉलोनाइजर प्लाटिंग की अनुमति के लिए पहले से ही बताना होगा कि किस हिस्से में कौन सा निर्माण होगा। यही नहीं बाउंड्रीवॉल बनाकर बाकायदा इसकी जानकारी के लिए बोर्ड भी लगाना होगा। इसके साथ हर प्लाटिंग एरिया में पहले से सड़क की लंबाई-चौड़ाई भी तय की जाएगी, जिससे प्लाटिंग के बाद रोड रास्ते की जमीन नहीं बेचा जा सके।

दरअसल, राज्य सरकार को मिलने वाली ज्यादातर शिकायतों में लोगों का दावा रहता है कि बिल्डर

या कॉलोनाइजर ने उन्हें रोड रास्ते की जमीन बेच दी है, या फिर प्लॉटिंग करने वाले जहां क्लब, गार्डन या सामुदायिक भवन बनाने का वादा किया था उस जमीन को भी दूसरे लोगों को बेच दिया। इस वजह से जमीन फर्जीवाड़े की मी शिकायतें भी बढ़ने लगी थी। यही वजह है कि आवास एवं पर्यावरण विभाग के में अफसरों ने लगातार छह महीने तक इन नियमों को लेकर काम किया। इसके बाद ती ही नए नियम और आवेदन का प्रारूप तैयार किया गया। जल्द कैबिनेट में रखेंगे।

अब तक यह होता था: प्लाटिंग करने वाले प्लॉट की कटिंग कर बेच रहे हैं। प्लाटिंग एरिया में गार्डन, क्लब, स्वीमिंग पूल समेत कई निर्माण बताते हैं, पर बाद में उसी जमीन पर दूसरे काम करवा लेते हैं। या इस खाली जमीन को भी लोगों को बेच देते हैं। सड़क की चौड़ाई कम कर रोड-रास्ते की जगह भी लोगों को बेच देते हैं। इससे अक्सर विवाद की स्थिति बनती है। निगम वाले कार्रवाई भी कर देते, जिससे प्लॉट लेने वाला सबसे ज्यादा परेशान होता है। अधिकतर बार एक एकड़ से भी कम जमीन पर प्लॉटिंग कर दी जाती है।

बदलाव से कॉलोनाइजर को लाभ

नया प्रारूप लागू होने पर कॉलोनाइजर को सीधा फायदा होगा। वैसे इसमें प्रावधान रहेगा कि टाउन एंड प्लानिंग विभाग से नक्शा पास कराने के लिए कोई बिल्डर या कॉलोनाइजर गलत जानकारी देता है तो उस पर एफआईआर भी कराई जा सकती है। बिल्डर को नक्शे में बताना होगा कि उसने किस काम के लिए कौन सी जमीन कहां छोड़ी है। इसके फोटो भी जमा करने होंगे। आवेदन आने के बाद विभाग के अफसर इसका भौतिक सत्यापन भी करेंगे। किसी भी तरह की गड़बड़ी मिली तो कॉलोनाइजर का नक्शा पास नहीं किया जाएगा। नक्शा पास कराने के बाद तय निर्माण में गड़बड़ी की जाती है और इसकी शिकायत रेरा में की जाती है। रेरा ऐसे बिल्डरों के प्रोजेक्ट की खरीदी-बिक्री में बैन लगा सकते हैं।

नियमों के संशोधन के बाद अब ये होगा

करीब ढाई दशक के बाद आवास एवं पर्यावरण विभाग ने नियमों में संशोधन किया है। अब कोई भी व्यक्ति, बिल्डर या कॉलोनाइजर प्लाटिंग करेगा तो उसे सभी निर्माण के लिए बाउंड्रीवॉल के साथ जमीन छोड़नी होगी। प्लाटिंग कितने एरिया में होगी यह भी तय रहेगा। सड़क की लंबाई-चौड़ाई भी पहले से तय रहेगी। इससे लोगों को पता चलेगा कि वे जहां प्लॉट खरीद रहे हैं वहां किस तरह के निर्माण किस दिशा में होंगे। इसके अलावा प्लॉटिंग एरिया में कृषि जमीन शामिल होगी तो उसे भी कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार शुल्क लेकर आवासीय कर दिया

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com